

झारखण्ड का अपना दैनिक

# झारखण्ड उजाला

सच आप तक





रांची, शुक्रवार, 07 अगस्त 2026 | पृष्ठ - 12 | मूल्य - 2 रूपये | रांची संस्करण | वर्ष- 06 | अंक -52 | RNI No. JHAHIN/2021/82144 | www.jharkhandujala.com

# मोदी कैबिनेट : कम्प्रेस्ड बायोगैस के लिए राष्ट्रीय एकीकृत योजना 'गोबरधन' को मिली मंजूरी

**एजेंसी**



**नयी दिल्ली।** कैबिनेट ने गुरुवार को देश में बायोगैस उत्पादन को बढ़ावा देने के मकसद से 23,731 करोड़ रुपये की लागत वाली एक एकीकृत सर्कुलर बायो-एनर्जी योजना को मंजूरी दी. सूचना और प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने एक ब्रीफिंग में कहा कि गोवर्धन योजना 2026-27 से 2035-36 तक लागू की जाएगी और यह कंप्रेस्ड बायोगैस को भारत के भविष्य के एनर्जी मिक्स का एक अहम हिस्सा बनाएगी. एक सरकारी विज्ञप्ति के अनुसार, इस योजना का मकसद देश में बड़ी मात्रा में मौजूद कृषि अवशेषों, पशुओं के गोबर, प्रेस मड, नगरपालिका के जैविक कचरे और अन्य बायोमास संसाधनों को स्वच्छ ईंधन, जैविक खाद, ग्रामीण आय और राष्ट्रीय आर्थिक मूल्य में बदलना है. इसमें आगे कहा गया कि पक्की मांग, अच्छी और स्थिर कीमतों, पूंजीगत सहायता, पाइपलाइन इंफ्रास्ट्रक्चर, क्रेडिट सपोर्ट और टेक्नोलॉजी डेवलपमेंट के जरिए, गोवर्धन योजना भारत के कंप्रेस्ड बायोगैस (सीबीजी) सेक्टर को राष्ट्रीय स्तर पर ले जाने के लिए जरूरी एक मजबूत और भरोसेमंद ढांचा प्रदान करेगी.

सरकार का स्पष्ट दृष्टिकोण -भारत का अपशिष्ट भारत के विकास का आधार बनेगा. भारत के गांव स्वच्छ ऊर्जा उत्पादन के केंद्र बनेंगे.भारत के किसान राष्ट्र की ऊर्जा सुरक्षा में भागीदार बनेंगे. राष्ट्रीय स्तर पर सुदृढ़ आधार- पिछले कई वर्षों में, भारत सरकार ने सतत वैकल्पिक परिवहन पहल, जैविक खाद के लिए बाजार विकास सहायता योजना, बायोमास एकत्रीकरण मशीनरी योजना, पाइपलाइन अवसंरचना विकास योजना और राष्ट्रीय जैव ऊर्जा कार्यक्रम के तहत जैविक खाद संयंत्रों के लिए केंद्रीय वित्तीय सहायता के माध्यम से जैविक खाद क्षेत्र की नींव को व्यवस्थित रूप से मजबूत किया है. इन पहलों के माध्यम से 200 से अधिक जैविक खाद संयंत्रों की स्थापना हुई है, उत्पादन और उपयोग प्रणालियां स्थापित हुई हैं, जैविक खाद मूल्य श्रृंखला मजबूत हुई है और विभिन्न स्रोतों और भौगोलिक क्षेत्रों में जैविक खाद की क्षमता प्रदर्शित हुई है. गोबर्धन अब इस प्रगति को अगले स्तर पर ले जा रहा है. पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय द्वारा प्रशासित यह योजना, संपूर्ण सीबीजी मूल्य श्रृंखला में एक एकीकृत मंच का निर्माण करती है. इससे त्वरित कार्यान्वयन, बेहतर परियोजना आर्थिक स्थिति और निवेशकों, ऋणदाताओं और विकासकर्ताओं के लिए अधिक निश्चितता सुनिश्चित होगी.

# झारखंड विधानसभा मॉनसून सत्र का आगाज, जनहित मुद्दों पर होगी बहस : रवींद्र नाथ महतो

**झारखण्ड उजाला संवाददाता**

**रांची।** झारखंड विधानसभा मॉनसून सत्र गुरुवार से शुरू हो गया. सत्र की शुरूआत में विधानसभा अध्यक्ष रवींद्र नाथ महतो ने सभी विधायकों का स्वागत किया और उम्मीद जताई कि सदन की कार्यवाही शांतिपूर्ण, गरिमापूर्ण और जनहित में होगी. अध्यक्ष ने कहा कि विधानसभा का मुख्य काम कानून बनाना, सरकार के कामकाज की समीक्षा करना और जनता के प्रति सरकार की जवाबदेही तय करना है. उन्होंने कहा कि इस सत्र में वित्तीय वर्ष 2026-27 का पहला अनुपूरक बजट पेश किया जाएगा. उन्होंने बताया कि सत्र के चार दिन प्रश्नकाल के लिए तय किए गए हैं, ताकि विधायक सरकार से जनता से जुड़े सवाल पूछ सकें. वहीं 12 अगस्त को गैर-सरकारी सदस्यों के कार्यों के लिए रखा गया है. इस दिन विधायक अपने निजी विधेयक और जनहित के प्रस्ताव सदन में रख सकेंगे. रवींद्र नाथ महतो ने कहा कि पीआरएस की रिपोर्ट के अनुसार वर्ष 2025 में देश की विधानसभाओं की औसत बैठक 24 दिन चली थी, जबकि झारखंड विधानसभा 31 दिन तक चली. उन्होंने सभी विधायकों से इस अच्छी परंपरा को आगे भी बनाए रखने की अपील की. अध्यक्ष ने कहा कि आज विज्ञान, तकनीक, जलवायु परिवर्तन और आर्थिक चुनौतियों के कारण नई परिस्थितियां बन रही हैं. ऐसे समय में झारखंड के विकास, रोजगार, शिक्षा, स्वास्थ्य, कृषि और जनकल्याण जैसे मुद्दों पर गंभीर चर्चा जरूरी है. उन्होंने कहा कि लोकतंत्र केवल बहुमत से नहीं चलता, बल्कि संवाद, सहमति और एक-दूसरे के विचारों के सम्मान से मजबूत होता है. सत्र के संचालन के लिए अध्यक्ष ने सभापति मंडल का भी गठन किया. इसमें हेमलाल मुर्मू, चंद्रेश्वर प्रसाद सिंह, नीरल पूर्ति, रामचंद्र सिंह और डॉ. नीरा यादव को शामिल किया गया है. इसके अलावा कार्य मंत्रणा समिति का भी गठन किया गया. इस समिति में अध्यक्ष रवींद्र नाथ महतो, मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन, संसदीय कार्य मंत्री राधाकृष्ण किशोर, नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी, प्रदीप यादव, नीरल पूर्ति, अरूप चटर्जी और विशेष आमंत्रित सदस्य के रूप में दीपक बिरवा समेत अन्य सदस्य शामिल हैं. इस पांच दिवसीय मॉनसून सत्र में राज्य के कई अहम मुद्दों, अनुपूरक बजट और जनहित से जुड़े विषयों पर चर्चा होने की उम्मीद है.



### झारखंड विधानसभा का मानसून सत्र शुरू, पहले दिन हुई कार्यमंत्रणा समिति की बैठक

मानसून सत्र के पहले दिन संक्षिप्त कार्य अवधि होने के बाद विधानसभाध्यक्ष रबीन्द्रनाथ महतो के कक्ष में कार्य मंत्रणा समिति की बैठक हुई. इस बैठक में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन, नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी, संसदीय कार्य मंत्री राधाकृष्ण किशोर मौजूद थे. कार्यमंत्रणा समिति की बैठक में मानसून सत्र के कार्य अवधि संक्षिप्त होने के कारण राज्य के ज्वलंत मुद्दों पर यदि आवश्यकता पड़ी तो वाद विवाद का समय एक-दो घंटे बढ़ाने का निर्णय लिया गया. संसदीय कार्य मंत्री राधाकृष्ण किशोर ने कार्य मंत्रणा समिति की बैठक में हुए निर्णय की जानकारी देते हुए कहा कि कल सदन में पहला अनुपूरक बजट पेश किया जाएगा, जिस पर 2 घंटे का वाद विवाद का समय निर्धारित है.

## सीएम ने अग्निशमन के कुल 58 आधुनिक वाहनों को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

# वर्तमान समय में आधुनिक फायर सेफ्टी सिस्टम अत्यंत जरूरी : हेमंत सोरेन

**झारखण्ड उजाला संवाददाता**

**रांची।** आज का दिन झारखंड के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण और गौरवपूर्ण अवसर है। झारखंड अग्निशमन सेवा के बेड़े में 58 आधुनिक मिनी वाटर टेंडर विद मिस्ट टेक्नोलॉजी का लोकार्पण राज्य की अग्नि सुरक्षा एवं आपदा प्रतिक्रिया व्यवस्था को आधुनिक, सुदृढ़ और प्रभावी बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम साबित होगी। आग की घटना में प्रत्येक क्षण अत्यंत महत्वपूर्ण होता है। अग्निशमन दल जितनी शीघ्रता से घटनास्थल पर पहुंचकर कार्रवाई प्रारंभ करता है, उतनी ही अधिक संभावना मानव जीवन और संपत्ति को बचाने की होती है। झारखंड के शहरी क्षेत्र की संकरी गलियों, घनी आबादी वाले इलाकों तथा ग्रामीण एवं दूरस्थ क्षेत्र की परिस्थितियों को ध्यान में रखते हुए यह आधुनिक एवं कंपैक्ट मिनी वाटर टेंडर त्वरित अग्निशमन प्रतिक्रिया में अत्यंत उपयोगी एवं सहायक सिद्ध होंगे। उक्त बातें मुख्यमंत्री श्री हेमन्त सोरेन ने आज केंद्रीय प्रशिक्षण संस्थान, गृह रक्षा वाहिनी, धुर्वा रांची में आयोजित झारखंड अग्निशमन सेवा के आधुनिकीकरण की दिशा में 58 नए अग्निशमन वाहनों का लोकार्पण कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कही। इस अवसर पर विधायक कल्पना सोरेन भी उपस्थित रहीं।



### वर्तमान समय में आधुनिक फायर सेफ्टी सिस्टम अत्यंत जरूरी

मुख्यमंत्री ने कहा कि गुरुवार को 58 मिनी वाटर टेंडर विद मिस टेक्नोलॉजी का लोकार्पण हो रहा है। जैसा आप सभी जानते हैं कि वर्तमान परिस्थिति में फायर सेफ्टी कितनी जरूरी है। हमारी सरकार का प्रयास है कि राज्य में फायर सर्विसेज को आधुनिक और सुदृढ़ की जाए, अभी यहां पर हम सभी को आग लगने से संबंधित एक छोटा सा डेमो दिखाया गया कि आग लगी की घटनाएं कैसी होती हैं और इससे कैसे काबू किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि कभी-कभी लोग स्थानीय स्तर पर आग लगने की घटनाओं से निपटने के लिए अपने तरीके से उपाय निकलते हैं और कई बार उपाय लगाते-लगाते भारी नुकसान भी हो जाता है। उन्होंने कहा कि आजकल शहरों एवं सुदूर ग्रामीण क्षेत्रों में जिस प्रकार की बसावटें हैं जहां आग की घटनाओं पर क्विक रिस्पांस सिस्टम स्थापित कर पाना बड़ी चुनौती है। आगलगी की घटनाओं पर आग बुझाने की प्रक्रिया कई तरीकों से की जाती है। उन्होंने कहा कि आज का यह लोकार्पण केवल 58 वाहनों को अग्निशमन सेवा में शामिल करने का कार्यक्रम नहीं है बल्कि यह झारखंड सरकार की नागरिकों के जीवन, संपत्ति और सुरक्षा के लिए प्रतिबद्धता का प्रतीक है।

### अब दूर-दराज क्षेत्रों तक पहुंचेगी अग्निशमन सेवाएं

मुख्यमंत्री ने कहा कि आज यहां इस लोकार्पण कार्यक्रम में एक छोटा सा स्टॉल भी लगा हुआ है जहां पर विभिन्न तरीके के अग्निशमन से जुड़ी वस्तुएं रखी गई है। जिन संकरी क्षेत्रों में फायर ब्रिगेड की बड़ी गाड़ियां नहीं जा पा पाती है उन जगहों में भी अब आधुनिक फायर सर्विस की गाड़ियां पहुंचेंगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि कई तरीके के आग लगने की संभावनाएं होती हैं। कहीं पर गैस सिलेंडर के फटने से आग लगती है। कहीं बिजली के शॉर्ट सर्किट से आग लगती है। कई अलग-अलग तरीके से आग लगने की घटनाएं होती हैं। घर से लेकर के बड़े व्यवसायिक प्रतिष्ठान भी कभी-कभी ऐसी घटनाओं के चपेट में आ जाते हैं। उन्होंने कहा कि मिस्ट टेक्नोलॉजी के माध्यम से आग पर प्रभावी नियंत्रण स्थापित करने तथा जल संसाधन के दक्ष उपयोग में सहायता मिलेगी। इससे हमारी फर्स्ट रिस्पांस क्षमता और मजबूत होगी तथा आपातकालीन परिस्थितियों में नागरिकों को शीघ्र सुरक्षा प्रदान करने में सहायता मिलेगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि निश्चित रूप से आज आम नागरिकों की सुरक्षा के लिए एक और बड़ा कड़ी जोड़ा गया है। मेरी ओर से आपसभी को बहुत-बहुत शुभकामनाएं।

इस अवसर पर राज्य के मुख्य सचिव अविनाश कुमार, अपर मुख्य सचिव, गृह विभाग वंदना दादेल, डीजी, फायर सर्विसेज एमएस भाटिया, डीजीपी तदाशा मिश्रा सहित पुलिस विभाग के वरीय अधिकारीगण उपस्थित थे।

## आज का विचार

झारखण्ड उजाला



पीयूष शर्मा

वर्तमान में छात्रों के पास डिजिटल मीडिया का प्लेटफार्म है। जो हमें डिजिटल मीडिया से संबंधित काफी नॉलेज तो देता ही है साथ ही साथ इनकम का एक अच्छा स्रोत है। वही अकने आकर उसे और अट्रैक्टिव कर दिया है।

## सर्राफा

सोना (बिक्री) : 1,33,700

चांदी (प्रति किलो) : 2,36,000

(नोट: सोना 22 कैरेट कीमत प्रति 10 ग्राम)

## शेयर बाजार

सेंसेक्स :- 78,954.76

निफ्टी :- 24,636.00

## मौसम

अधिकतम तापमान : 28 °

न्यूनतम तापमान : 22 °

## सूर्योदय/सूर्यास्त

प्रातः :- 05:22

संध्या :- 18:27

## आज का इतिहास

आज ही के दिन सन 1296 को अलाउद्दीन खिलजी ने खुद को दिल्ली का सुल्तान घोषित किया था।

## संक्षिप्त समाचार

### डब्ल्यूईकेएएफ वर्ल्ड अर्निस गेम्स: भारत बना चैंपियन, झारखंड के खिलाड़ियों ने जीते 6 पदक

रांची। नई दिल्ली के तालकटोरा स्टेडियम में 1 से 4 अगस्त तक अर्निस गेम्स खेला गया. यह 18वें डब्ल्यूईकेएएफ वर्ल्ड अर्निस गेम्स था. जिसमें भारतीय टीम ने शानदार प्रदर्शन किया और चैंपियन ट्रॉफी अपने नाम कर ली. भारत ने अर्निस के जन्मदाता और राष्ट्रीय खेल वाले देश फिलीपींस को पीछे छोड़ते हुए यह ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल की. भारतीय टीम की इस सफलता में झारखंड के खिलाड़ियों की अहम भूमिका रही. सिफू बिस्वजीत के नेतृत्व में राज्य के खिलाड़ियों ने भारतीय टीम का प्रतिनिधित्व किया. भारत को कुल 6 पदक दिलाए जिसमें 1 स्वर्ण, 3 रजत और 2 कांस्य पदक शामिल हैं. अर्निस गेम्स में अरहान आलम ने स्वर्ण पदक दिलाए, लखन उरांव, कुमकुम और ईशान भगत ने रजत दिलाए. वहीं, आरीत उरांव और अध्विक उरांव ने कांस्य पदक अपने नाम किए. इस सफलता पर ऑल इंडिया अर्निस के सचिव एजाज भाट, झारखंड अर्निस संस्था के अध्यक्ष तौहीद आलम, वरुण कुमार समेत संस्था के पदाधिकारियों, अभिभावकों और खेल प्रेमियों ने खिलाड़ियों को बधाई दिये.

### पलामू में अंधविश्वास में हत्या, चाचा-चाची और भाई समेत पांच गिरफ्तार

पलामू। जिला में उंटारी रोड थाना क्षेत्र के लकड़ही टोला में बुधवार की रात अंधविश्वास में चनका रजवार नामक व्यक्ति की टांगी से काटकर हत्या कर दी गई. हत्या का आरोप चनका रजवार के चाचा, चाची, चेचेरे भाई एवं अन्य रिश्तेदारों पर लगा. पुलिस ने पूरे मामले में कार्रवाई करते हुए चनका रजवार के चाचा प्रभु रजवार, चाची झुबली देवी, चचेरा भाई विमलेश रजवार, अन्य रिश्तेदार गुड्डन रजवार और सीताराम रजवार को गिरफ्तार कर लिया है. दरअसल, 2 जुलाई को प्रभु रोजगार की आठ वर्षीय बेटी की मौत हो गई. प्रभु रजवार बेटी के मौत के बाद इसके भगत के पास देवास (झाड़ फूंक की एक प्रक्रिया) कराने गया.










खेल प्रतिभाओं को मिलेगा आधुनिक स्टेडियम

# ग्रामसभा की ऐतिहासिक मुहर, पुरबडीह में प्रखंड स्तरीय स्टेडियम निर्माण का रास्ता साफ

**झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।**

**वन विभाग से एनओसी मिलते ही शुरू होगा निर्माण कार्य,**




**रामगढ़/गोला।** पुरबडीह पंचायत भवन में आयोजित ग्रामसभा में वर्षों से लंबित प्रखंड स्तरीय स्टेडियम निर्माण के लिए सर्वसम्मति से प्रस्ताव पारित कर दिया गया। इसके साथ ही स्टेडियम निर्माण की दिशा में सबसे बड़ी प्रशासनिक प्रक्रिया पूरी हो गई है। अब वन विभाग से अनापत्ति प्रमाण पत्र (एनओसी) मिलते ही निर्माण कार्य प्रारंभ होने का मार्ग लगभग पूरी तरह साफ हो जाएगा। ग्रामसभा की अध्यक्षता मुखिया अलका महतो ने की, जबकि जिला परिषद सदस्य जलेश्वर महतो संरक्षक के रूप में मौजूद रहे। बैठक में उपस्थित ग्रामीणों ने एक स्वर में स्टेडियम निर्माण का समर्थन करते हुए इसे क्षेत्र के युवाओं के भविष्य से जुड़ा ऐतिहासिक निर्णय बताया। ग्रामीणों ने कहा कि पुरबडीह का खेल मैदान वर्षों से खेल प्रतिभाओं की पहचान रहा है। इसी मैदान में अभ्यास कर आसपास के क्षेत्रों के 100 से अधिक युवा पुलिस एवं विभिन्न सरकारी विभागों में अपनी सेवाएं दे रहे हैं। स्टेडियम बनने के बाद खिलाड़ियों को आधुनिक खेल सुविधाएं उपलब्ध होंगी, जिससे आने वाले समय में और अधिक प्रतिभाएं राज्य एवं राष्ट्रीय स्तर पर अपनी पहचान बना सकेंगी। यह स्टेडियम पूरे प्रखंड के लिए खेल गतिविधियों का प्रमुख केंद्र बनेगा और क्षेत्र को नई पहचान दिलाएगा। बताया गया कि इस महत्वाकांक्षी योजना को साकार करने के लिए स्थानीय विधायक ममता देवी लंबे समय से प्रयासरत थीं। ग्रामसभा से प्रस्ताव सर्वसम्मति से पारित होने के बाद अब ग्रामीणों में स्टेडियम निर्माण को लेकर उत्साह और उम्मीद दोनों बढ़ गई हैं। बैठक में बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने भाग लेकर इस ऐतिहासिक निर्णय का समर्थन किया।ग्रामसभा के अंत में सर्वसम्मति से प्रस्ताव पारित कर वन विभाग से शीघ्र एनओसी जारी करने की मांग की गई, ताकि बहुप्रतीक्षित प्रखंड स्तरीय स्टेडियम का निर्माण कार्य जल्द शुरू हो सके और क्षेत्र के खिलाड़ियों को आधुनिक खेल सुविधाओं का लाभ मिल सके। बैठक में अंचल निरीक्षक (सीआई), अमीन जोगेश्वर महतो, वन विभाग के वन कर्मी मनीष कुमार, सीपीसी कॉलेज के प्राचार्य संजय कुमार महतो, महावीर महतो, देवचरण महतो ,सहायक संजीत कुमार, बेबी कुमारी, नीलांबर महली (पूर्व शिक्षक), बुधनी देवी (अध्यक्ष, वन संरक्षण समिति), कैलाश महतो (सचिव, वन संरक्षण समिति), सचिन राम, सतेंद्र महतो, लाजू महतो, प्रशांत राम, पर्वत राम रविदास, विशाल कुंजलाल राम कुमार, राहुल कुमार, अजीत करमाली, पंचायत सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

## जियो-बीपी आलिया फ्यूल्स का शुभारंभ मंत्री इरफान अंसारी ने किया

**झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।**

**पतरातू:** खैरा मांझी रोड स्थित सांकुल में गुरुवार को जियो-बीपी आलिया फ्यूल्स का उद्घाटन झारखंड सरकार के स्वास्थ्य मंत्री डॉ. इरफान अंसारी ने फीता काटकर किया। इस अवसर पर रिलायंस बीपी मोबिलिटी लिमिटेड के स्टेट हेड सुरजीत आचार्य सहित बड़कागांव विधायक रोशन लाल चौधरी, रामगढ़ विधायक ममता देवी, पूर्व विधायक अंबा प्रसाद, सांसद प्रतिनिधि राधेश्याम अग्रवाल, जिला परिषद सदस्य राजा राम परिजापति समेत कई जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।मौके पर अतिथियों ने कहा कि इस आधुनिक पेट्रोल पंप के शुरू होने से क्षेत्र के लोगों को गुणवत्तापूर्ण ईंधन के साथ बेहतर ग्राहक सेवाएं मिलेंगी तथा स्थानीय स्तर पर रोजगार और व्यावसायिक गतिविधियों को भी बढ़ावा मिलेगा। कार्यक्रम के अंत में सोनी खान एवं परिवार (एम/एस आलिया फ्यूल्स) ने सभी अतिथियों एवं उपस्थित लोगों का आभार व्यक्त किया।मौके पर राधेश्याम अग्रवाल, राजाराम प्रजापति, अनिल राय, मुखिया किशोर कुमार महतो, अनिल राय, मो एकलाख, मुन्ना खान, आसिफ खान, सोनू खान, तोहिद हुसैन, मुकेश कुमार, अजिताभ आलम, श्रीकांत प्रसाद, मो शमशेर, सिक्कू सिंह, कौशल साहू, विजय सिंह, लक्ष्मण सोनी, महेश प्रसाद, गौतम सिंह, भुनेश्वर सिंह, पूर्व जिला परिषद प्रतिनिधि मिस्त्री रंजीत साहू, राजेंद्र गिरी, सरजाना खातून, डॉ. मनोज कुमार गुप्ता, शक्ति सिंह, बैजनाथ राय, सुधीर कुमार, प्रकाश चौबे, जयप्रकाश सिंह, राकेश पांडे, संतोष यादव, अरुण साव, सरस्वती देवी, मुमताज अंसारी, वाहिद अंसारी, राजेश साव, सीताराम महतो, रणजीत सिंह समेत बड़ी संख्या में आसपास के ग्रामीण उपस्थित थे।

## चट्टी बाजार स्थित मारवाड़ी धर्मशाला में सुबह 10 से रात 8 बजे तक सजेगा मेला, एंट्री बिल्कुल मुफ्त

**झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।**

**9 अगस्त को सजने जा रहा है रोटरी क्लब का भव्य ₹सावन सृजन एग्जीबिशन 2026 तैयारियां पूरी:**




**रामगढ़ ।**रामगढ़वासियों के लिए खुशखबरी है! सावन के इस पावन महीने को और अधिक उत्सवमयी बनाने के लिए रोटरी क्लब रामगढ़ सिटी (डिस्ट्रिक्ट 3250) लेकर आ रहा है साल का सबसे बड़ा और शानदार मेला। आगामी 9 अगस्त 2026 (रविवार) को चट्टी बाजार स्थित श्री सत्यनारायण मारवाड़ी धर्मशाला में एक दिवसीय भव्य ₹सावन सृजन एग्जीबिशन 2026₹ का आयोजन होने जा रहा है।इस भव्य प्रदर्शनी का उद्घाटन मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित पूर्व विधायक श्रीमती ममता देवी द्वारा किया जाएगा। मेले का मुख्य उद्देश्य स्थानीय कला, महिला उद्यमियों को एक सुदृढ़ मंच प्रदान कर उन्हें बढ़ावा देना है, जो रोटरी के मूल ध्येय क्रिएट लास्टिंग इम्पैक्ट (स्थायी प्रभाव बनाएं) को धरातल पर उतारेगा।सभी तैयारियां पूरी, प्रवेश पूरी तरह निःशुल्क ।क्लब की सचिव (Secretary) रॉ. सुमन चौधरी ने संयुक्त रूप से बताया कि एग्जीबिशन को लेकर शहरवासियों में भारी उत्साह है और इसकी सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। यह मेला सुबह 10:00 बजे से लेकर रात्रि 8:00 बजे तक आम जनता के लिए खुला रहेगा। सबसे खास बात यह है कि मेले में प्रवेश पूरी तरह से निःशुल्क (Free Entry) रखा गया है, ताकि हर कोई इस उत्सव का हिस्सा बन सके।शॉपिंग के शौकीनों के लिए खास आकर्षणप्रोजेक्ट चेयरपर्सन नीरू गोयल एवं प्रियंका अग्रवाल ने बताया कि इस बार की प्रदर्शनी में कई नए और विशेष स्टॉल्स जोड़े गए हैं जो आधुनिक ट्रेंड को दर्शाते हैं। मेले के मुख्य आकर्षणों में शामिल हैं:सावन स्पेशल गारमेंट्सः डिजाइनर साड़ियां, सूट और कुर्तियों का लेटेस्ट कलेक्शन ।लड्डू गोपाल जी का श्रृंगारः आगामी त्योहारों के मद्देनजर कान्हा जी की बेहद सुंदर पोशाकें।ट्रेंडी ज्वेलरीः महिलाओं के लिए बेहद आकर्षक आर्टिफिशियल व इमिटेशन ज्वेलरी।स्मार्ट किचन सॉल्यूशंसः आधुनिक घरों के लिए टपरवेयर (Tupperwarl) एवम एयरलाक के बेहतरीन प्रोडक्ट्स।स्वाद का तड़काः लजीज व्यंजन और लाइव बेकरी ।खरीदारी के साथ-साथ यह मेला आपके पूरे परिवार के स्वाद का भी पूरा ख्याल रखेगा। फूड लवर्स के लिए विभिन्न प्रकार के चटपटे और लजीज व्यंजनों से सजे फूड स्टॉल्स लगाए जा रहे हैं। इसके अलावा, मुंह में घुल जाने वाले ताजा बेक किए गए केक्स, पेस्ट्री और बिस्कुट के लिए बेहतरीन बेकरी स्टॉल्स भी इस एग्जीबिशन की रौनक बढ़ाएंगे।रोटरी क्लब की अपीलः परिवार संग आएं, स्थानीय हुनर को बढ़ाएं रोटरी क्लब रामगढ़ सिटी ने सभी सम्मानित नगरवासियों, महिलाओं और प्रबुद्ध नागरिकों से भावभीनी अपील की है कि वे 9 अगस्त को भारी संख्या में परिवार सहित चट्टी बाजार मारवाड़ी धर्मशाला पधारें। इस सावन उत्सव व शानदार खरीदारी का आनंद उठाएं और हमारे स्थानीय हुनरमंदों व महिला उद्यमियों का उत्साहवर्धन कर 'वोकल फॉर लोकल' के संकल्प को मजबूत करें।

## ग्रामीणों ने पी वी यू एन एल का ऐश माउंट निर्माण कार्य का बहिष्कार लिया वापस, प्रबंधन से सहमति बनने पर बनी बात

**झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।**



**पतरातू :** ग्राम बलकुदरा, जयनगर, रसदा एवं गेगदा के ग्रामीणों द्वारा पतरातू विद्युत उत्पादन निगम लिमिटेड (PVUNL) प्रबंधन के अड़ियल रवैये और लंबित मांगों के खिलाफ ऐश डैम पर चल रहे ऐश माउंट निर्माण कार्य की अनिश्चितकालीन बंदी को वार्ता के बाद समाप्त कर दिया गया है।

गुरुवार को प्रबंधन और तीनों पंचायतों के जनप्रतिनिधियों के बीच हुई सकारात्मक बैठक के बाद ग्रामीणों ने अपना आंदोलन स्थगित करते हुए कार्य पुनः शुरू करने की घोषणा की। बैठक में मुख्य रूप से पंचायत प्रतिनिधि विजय मुंडा, लालू महतो, एवं बिजेंद्र मुंडा सहित भारी संख्या में ग्रामीण शामिल हुए।

बैठक में मुख्य रूप से इन मांगों पर बनी सहमति

1. स्थानीय युवाओं को रोजगारः पी वी यू एन एल में कार्यरत एजेंसियों में स्थानीय बेरोजगार नौजवानों को प्राथमिकता के आधार पर रोजगार दिया जाएगा।

2. रोजगार की गारंटीः कार्य में लगे मजदूरों को नियमावली के अनुसार 60 वर्ष की आयु तक स्थायी रूप से काम पर बनाए रखने की व्यवस्था सुनिश्चित होगी।

3. महिला एवं योग्यता आधारित रोजगारः विस्थापित एवं प्रभावित क्षेत्र की महिलाओं को रोजगार से जोड़ा जाएगा और युवाओं को उनकी योग्यता के अनुसार काम दिया जाएगा।

4. पुनर्वास व मुआवजाः छाई डैम के अंदर बसे परिवारों के त्वरित पुनर्वास की व्यवस्था की जाएगी तथा रैयत किसानों को धान की फसल के नुकसान का बकाया मुआवजा जल्द उपलब्ध कराया जाएगा।

5. स्थानीय संवेदकों को प्राथमिकताः स्थानीय ठेकेदारों एवं कोऑपरेटिव सोसाइटी के सदस्यों को 50% तक के ठेका कार्यों में प्राथमिकता देने पर सहमति बनी। वहीं पी वी यू एन एल प्रबंधन ने आश्वासन दिया है कि आगामी चालू होने वाली नई यूनिटों में भी स्थानीय लोगों को रोजी-रोजी और नौकरियों में पहली प्राथमिकता दी जाएगी। पंचायत प्रतिनिधियों ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि यदि प्रबंधन भविष्य में ग्रामीणों के साथ समन्वय बनाकर काम नहीं करता है और वादों से मुकरता है, तो ग्रामीण पुनः जोरदार आंदोलन के लिए बाध्य होंगे। वार्ता में मुख्य रूप से हरि प्रसाद सिंह, मेघा प्रजापति, शंकर प्रजापति, खुर्शीद अंसारी, आनंद कुमार, अंकित कुमार, संतोष मुंडा, विकास कुमार, सनोज केरकेट्टा, मनोज मुंडा, विपिन उरांव, सचिन कुमार, रोहित कुमार, राम प्रसाद प्रजापति, प्रेमनाथ यादव, महावीर महतो सहित दर्जनों ग्रामीण उपस्थित थे। वहीं पी वी यू एन ल के पदाधिकारियों में एच ओ एच आर जियाउर रहमान, एजीएम नवीन कुमार साहू एवं अर्पित पांडे अपस्थित रहे।

## इनर व्हील क्लब ने सदर अस्पताल में स्तनपान जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन

**झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।**

**रामगढ़ ।**विश्व स्तनपान सप्ताह (1 से 7 अगस्त) के अवसर पर इनर व्हील क्लब ऑफ रामगढ़ द्वारा आज सदर अस्पताल, रामगढ़ में स्तनपान जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य नवजात शिशुओं एवं माताओं के बेहतर स्वास्थ्य के लिए स्तनपान के महत्व के प्रति जागरूकता बढ़ाना तथा माताओं को सही जानकारी प्रदान करना था।कार्यक्रम के दौरान चिकित्सकों एवं स्वास्थ्यकर्मियों ने उपस्थित गर्भवती एवं धात्री माताओं को जन्म के प्रथम घंटे में स्तनपान शुरू करने, पहले छह माह तक केवल माँ का दूध पिलाने तथा दो वर्ष या उससे अधिक समय तक पूरक आहार के साथ स्तनपान जारी रखने के लाभों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। साथ ही स्तनपान से जुड़े सामान्य भ्रमों का निराकरण भी किया गया। विश्व स्तनपान सप्ताह प्रत्येक वर्ष 1झ7 अगस्त को मनाया जाता है, जिसका उद्देश्य माताओं और शिशुओं के स्वास्थ्य के लिए स्तनपान को बढ़ावा देना है।इस अवसर पर इनर व्हील क्लब ऑफ रामगढ़ की पदाधिकारियों ने कहा कि स्वस्थ समाज की नींव स्वस्थ माँ और स्वस्थ शिशु हैं। स्तनपान न केवल शिशु के संपूर्ण पोषण और रोग प्रतिरोधक क्षमता कोवो बढ़ाता है, बल्कि माँ के स्वास्थ्य के लिए भी अत्यंत लाभकारी है। क्लब भविष्य में भी स्वास्थ्य एवं जनकल्याण से जुड़े ऐसे जागरूकता कार्यक्रम आयोजित करता रहेगा।कार्यक्रम के अंत में सभी प्रतिभागियों को जागरूकता सामग्री वितरित की गई तथा माताओं से स्तनपान को अपनाने और अन्य महिलाओं को भी इसके लिए प्रेरित करने का आग्रह किया गया।मौके पर क्लब अध्यक्षा श्वेता जैन, सचिव नवलजीत कौर,शर्मिष्ठा दत्ता,नीरू साहनी,रंजू अरोड़ा, जसमीत सोनी, हरमीत कौर आदि सदस्या मौजूद थी

## शुभम साहू के परिजनों से मिले पूर्व राज्यसभा सांसद धीरज प्रसाद साहू, दोषियों को कड़ी सजा दिलाने का दिलाया भरोसा

**झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।**



लोहरदगाः के युवा व्यवसायी शुभम साहू की हत्या के बाद शोक की लहर अभी भी बनी हुई है। इसी क्रम में पूर्व राज्यसभा सांसद धीरज प्रसाद साहू ने शुभम साहू के आवास पहुंचे और शोकाकुल परिजनों से मुलाकात कर उन्हें सांत्वना दी। उन्होंने दिवंगत शुभम साहू को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि इस कठिन समय में पूरा समाज परिवार के साथ खड़ा है और न्याय दिलाने के लिए हरसंभव प्रयास किया जाएगा।धीरज प्रसाद साहू ने शुभम के माता-पिता एवं अन्य परिजनों से मिलकर उनकी पीड़ा सुनी और उन्हें ढांढस बंधाया। उन्होंने कहा कि एक युवा व्यवसायी की इस तरह निर्मम हत्या अत्यंत दुखद और चिंताजनक घटना है। ऐसे मामलों में दोषियों को किसी भी कीमत पर बख्शा नहीं जाना चाहिए। उन्होंने विश्वास दिलाया कि परिवार को न्याय दिलाने के लिए हर स्तर पर आवश्यक पहल की जाएगी।इस दौरान पूर्व सांसद ने लोहरदगा पुलिस अधीक्षक से भी दूरभाष पर बातचीत की। उन्होंने एसपी से कहा कि इस जघन्य अपराध में शामिल अपराधियों के विरुद्ध कानून के अनुसार कठोर से कठोर कार्रवाई सुनिश्चित की जाए, ताकि भविष्य में कोई भी अपराधी इस प्रकार की वारदात करने का दुस्साहस न कर सके। उन्होंने कहा कि अपराधियों को कड़ी सजा मिलना समाज में कानून के प्रति विश्वास बनाए रखने के लिए जरूरी है।धीरज प्रसाद साहू ने कहा कि लोहरदगा हमेशा से शांतिप्रिय जिला रहा है। हाल के दिनों में अपराध की घटनाओं ने लोगों में चिंता बढ़ाई है। ऐसे में पुलिस प्रशासन को अपराध पर प्रभावी नियंत्रण के लिए लगातार सख्त कदम उठाने होंगे। उन्होंने कहा कि निर्दोष लोगों की सुरक्षा और कानून व्यवस्था बनाए रखना प्रशासन की प्राथमिक जिम्मेदारी है।उन्होंने शोक संतप्त परिवार को हरसंभव सहयोग का भरोसा देते हुए कहा कि दुख की इस घड़ी में वे परिवार के साथ पूरी संवेदनशीलता के साथ खड़े हैं। समाज के सभी वर्गों को भी पीड़ित परिवार का मनोबल बढ़ाने और न्याय की इस लड़ाई में साथ देने की आवश्यकता है।मौके पर विधायक प्रतिनिधि निशिथ जायसवाल, निश्चय वर्मा, नगर परिषद के उपाध्यक्ष अब्दुल कादिर, अनुज साहू, अरुण साहू सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित थे। सभी ने दिवंगत शुभम साहू को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए परिजनों के प्रति अपनी संवेदना व्यक्त की तथा दोषियों के खिलाफ कठोर कार्रवाई की मांग दोहराई।गौरतलब है कि पिछले दिनों लोहरदगा में युवा व्यवसायी शुभम साहू की हत्या कर दी गई थी। इस घटना के बाद पूरे जिले में आक्रोश का माहौल बन गया था। विभिन्न सामाजिक, व्यापारिक और राजनीतिक संगठनों ने घटना की कड़ी निंदा करते हुए दोषियों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की मांग की थी। पुलिस ने मामले में त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है, वहीं अब परिजन और आमजन मामले में शीघ्र न्याय एवं दोषियों को कड़ी से कड़ी सजा मिलने की अपेक्षा कर रहे हैं।

## सैकड़ों की संख्या में रवाना होंगे युवा आजसू के कार्यकर्ता : अशोक कुमार महतो

**झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।**



**रामगढ़/गोला।** युवा आजसू अधिवेशन को लेकर आज गोला प्रखंड के दामोदर रेस्टोरेंट में आजसू पार्टी की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता युवा आजसू जिला प्रभारी विशु रजवार ने की, जबकि संचालन युवा आजसू प्रभारी अरुण दांगी ने किया। बैठक में मुख्य रूप से आजसू पार्टी के केंद्रीय सदस्य अशोक कुमार महतो एवं विशिष्ट अतिथि आजसू पार्टी के जिला उपाध्यक्ष सुबोध दांगी तथा प्रखंड उपाध्यक्ष राजू कुमार महतो उपस्थित रहे। बैठक को संबोधित करते हुए केंद्रीय सदस्य अशोक कुमार महतो ने कहा कि युवा आजसू अधिवेशन में शामिल होने के लिए गोला प्रखंड से सैकड़ों की संख्या में युवा कार्यकर्ता जमशेदपुर के लिए रवाना होंगे। उन्होंने सभी युवा साथियों से अधिवेशन में बढ़-चढ़कर भाग लेने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि यह अधिवेशन युवाओं की नई ऊर्जा और नई दिशा का प्रतीक बनेगा। अधिवेशन में युवा झारखंड के विकास, युवाओं के अधिकार और बेहतर भविष्य के लिए नव संकल्प लेंगे। आजसू पार्टी प्रखंड उपाध्यक्ष राजू महतो ने कहा कि गोला प्रखंड के युवाओं में अधिवेशन को लेकर काफी उत्साह है। बड़ी संख्या में कार्यकर्ता जमशेदपुर पहुंचकर संगठन की मजबूती और युवा शक्ति का परिचय देंगे। मौके पर ओबीसी मोर्चा अध्यक्ष गौतम महतो, आजसू नेता मुकेश कुमार महतो, उमेश सोनी, विनय नायक, प्रीत नायक, अमर नायक, बिक्की सोनकर, पंचायत अध्यक्ष दीपक महथा, धनेश्वर महतो सहित बड़ी संख्या में आजसू पार्टी के कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी मौजूद थे।

## मैक्स इंस्टिट्यूट ऑफ टीचर्स ट्रेनिंग में नशा मुक्ति अभियान एवं डी.एल.एड. सत्र (2026-28) के ओरिएंटेशन कार्यक्रम का आयोजन




**रामगढ़।** मैक्स इंस्टिट्यूट ऑफ टीचर्स ट्रेनिंग, बिजूलिया में गुरुवार दिनांक - 06-08-2026 को राष्ट्रीय सेवा योजना (एन.एस.एस.) के तत्वावधान में नशा मुक्ति अभियान का आयोजन किया गया। साथ ही डी.एल.एड. सत्र (2026-28) के नवप्रवेशित विद्यार्थियों के लिए ओरिएंटेशन कार्यक्रम भी आयोजित किया गया। कार्यक्रम के प्रथम सत्र में बी.एड. सत्र (2025-27) के छात्र-छात्राओं ने नशा मुक्ति अभियान में उत्साहपूर्वक भाग लिया। इस अवसर पर विद्यार्थियों को नशे के दुष्प्रभाव, सामाजिक एवं पारिवारिक जीवन पर पड़ने वाले इसके नकारात्मक प्रभाव तथा स्वस्थ एवं नशामुक्त समाज के निर्माण में युवाओं की महत्वपूर्ण भूमिका के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। विद्यार्थियों ने स्वयं नशे से दूर रहने तथा समाज को नशामुक्त बनाने के लिए जन-जागरूकता फैलाने का संकल्प लिया। अभियान के अंतर्गत छात्र-छात्राओं ने 'नशा मुक्त भारत' के संदेश के साथ जागरूकता मार्च भी निकाला।द्वितीय सत्र में डी.एल.एड. सत्र (2026-28) के नवप्रवेशित विद्यार्थियों के लिए ओरिएंटेशन कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों को पाठ्यक्रम की रूपरेखा, शैक्षणिक गतिविधियों, आंतरिक मूल्यांकन प्रणाली, प्रशिक्षण व्यवस्था, अनुशासन, राष्ट्रीय सेवा योजना (एन.एस.एस.) तथा संस्थान की विभिन्न शैक्षणिक एवं सह-पाठ्यक्रम गतिविधियों की विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। शिक्षकों ने विद्यार्थियों का स्वागत करते हुए उन्हें समर्पित, नैतिक एवं गुणवत्तापूर्ण शिक्षक बनने के लिए प्रेरित किया तथा शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्टता प्राप्त करने का संदेश दिया।कार्यक्रम को सफल बनाने में महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. आनंद किशोर, प्रशासनिक अधिकारी प्रवेश शर्मा तथा शिक्षकगण रतन शर्मा,डॉ. बिंदु कुमारी, डॉ. अंजनी कुमारी, सुधा सिंह, चांदनी कुमारी, कृष्ण कुमार दांगी,सुधीर कुमार, धर्मेंद्र गुप्ता, रूणा मित्रा, नोरीन, स्वाति कुजूर, सुगापति मरांडी, हरिश्चंद्र साहू, गुलशन कुमार, स्वाती कुमारी, प्रियंका अग्रवाल, नीतू कुमारी एवं जितेन्द्र कुमार की सराहनीय भूमिका रही।

## स्वच्छता कार्यक्रम में समाजशाही कमल बगड़िया को सम्मानित किया गया

**रामगढ़।** छावनी परिषद द्वारा आयोजित जागरूकता अभियान -श्रमदान के अंतर्गत स्वच्छ रामगढ़ सुंदर रामगढ़ की कल्पना को साकार करने हेतु सुभाष चंद्र बोस क्रीडा स्थल, फुटबॉल मैदान छावनी परिषद में स्वच्छता कार्यक्रम में भागीदारी हेतु माननीय ब्रिगेडियर साजेश बाबू पी जी कमांडर पंजाब रेजीमेंट सेंटर रामगढ़ सह अध्यक्ष छावनी परिषद की अध्यक्षता में आयोजित कार्यक्रम में रामगढ़ विधायक माननीय ममता देवी एवं मुख्य अधिशासी अधिकारी सीईओ छावनी परिषद , माननीय विवेक सिंह रामगढ़ की उपस्थिति में उनके कर कमलों द्वारा मोमेंटो प्रदान कर कमल बगडिया को सम्मानित किया गया। पूर्व में भी स्वच्छता दूत के रूप में जिला स्तरीय एवं कैंटोनमेंट बोर्ड के सानिध्य में जयंत सिन्हा के द्वारा सम्मानित किया गया था। नगर परिषद रामगढ़ के द्वारा स्वच्छता के ब्रांड एंबेसडर के रूप में सम्मानित किया गया था।

## छात्र-छात्राओं के बीच साइकिलों का वितरण



**शिक्षा सफलता की कुंजी उप मुखिया**

**रामगढ़/गोला।** उत्क्रमित मध्य विद्यालय महलीडीह में राज्य सरकार की महत्वाकांक्षी साइकिल वितरण योजना के तहत कक्षा आठवीं के छात्र-छात्राओं के बीच साइकिलों का वितरण किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों को विद्यालय आने-जाने में सुविधा प्रदान करना तथा उन्हें नियमित रूप से शिक्षा से जोड़कर उनके उज्ज्वल भविष्य की नींव को मजबूत करना है। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में मगनपुर पंचायत के उप मुखिया अकबर अंसारी उपस्थित रहे। उन्होंने छात्र-छात्राओं को साइकिल की शुभकामनाएँ देते हुए कहा कि सरकार की यह योजना ग्रामीण क्षेत्रों के विद्यार्थियों, विशेषकर बेटियों की शिक्षा को बढ़ावा देने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल है। उन्होंने विद्यार्थियों से साइकिल का सदुपयोग करने, नियमित विद्यालय आने, अनुशासन का पालन करने तथा जीवन में उच्च लक्ष्य निर्धारित कर निरंतर मेहनत करने का आह्वान किया। उन्होंने अभिभावकों से भी बच्चों की पढ़ाई में सहयोग करने की अपील की। विद्यालय के प्रधानाध्यापक मेहरे आलम अंसारी ने कहा कि साइकिल मिलने से विद्यार्थियों की विद्यालय में नियमित उपस्थिति बढ़ेगी तथा दूर-दराज के बच्चों को आवागमन में होने वाली कठिनाइयों से राहत मिलेगी। उन्होंने सभी विद्यार्थियों को मन लगाकर पढ़ाई करने और विद्यालय का नाम रोशन करने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर विद्यालय प्रबंधन समिति के अध्यक्ष आशीर्वाद करमाली, सहायक शिक्षक मोहम्मद मोइन अंसारी, मोहम्मद नौशाद अंसारी, बाबूलाल महतो, हीरालाल महतो, मुकुंद महतो, मोहम्मद नुरुल्लाह, शम्भुनाथ महतो, भरत राम दांगी, हेमलाल भोगता, सूचना एवं संचार प्रौद्योगिकी प्रशिक्षक मोहम्मद जाहिद अंसारी सहित विद्यालय परिवार एवं बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे। कार्यक्रम उत्साहपूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ।

## विश्व आदिवासी दिवस की तैयारियां तेज, गोला में हुई बैठक



**9 अगस्त को हजारों लोगों की भागीदारी सुनिश्चित करने पर जोर**

**रामगढ़/गोला।** आगामी 9 अगस्त को विश्व आदिवासी दिवस के अवसर पर रामगढ़ जिला मुख्यालय स्थित छत्तरमांडू बिरसा मुंडा चौक में आयोजित होने वाले भव्य कार्यक्रम की तैयारियों को लेकर गुरुवार को गोला स्थित एसके होटल में आदिवासी समाज की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में कार्यक्रम को सफल, भव्य और ऐतिहासिक बनाने के लिए व्यापक रणनीति पर चर्चा की गई। बैठक में वक्ताओं ने कहा कि विश्व आदिवासी दिवस केवल एक उत्सव नहीं, बल्कि आदिवासी समाज की संस्कृति, परंपरा, इतिहास, अधिकार और अस्मिता का प्रतीक है। इसलिए जिले के प्रत्येक गांव और पंचायत से अधिक से अधिक लोगों की भागीदारी सुनिश्चित करने का आह्वान किया गया। विशेष रूप से गोला प्रखंड से बड़ी संख्या में समाज के लोगों की उपस्थिति दर्ज कराने तथा युवाओं, महिलाओं और सामाजिक संगठनों को कार्यक्रम से जोड़ने पर जोर दिया गया। बैठक में यह भी निर्णय लिया गया कि लोगों को समय पर कार्यक्रम स्थल तक पहुंचाने के लिए समन्वय बनाकर व्यापक जनसंपर्क अभियान चलाया जाएगा, ताकि 9 अगस्त का आयोजन ऐतिहासिक और यादगार बन सके। बैठक में मुख्य रूप से जिला 20 सूत्री उपाध्यक्ष दिनेश मुंडा, पूर्व जिला परिषद सदस्य गोविंद मुंडा, नरेश मुंडा, लखी करमाली, दीपक मुंडा, अभिराम बेदिया, लखींद्र मुंडा, अजीत करमाली, जयनाथ मुंडा, दीपक पहान, रामकिष्टो मुंडा, सजन मुंडा सहित आदिवासी समाज के अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# सीआईएसएफ का शिकंजा : साढ़े 3 करोड़ का 5800 मीट्रिक टन अवैध कोयला पकड़ा, 103 साइट हुए बंद

**झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।**

**रांची।** झारखंड में कोयले के अवैध कारोबार पर सीआईएसएफ ने शिकंजा कसना शुरू कर दिया है. एमएमडीआर एक्ट के तहत मिले नए अधिकारों के बाद सीआईएसएफ ने राज्य में 5,800 मीट्रिक टन अवैध कोयला जब्त किया है, जिसकी अनुमानित कीमत करीब 3.50 करोड़ रुपए है. इसके अलावा 100 से अधिक अवैध कोयला साइटों को बंद या सील किया गया है. सूत्रों के अनुसार, अगले सप्ताह से कार्रवाई और तेज होगी. इसके लिए विशेष रणनीति तैयार की गई है. सीआईएसएफ के पूर्वी क्षेत्र के अतिरिक्त महानिदेशक सुधीर कुमार रांची पहुंचे और झारखंड के अधिकारियों के साथ बैठक कर अभियान की रूपरेखा तय की. जानकारी के अनुसार, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के निर्देश पर



झारखंड में कोयले से जुड़ी अवैध गतिविधियों पर विशेष निगरानी रखी जा रही है. लक्ष्य है कि किसी भी कीमत पर अवैध खनन, चोरी और तस्करी पर पूरी तरह रोक लगाई जाए. इसी उद्देश्य से पिछले कुछ दिनों में सीआईएसएफ की कार्रवाई तेज हुई है, जिसे अब और व्यापक बनाया जायेगा.

**सुरक्षा व्यवस्था होगी मजबूतः अवैध**

खनन और कोयला चोरी पर अंकुश लगाने के लिए बीसीसीएल धनबाद, सीसीएल कर्गली, सीएमपी हजारीबाग और इसीएल सीतलपुर में क्विक रिस्पॉन्स टीम की संख्या बढ़ायी जायेगी. खुफिया सूचनाओं के आधार पर विशेष छापेमारी दल लगातार कार्रवाई करेंगे. ड्रोन निगरानी, वाहनों की सघन जांच और संयुक्त निरीक्षण जैसी आधुनिक तकनीकों का व्यापक उपयोग किया जाएगा. इसके अलावा तीन-स्तरीय खुफिया नेटवर्क को व्हाट्सऐप रिपोर्टिंग और जन सूचनाओं के माध्यम से और मजबूत किया जाएगा. पुलिस, जिला प्रशासन, खान विभाग और रेलवे के साथ संयुक्त अभियान चलाने की भी तैयारी है. अब तक हुई कार्रवाई में 221 केस रजिस्टर किये गये. वहीं 78 नये अवैध माइनिंग साइट पकड़े गए, जबकि 323 वाहन जब्त हुए. अवैध कारोबार में उपयोग हो रहे 04 ट्रक, टिपर, हाइवा, ट्रैक्टर, वैन, ट्रॉली, 10 स्कूटी, 140 साइकिल, 150 मोटरसाइकिल समेत अन्य वाहन भी जब्त हुए हैं.

**रांची में एडीजी ने की समीक्षा बैठक**

कई निर्देश पूर्वी क्षेत्र के सीआईएसएफ के अतिरिक्त महानिदेशक सुधीर कुमार ने रांची में बल के कार्यों की समीक्षा करते हुए कोयला क्षेत्रों की सुरक्षा और मजबूत करने पर जोर दिया. उन्होंने अधिकारियों से परिचालन के दौरान आने वाली चुनौतियों की जानकारी ली और आवश्यक दिशा-निर्देश दिए. बैठक में महानिरीक्षक प्रबोध चंद्र, उप महानिरीक्षक सुमंत सिंह, जितेंद्र कुमार तिवारी, प्रनीत चंद्र, अमित माथुर, राजीव मिश्रा सहित बिहार और झारखंड में तैनात सीआईएसएफ की सभी ईकाइयों के यूनिट कमांडर और वरिष्ठ अधिकारी मौजूद थे. अतिरिक्त महानिदेशक ने अधिकारियों और जवानों के समर्पण, अनुशासन और व्यावसायिक दक्षता की सराहना करते हुए कहा कि राष्ट्रीय महत्व के प्रतिष्ठानों की सुरक्षा के लिए सर्वोच्च मानकों का पालन करना आवश्यक है. उन्होंने सतर्कता, बेहतर समन्वय और परिचालन उत्कृष्टता बनाए रखने पर विशेष जोर दिया.

# झारखंड विस में दिवंगत नेताओं, शहीदों व हादसों के पीड़ितों को श्रद्धांजलि, सदन ने रखा दो मिनट का मौन

**झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।**



**रांची।** झारखंड विधानसभा के मानसून सत्र के पहले दिन सदन में शोक प्रस्ताव लाया गया. इस दौरान पिछले सत्र के बाद दिवंगत हुए नेताओं, समाज की कई प्रमुख हस्तियों, शहीद जवानों और विभिन्न हादसों में जान गंवाने वाले लोगों को श्रद्धांजलि दी गई. सभी सदस्यों ने उनके प्रति संवेदना व्यक्त की और दो मिनट का मौन रखा. सदन में पूर्व परिवहन एवं नागरिक उड्डयन मंत्री और गोमिया के पूर्व विधायक माधव लाल सिंह को याद किया गया. पूर्व पशुपालन मंत्री और धनबाद के पूर्व विधायक मन्नान मलिक को भी श्रद्धांजलि दी गई. इसके अलावा पूर्व विधायक बेनी प्रसाद गुप्ता, हरि राम, पूर्व खनन मंत्री लक्ष्मण राम और पूर्व केंद्रीय रेल मंत्री मुकुल रॉय को भी याद किया गया. सदन में कई अन्य प्रमुख हस्तियों को भी श्रद्धांजलि दी गई. इनमें डॉ. डीवाई पाटिल, भुवन चंद्र खंडूरी, गायिका आशा भोसले, शायर बशीर बद्र, सुभाष कश्यप, एच. के. दुआ, तीजन बाई, जसपाल राणा, क्रिकेटर गोपीनाथ, खोरठा साहित्यकार सुरेश विश्वकर्मा और झारखंड आंदोलनकारी कृष्ण कुमार महतो व दामू बांड्रा शामिल रहे.

सदन ने जम्मू-कश्मीर और मणिपुर में शहीद हुए जवानों को भी श्रद्धांजलि दी. उधमपुर सड़क हादसे में जान गंवाने वाले लोगों, लखनऊ की आग की घटना में मारे गए लोगों, असम की बाढ़ में मृत लोगों और ठएएळ परीक्षा विवाद के बाद आत्महत्या करने वाले छात्र-छात्राओं को भी याद किया गया. सदन में असम के बाढ़ पीड़ितों के लिए झारखंड सरकार की ओर से 3 करोड़ रुपये की सहायता का भी उल्लेख किया गया. इस दौरान मांडू के विधायक निर्मल कुमार ने अपने क्षेत्र में सड़क हादसों, हाथियों के हमले, वज्रपात और खदान धंसने की घटनाओं का मुद्दा उठाया. उन्होंने कहा कि इन घटनाओं में कई लोगों की मौत हुई है. उन्होंने सरकार से पीड़ित परिवारों को भी आर्थिक सहायता देने की मांग की. शोक प्रस्ताव के अंत में सभी सदस्यों ने दिवंगत आत्माओं की शांति के लिए प्रार्थना की और अपने स्थान पर खड़े होकर दो मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि अर्पित की.

# छात्रों का आंदोलन जल्द समाप्त होने की संभावना! वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर बोले- विपक्ष भी सपोर्ट करे

**झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।**

**रांची।** झारखंड के वित्तमंत्री और संसदीय कार्यमंत्री राधाकृष्ण किशोर ने आज अपने आवास पर संवाददाता सम्मेलन किया. इस दौरान जेपीएससी-जेएसएससी के मुद्दे पर आंदोलित छात्रों को भरोसा दिलाया है कि सरकार उनके मांगों के प्रति संवेदनशील है. जल्द समाधान की उम्मीद जताई है. राधाकृष्ण किशोर ने छात्र आंदोलन के मुद्दे पर विपक्ष से भी सहयोग की अपील की है. अगर विपक्ष के मन में ऐसी कोई बात हो या कोई शंका हो तो तार्किक ढंग से सदन के अंदर अपनी बात रख सकते हैं. सरकार विपक्ष के हर शंका का समाधान करने को तैयार है. राज्य के वित्त एवं संसदीय कार्यमंत्री राधाकृष्ण किशोर ने कहा कि हर समस्या का समाधान बातचीत और मध्यस्थता से ही निकलता है. मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन और महागठबंधन की सरकार जेपीएससी एवं अन्य दूसरे संस्थानों में एजेंसियों के माध्यम से



हुई नियुक्तियों में अनियमितता या फिर नियुक्ति की प्रक्रिया में जो अनियमिता हुई है, उस पर आंदोलित छात्र-छात्राओं से बातचीत कर समाधान ढूंढने के लिए तैयार है. इसके लिए एक चार सदस्यीय मंत्रिमंडलीय कमेटी बनाई है, जिसमें मंत्री दीपिका पांडेय सिंह, संजय प्रसाद यादव, चमरा लिंडा और सुदिव्य कुमार सोनू शामिल हैं.

**वित्त मंत्री ने छात्रों से किया आग्रह**

राधाकृष्ण किशोर ने कहा कि कांग्रेस पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे और नेता प्रतिपक्ष (लोकसभा) राहुल गांधी ने भी पूरे मामले को काफी गंभीरता से लिया है, क्योंकि दिल्ली आंदोलन के बाद जिस तरह से राहुल गांधी ने पार्टी की भूमिका को प्रदर्शित किया तो उनकी जिम्मेदारी बढ़ जाती है. युवाओं की जायज मांगें चाहे दिल्ली में हो या देश के किसी क्षेत्र में, ऐसे विषयों पर छात्रों के हित के लिए राहुल गांधी काफी गंभीर हैं. इस संबंध में कांग्रेस की ओर से राज्य कांग्रेस प्रभारी के राजू के नेतृत्व में मुख्यमंत्री को ज्ञापन भी सौंपा गया. वित्तमंत्री ने कहा कि पूरे मामले की पारदर्शी जांच और दोषियों को सजा दिलाने में सरकार के स्तर पर कहीं कोई अवरोध नहीं है. मंत्रिमंडल सदस्यों की गठित टीम छात्रों से वार्ता करेगी. सरकार छात्रों के बीच यह टीम मध्यस्थता का काम करेगी. राधाकृष्ण किशोर ने कहा कि वे भी छात्रों से आग्रह करते हैं कि जितना शीघ्र हो सके सरकार से बात करें, सरकार ने एक संदेश भी दिया है कि सरकार बात करने में कभी पीछे नहीं हटेगी.

# आरपीएफ की कार्रवाई: चार नाबालिगों को मानव तस्करों के चंगुल से कराया गया मुक्त, दो गिरफ्तार

**झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।**

**रांची।** रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) लोहरदगा ने मानव तस्करी के खिलाफ चलाए जा रहे 'ऑपरेशन आहट' के तहत बड़ी सफलता हासिल करते हुए दो मानव तस्करों को गिरफ्तार किया है. साथ ही चार नाबालिग लड़कियों को सकुशल मुक्त कराया गया है. रेस्क्यू की गई लड़कियों को अधिक वेतन और रोजगार का झांसा देकर तमिलनाडु ले जाया जा रहा था.

**आरपीएफ की ओर से दी गई जानकारी**

रांची आरपीएफ के द्वारा जारी की गई प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार आरपीएफ को विश्वसनीय सूचना मिली थी कि कुछ नाबालिग लड़कियों को अवैध रूप से दूसरे राज्य ले जाया जा रहा है और मामला मानव तस्करी से जुड़ा हो सकता है. सूचना मिलते ही वरीय अधिकारियों के निर्देश पर आरपीएफ पोस्ट लोहरदगा की टीम ने रेलवे स्टेशन पर छापेमारी अभियान चलाया. इस दौरान लोहरदगा रेलवे स्टेशन के प्लेटफॉर्म संख्या-1 स्थित फुटओवर ब्रिज के पास एक व्यक्ति और एक महिला को चार नाबालिग लड़कियों के साथ संदिग्ध अवस्था में देखा गया. आरपीएफ ने तत्काल दोनों को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू की. पूछताछ के बाद दोनों को गिरफ्तार कर लिया गया.

**तमिलनाडु और गुमला के हैं तस्कर**

गिरफ्तार आरोपियों की पहचान नंदकुमार वी. (47 वर्ष), निवासी कोयंबटूर, तमिलनाडु और बिनीता कुमारी (28 वर्ष), निवासी विशुनपुर, गुमला के रूप में हुई है. पूछताछ में दोनों ने स्वीकार किया कि वे लड़कियों को तमिलनाडु के एक टेक्सटाइल फैक्ट्री में काम दिलाने के लिए ले जा रहे थे और उन्हें अधिक वेतन का लालच दिया गया था. जांच में यह बात भी सामने आई कि चारों नाबालिगों के पास आरक्षित रेल टिकट नहीं थे और सभी सामान्य टिकट के सहारे यात्रा कर रही थीं.

# रांची में फूड सेफ्टी विभाग की छापेमारी, 800 किलो नकली पनीर और खोवा जब्त

**झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।**

**रांची।** सावन के महीने में जब पनीर और खोवा की बिक्री काफी बढ़ जाती है तो ऐसे में मुनाफाखोरी के लिए कई दुकानदार नकली और मिलावटी खाद्य पदार्थों की बिक्री में लग जाते हैं. गुरुवार को राजधानी रांची में खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम ने एसीएमओ सह सिविल सर्जन डॉ अमरेंद्र कुमार के नेतृत्व में मिलावटखोरों के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की. गुप्त सूचना के आधार पर 6 अगस्त को वरीय फूड सेफ्टी ऑफिसर मनोज कुमार ने अपनी टीम के साथ रातू रोड स्थित रतन कॉम्प्लेक्स के न्यू मां डेयरी में छापेमारी की, जिसमें फूड सेफ्टी विभाग को बड़ी मात्रा में नकली और मिलावटी पनीर, खोवा एवं अन्य डेयरी प्रोडक्ट मिले.

**नकली पनीर और खोवा बरामद**

वरिष्ठ खाद्य सुरक्षा अधिकारी मनोज कुमार ने बताया कि करीब 800 किलो नकली और मिलावटी पनीर



और खोवा मिला है. प्रथम दृष्टया इसमें अरारोट या स्टार्च का मिलावट पाया गया है. उन्होंने बताया कि मिलावटी पदार्थों का सैंपल नामकुम स्थित फूड टेस्टिंग लैब भेज दिया गया है जबकि बाकी के मिलावटी पदार्थ को झिरी में डंप करा दिया गया है.

**सैंपल को नामकुम प्रयोगशाला भेजा गया**

खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम ने छापेमारी के दौरान मौके से पनीर, देसी घी, क्रीम और खोवा के नमूने लेकर जांच की. सीनियर फूड अधिकारी मनोज कुमार के अनुसार शुरूआती जांच में सभी सैंपल फेल पाए गए हैं, अब सभी नमूनों को विस्तृत जांच के लिए नामकुम प्रयोगशाला भेजा गया है. फूड सेफ्टी विभाग की इस कार्रवाई का नेतृत्व वरिष्ठ फूड सेफ्टी ऑफिसर मनोज कुमार ने किया, उनके साथ खाद्य सुरक्षा विभाग के अधिकारी सजल श्रीवास्तव और शिव नंदन यादव सहित अन्य कर्मी भी मौजूद थे. वरिष्ठ फूड सेफ्टी ऑफिसर मनोज कुमार ने बताया कि मामले में खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम, 2006 के तहत कानूनी कार्रवाई की गई है, जांच रिपोर्ट आने के बाद आगे की कार्रवाई और सख्त की जाएगी. उन्होंने कहा कि सावन और त्योहारों के मौसम से पहले इतनी बड़ी मात्रा में कथित मिलावटी डेयरी उत्पादों का मिलना चिंतनीय भी है.

# आजसू पार्टी के मिलन समारोह में दर्जनों लोगों ने थामा आजसू का दामन



**झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।**

**बुंडू।** आजसू पार्टी की ओर से गुरुवार को एक भव्य मिलन समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में प्रताप सिंह मुंडा के नेतृत्व में विभिन्न राजनीतिक दलों से आए दर्जनों युवाओं और गणमान्य लोगों ने आजसू पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। आजसू पार्टी के केंद्रीय अध्यक्ष सुदेश कुमार महतो ने सभी नए सदस्यों को फूलमाला पहनाकर और पार्टी का पट्टा देकर के साथ सम्मानित किया। शामिल हुए सदस्यों में मनोहर महतो, धीरेन महतो, हरे कृष्णा मुंडा, मोहन प्रमाणिक, परमेश्वर महतो, एमडी जब्बार, चंदन कर्मकार, महेश कर्मकार, दुर्गाचरण मुंडा, शीलावती देवी, मेनका कुमारी, सुनीता कुमारी, सरस्वती देवी, मेरी देवी, शांति देवी, राधा देवी, मीना कुमारी, काजल कुमारी, आशा देवी, आरती देवी, बिलासी देवी, अर्चना कुमारी और शुकरू देवी सहित दर्जनों लोगों ने पार्टी की सदस्यता ली। कार्यक्रम का संचालन एवं अध्यक्षता हरिहर महतो, संचालन भय भंजन महतो ने किया। मौके पर केंद्रीय सदस्य श्याम कुमार महतो, जिला वरीय उपाध्यक्ष राजकिशोर कुशवाहा, प्रखंड कार्यकारी अध्यक्ष योगेश्वर महतो, सहित पार्टी के सैकड़ों कार्यकर्ता, समर्थक और युवा उपस्थित रहे।

# झारखंड सचिवालय सेवा संघ का चरणबद्ध आंदोलन, मानसून सत्र तक काला बिल्ला लगाकर करेंगे काम, इसके बाद आर पार की लड़ाई

**झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।**

**रांची।** झारखंड विधानसभा के मानसून सत्र के पहले दिन से ही झारखंड सचिवालय सेवा संघ ने अपने आंदोलन के तीसरे चरण की शुरूआत कर दी है. गुरुवार से सचिवालय सेवा के अधिकारी और कर्मचारी काला बिल्ला धारण कर अपने-अपने कार्यालयों में नियमित काम कर रहे हैं. संघ का कहना है कि यह विरोध पूरी तरह सांकेतिक है और इससे सरकारी कामकाज या विधानसभा की कार्यवाही प्रभावित नहीं होगी.

**12 अगस्त तक जारी रहेगा काला बिल्ला आंदोलन**

संघ के मुताबिक, 6 अगस्त से 12 अगस्त तक, यानी पूरे विधानसभा सत्र के दौरान सभी अधिकारी और कर्मचारी काला बिल्ला पहनकर



अपनी मांगों के समर्थन में विरोध दर्ज कराएंगे. उनका कहना है कि सरकार का ध्यान सचिवालय सेवा से जुड़े अहम मुद्दों की ओर आकर्षित करना इस आंदोलन का उद्देश्य है. साथ ही प्रशासनिक जिम्मेदारियों का भी पूरी तरह निर्वहन किया जाएगा.

**पहले रक्तदान, फिर मानव श्रृंखला**

संघ ने बताया कि चरणबद्ध आंदोलन के पहले चरण में 4 अगस्त को दिशोम गुरु शिबू सोरेन की प्रथम पुण्यतिथि पर प्रोजेक्ट भवन और नेपाल हाउस में स्वैच्छिक रक्तदान शिविर लगाया गया था, इसके बाद 5 अगस्त को दोनों परिसरों में मानव श्रृंखला बनाकर कर्मचारियों ने अपनी एकजुटता दिखाई. संघ का दावा है कि इन कार्यक्रमों के दौरान भी सरकारी कामकाज प्रभावित नहीं हुआ.

**क्या हैं सचिवालय सेवा संघ की प्रमुख मांगें?**

संघ की प्रमुख मांगों में सचिवालय सेवा के हितों के खिलाफ प्रस्तावित नीतिगत बदलाव वापस लेना, सेवा हितों की सुरक्षा, संकल्प संख्या-3286 का प्रभावी क्रियान्वयन, उच्च पदों का सृजन, लंबित प्रोन्नतियों का जल्द निष्पादन और सेवा से जुड़े सभी फैसलों में पारदर्शिता सुनिश्चित करना शामिल है.

**सरकार पर संवाद नहीं करने का आरोप**

सचिवालय सेवा संघ का कहना है कि इन मांगों को लेकर कई बार ज्ञापन सौंपे गए, प्रतिनिधिमंडल ने सरकार से मुलाकात की और बातचीत की कोशिश भी की गई, लेकिन अब तक कोई ठोस सकारात्मक फैसला नहीं हुआ. संघ का आरोप है कि सरकार ने उनकी मांगों पर गंभीर पहल नहीं की है. संघ ने सरकार को साफ संदेश दिया है कि यदि 12 अगस्त तक मांगों पर सकारात्मक निर्णय नहीं लिया गया तो आंदोलन अगले चरण में प्रवेश करेगा.

# प्रशिक्षित सहजकर्ता पंचायत विकास में निभाएंगे अहम भूमिका : मास्टर ट्रेनर अंजना देवी



**झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।**

**तमाड़।** पंचायती राज विभाग, झारखंड सरकार के तत्वावधान में ग्राम पंचायत विकास योजना (जीपीडीपी) 2026-27 एवं सबकी योजना, सबका विकास अभियान के तहत प्रखंड कार्यालय सभागार, तमाड़ में 31 जुलाई से 06 अगस्त तक ग्राम पंचायत सहजकर्ता दल का छ दिवसीय प्रशिक्षण आयोजित किया गया। प्रशिक्षण में मुख्य मास्टर ट्रेनर अंजना देवी एवं नूतन पाहन ने प्रतिभागियों को ग्राम पंचायत विकास योजना तैयार करने की प्रक्रिया, जनभागीदारी, ग्राम सभा की भूमिका, स्थानीय आवश्यकताओं के अनुरूप विकास योजनाओं के निर्माण तथा प्रभावी क्रियान्वयन से संबंधित विभिन्न विषयों की विस्तृत जानकारी दी। इस प्रशिक्षण में प्रखंड अंतर्गत सभी 23 पंचायतों से कुल 138 प्रतिभागियों ने भाग लिया। प्रशिक्षण के दौरान प्रतिभागियों को ग्राम पंचायत स्तर पर विकास योजनाओं के सफल संचालन एवं जनसहभागिता सुनिश्चित करने के लिए आवश्यक तकनीकी एवं व्यवहारिक जानकारी प्रदान की गई। मौके पर प्रखंड समन्वयक वाजिद अली ने विधि व्यवस्था संभाला।

# बिना एफआईआर ट्रक जब्त करने पर हाईकोर्ट सख्त, तत्काल छोड़ने और 50 हजार रुपये मुआवजा देने का आदेश

**झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।**

**रांची।** झारखंड हाईकोर्ट ने बिना प्राथमिकी दर्ज किए स्टोन चिप्स लदे ट्रक को जब्त कर रखने के मामले में राज्य प्रशासन की कार्यशैली पर कड़ी नाराजगी जताई है. जस्टिस आनंद सेन की अदालत ने मामले की सुनवाई के दौरान संबंधित अधिकारियों से जवाब तलब करते हुए ट्रक को तत्काल छोड़ने का आदेश दिया. अदालत ने प्रार्थी को 50 हजार रुपये मुआवजा देने का भी निर्देश दिया और स्पष्ट किया कि यह राशि पलामू के जिला खनन पदाधिकारी के वेतन से काटकर दी जाएगी.

**अधिकारियों को अदालत में किया गया तलब**





मामले की सुनवाई के दौरान पलामू के जिला खनन पदाधिकारी, छतरपुर के अंचल अधिकारी और छतरपुर थाना प्रभारी अदालत में सशरीर उपस्थित हुए. अदालत ने तीनों अधिकारियों से ट्रक जब्त करने की पूरी प्रक्रिया पर सवाल उठाए. सुनवाई के दौरान अदालत ने पूछा कि जब ट्रक को जब्त किया गया तो उसके बाद प्राथमिकी (एफआईआर) क्यों दर्ज नहीं की गई. यदि वाहन को कानूनी रूप से जब्त किया गया था, तो ट्रक मालिक को जब्ती सूची (सीजर लिस्ट) क्यों नहीं सौंपी गई और आखिर किस कानूनी आधार पर ट्रक को इतने समय तक अपने कब्जे में रखा गया.

**ट्रक तत्काल छोड़ने का आदेश**

अदालत ने पाया कि ट्रक को जब्त करने की प्रक्रिया में आवश्यक कानूनी औपचारिकताओं का पालन नहीं किया गया. इसके बाद जस्टिस आनंद सेन की अदालत ने छतरपुर के अंचल अधिकारी को तत्काल ट्रक छोड़ने का आदेश दिया. अदालत ने स्पष्ट किया कि किसी भी वाहन को जब्त करने के बाद संबंधित कानून के तहत निर्धारित प्रक्रिया का पालन करना अनिवार्य है. बिना प्राथमिकी दर्ज किए और बिना आवश्यक दस्तावेज उपलब्ध कराए किसी वाहन को लंबे समय तक रोककर रखना कानून के अनुरूप नहीं माना जा सकता.

**50 हजार रुपये मुआवजा देने का निर्देश**

हाईकोर्ट ने प्रार्थी को हुई असुविधा और नुकसान को देखते हुए राज्य सरकार को तत्काल 50 हजार रुपये मुआवजा देने का निर्देश दिया. अदालत ने यह भी कहा कि मुआवजे की यह राशि सरकारी खजाने पर बोझ नहीं बनेगी, बल्कि इसे पलामू के जिला खनन पदाधिकारी के वेतन से काटकर प्रार्थी को भुगतान किया जाएगा. अदालत की यह टिप्पणी प्रशासनिक जवाबदेही को लेकर महत्वपूर्ण मानी जा रही है. न्यायालय ने संकेत दिया कि यदि किसी अधिकारी की लापरवाही या मनमानी से नागरिकों को नुकसान पहुंचता है तो उसकी व्यक्तिगत जवाबदेही भी तय की जा सकती है.

# वार्ड 1 की जर्जर सड़क, घुटनों तक जलजमाव के बीच स्कूल जाने को मजबूर बच्चे

**झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।**

**रांची।** नगर निगम के वार्ड-1 में सड़क का काम लंबे समय से अधूरा पड़ा हुआ है. यह कांके रोड से जयपुर जाने वाले मुख्य सड़क है जो काफी जर्जर हो चुकी है. जगह-जगह पर गढ्ढे बन गए है. कही पर सड़क पर बिछाई गिट्टी ऊपर आ गई है, तो कही एक दो फीट गढ्ढे बन गए है. इस कारण बारिश का पानी जम गया है. इसकी वजह से पैदल चलना मुश्किल हो रहा है. खासकर रात में ओर भी मुश्किल हो जाता है. क्योंकि तीन पहिए वाहनों के पलटने का डर हमेशा लगा रहता है. लोगों ने बताया कि मरीज को एंबुलेंस से ले जाने के दौरान काफी परेशानी होती है. मरीज को हिचकोला होना पड़ता है. तीन-चार जगहों पर बारिश का पानी सड़क पर घुटनों तक भर गया है, जिससे स्कूली बच्चों, कॉलेज जाने वाले व खाम पर जाने वालों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है. स्थानीय लोगो कों नारकीय जिदंगी जीने का एहसास दिलाता है. शहर बनने के बाद भी सड़क के हालात बद से बदतर हो गई है. स्थानीय लोगों ने बताया कि कई बार नगर निगम के अधिकारियों को सड़क बनाने के लिए आवेदन दिए जा चुके है. सड़क से जल निकासी करने की मांग की गई है. लेकिन अब तक इस दिशा में कोई ठोस कार्रवाई नहीं हो सकी है. तेज बारिश के दौरान सड़क पूरी तरह जलमग्न हो गई है, जिससे पैदल चलना मुश्किल हो गया है. स्कूलों में पढ़ने वाले बच्चों को घुटनों तक पानी से होकर गुजरने को मजबूर होना पड़ता है.

**विधायक बोले- टेंडर नहीं हो पा रहा**

मामले में कांके विधायक सुरेश बैठा ने कहा कि सड़क निर्माण का टेंडर अब तक नहीं हो सका है. उन्होंने बताया कि पिछले साल से इस सड़क को बनवाने का प्रयास किया जा रहा है. इस संबंध में मुख्य अभियंता श्रवण कुमार से भी बातचीत हुई है, लेकिन अब तक टेंडर और निर्माण की वर्तमान स्थिति की स्पष्ट जानकारी नहीं मिली है. विधायक ने कहा कि संबंधित अधिकारियों से बात कर स्थिति की जानकारी ली जाएगी. इस मामले पर वार्ड-1 के पार्षद नकुल तिर्की का पक्ष जानने के लिए उनसे फोन पर संपर्क करने की कोशिश की गई, लेकिन उन्होंने कॉल रिसीव नहीं किया. वहीं, मेयर रोशनी खलखो से संपर्क करने पर की भी कोशिश की गई, लेकिन बात नहीं हो सकी.

# एक शिक्षक के भरोसे 335 बच्चों का भविष्य अंधकार में , क्लास के समय शिक्षक चला रहे हैं कंप्यूटर

झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।

**उत्क्रमित प्राथमिक विद्यालय बाघपिंजरा में चावल की अभाव में एमडीएम बंद**







**उधवा/साहिबगंज।** प्रखंड मुख्यालय से करीब दो किलोमीटर दक्षिण-पश्चिम स्थित मोहनपुर पंचायत के उत्क्रमित प्राथमिक विद्यालय, बाघपिंजरा की गुरुवार को सामने आई स्थिति ने सरकारी विद्यालयों की शैक्षणिक व्यवस्था और मध्यान्ह भोजन योजना के संचालन पर कई सवाल खड़े कर दिए हैं।विद्यालय में कुल 335 छात्र-छात्राएं नामांकित हैं, लेकिन पूरे विद्यालय की जिम्मेदारी केवल एक प्रधानाध्यापक अशरफ अली के कंधों पर है। ऐसे में बच्चों की पढ़ाई, अनुशासन और विद्यालय संचालन किस प्रकार हो रहा है, इसका सहज अनुमान लगाया जा सकता है। गुरुवार को लगभग 11:30 बजे विद्यालय पर प्रधानाध्यापक अपने कक्ष में कार्यालयी कार्यों में व्यस्त मिले। वहीं दूसरी ओर अधिकांश बच्चे बिना किसी निगरानी के अपनी-अपनी कक्षाओं एवं विद्यालय परिसर में खेलते नजर आए। कई कक्षाओं से शोर-शराबे की आवाजें आ रही थीं, जबकि कुछ बच्चे विद्यालय परिसर के बाहर भी खेल रहे थे।विद्यालय में विद्यार्थियों की उपस्थिति भी अपेक्षाकृत कम पाई गई। कक्षा एक से पांच तक कुल 335 नामांकित छात्रों में से मात्र 145 छात्र ही उपस्थित मिले। इससे विद्यालय में बच्चों की नियमित उपस्थिति और पठन-पाठन व्यवस्था पर भी सवाल उठने लगे हैं। सबसे चिंताजनक बात यह रही कि विद्यालय में गुरुवार को मध्यान्ह भोजन का संचालन पूरी तरह बंद मिला। बच्चों से पूछताछ करने पर उन्होंने बताया कि आज उन्हें भोजन नहीं मिलेगा। इससे बच्चों में मायूसी देखी गई। सरकारी विद्यालयों में पढ़ने वाले अधिकांश बच्चों के लिए मध्यान्ह भोजन पोषण का महत्वपूर्ण माध्यम माना जाता है। ऐसे में योजना का बंद होना गंभीर विषय है।

**क्या कहते हैं प्रधानाध्यापक**

इस संबंध में पूछे जाने पर प्रधानाध्यापक अशरफ अली ने स्वीकार किया कि विद्यालय में चावल उपलब्ध नहीं रहने के कारण गुरुवार को मध्यान्ह भोजन नहीं बनाया जा सका। उन्होंने बताया कि खाद्यान्न समाप्त होने के कारण एमडीएम योजना प्रभावित हुई। विद्यालय में मात्र एक शिक्षक के भरोसे 335 बच्चों की पढ़ाई होना शिक्षा व्यवस्था की वास्तविक तस्वीर को सामने लाता है। इसका सीधा असर बच्चों की गुणवत्तापूर्ण शिक्षा पर पड़ रहा है।

**क्या कहते हैं प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी अटल बिहारी भगत**

इस संबंध में प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी अटल बिहारी भगत ने कहा कि किसी भी परिस्थिति में विद्यालय में ॅऔमध्यान्ह भोजन बंद नहीं होना चाहिए। उन्होंने बताया कि लगभग एक सप्ताह पूर्व ही सभी विद्यालयों के लिए चावल का आवंटन किया जा चुका है। यदि किसी विद्यालय में चावल समाप्त हो रहा था तो संबंधित प्रधानाध्यापक को इसकी सूचना पहले ही बीआरसी कार्यालय को देनी चाहिए थी। उन्होंने कहा कि बाघपिंजरा विद्यालय की ओर से चावल समाप्त होने की कोई सूचना कार्यालय को नहीं दी गई। समय रहते सूचना मिलती तो तत्काल वेंडर के माध्यम से चावल उपलब्ध करा दिया जाता और मध्यान्ह भोजन बाधित नहीं होता।

## हत्या कांड के फरार आरोपी के घर पुलिस ने चिपकाया इश्तेहार, ढोल-नगाड़े के साथ की गई उद्घोषणा



झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।

**राजमहल।** राजमहल थाना कांड संख्या 376/25, दिनांक 22 अक्टूबर 2025, धारा 103(1)/3(5) बीएनएस-2023 के नामजद फरार अभियुक्त गुड्डू महतो, पिता स्वर्गीय हीरालाल महतो, ग्राम चायटोली, थाना राजमहल, जिला साहिबगंज के घर गुरुवार को न्यायालय के आदेश के आलोक में इश्तेहार चिपकाया गया। पुलिस ने विधि-सम्मत प्रक्रिया का पालन करते हुए ढोल-नगाड़े के साथ उद्घोषणा कर गवाहों की उपस्थिति में अभियुक्त के घर पर इश्तेहार चिपकाया किया। इसके साथ ही इश्तेहार को क्षेत्र के प्रमुख चौक-चौराहों एवं माननीय न्यायालय के मुख्य द्वार पर भी चिपकाया गया। पुलिस ने बताया कि न्यायालय के निर्देशानुसार फरार अभियुक्त को निर्धारित अवधि के भीतर न्यायालय में उपस्थित होने का निर्देश दिया गया है। निर्धारित समय के भीतर आत्मसमर्पण नहीं करने की स्थिति में उसके विरुद्ध कानून के अनुरूप आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## राजमहल में भाजपा की संयुक्त बैठक, हर घर तिरंगा यात्रा और समरसता संकल्प अभियान की बनी रणनीति

झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।



**राजमहल/साहिबगंज ।**राजमहल स्थित जिला परिषद भवन के सभागार में आज भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के राजमहल नगर, राजमहल ग्रामीण और तीन पहाड़ मंडल की एक महत्वपूर्ण संयुक्त बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता राजमहल नगर अध्यक्ष दीपक चंद्रवंशी ने की। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व विधायक अनंत कुमार ओझा, भाजपा जिला अध्यक्ष गौतम यादव, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य धर्मेंद्र कुमार तथा साहिबगंज जिला महामंत्री धनंजय मंडल मुख्य रूप से उपस्थित रहे। बैठक के दौरान संगठन की मजबूती पर विस्तार से चर्चा की गई और कार्यकताओं को पार्टी द्वारा दिए गए आगामी कार्यक्रमों को सफलतापूर्वक आयोजित करने का दिशा-निर्देश दिया गया। बैठक में मुख्य रूप से 'हर घर तिरंगा यात्रा' की भव्य सफलता की रूपरेखा तैयार की गई, जिसके तहत राजमहल नगर, तीन पहाड़ और राजमहल ग्रामीण क्षेत्र से संयुक्त रूप से एक भव्य तिरंगा यात्रा निकाली जाएगी। इसके अलावा, संत शिरोमणि गुरु रविदास जी की 650वीं जयंती वर्ष के अवसर पर पार्टी द्वारा चलाए जा रहे 'समरसता संकल्प अभियान' पर चर्चा की गई। इसके अंतर्गत उनकी जन्मस्थली से लाई गई पवित्र कलश मिट्टी के साहिबगंज पहुंचने पर मठ-मंदिरों में पूजा-अर्चना के साथ भव्य शोभा यात्रा निकालने का निर्णय लिया गया। इस मौके पर सोनेलाल ठाकुर, तीन पहाड़ मंडल अध्यक्ष चंदन श्रीवास्तव, राजेश मंडल, परमानंद मंडल, किशोर जैन, संजय प्रमाणिक, निर्भय सिंह, गोपू श्रीवास्तव, कैलाश पासवान, बिंदेश्वरी यादव और फेकू बसाक सहित कई वरिष्ठ पार्टी पदाधिकारी व कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## मोहब्बतपुर के पास सड़क हादसे में बाइक सवार युवक गंभीर रूप से घायल

**साहिबगंज ।**पतना प्रखंड क्षेत्र के मोहब्बतपुर में बुधवार देर रात एक सड़क दुर्घटना में बाइक सवार युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। दुर्घटना उस समय हुई जब युवक दुगार्पुर की ओर से अपने घर लौट रहा था। हादसे के बाद स्थानीय लोगों ने तत्परता दिखाते हुए घायल को इलाज के लिए अस्पताल पहुंचाया। प्राप्त जानकारी के अनुसार धर्मपुर निवासी छोटका किस्कू (पिता- किशुन किस्कू) अपनी ससुराल से बाइक से घर लौट रहे थे। इसी दौरान मोहब्बतपुर के समीप अचानक बाइक से उनका संतुलन बिगड़ गया, जिससे बाइक अनियंत्रित होकर सड़क पर दुर्घटनाग्रस्त हो गई। हादसा इतना गंभीर था कि युवक को गंभीर चोटें आईं। दुर्घटना की सूचना मिलते ही आसपास के लोग मौके पर पहुंचे और घायल युवक को तत्काल उपचार के लिए अस्पताल भेजा। स्थानीय लोगों का कहना है कि देर रात के समय सड़क पर वाहन चलाते समय विशेष सावधानी बरतने की आवश्यकता होती है। पुलिस एवं प्रशासन भी वाहन चालकों से निर्धारित गति सीमा का पालन करने तथा हेलमेट पहनकर सुरक्षित यात्रा करने की अपील करते रहे हैं।

## चलती ट्रेन में मोबाइल चोरी का प्रयास विफल, दो महिला चोर गिरफ्तार; दो चोरी के मोबाइल बरामद

झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।



**बरहरवा/साहिबगंज।** जयनगर-हावड़ा पैसेंजर (ट्रेन संख्या 13032) में बुधवार (05 अगस्त) को यात्रियों की सतर्कता से मोबाइल चोरी की एक घटना विफल हो गई। एक महिला यात्री का मोबाइल चोरी करने का प्रयास कर रही दो महिलाओं को यात्रियों ने रंगे हाथ पकड़ लिया और उन्हें आरपीएफ कैंप तीनपहाड़ के हवाले कर दिया। घटना की सूचना मिलते ही आरपीएफ पोस्ट बरहरवा के निरीक्षक संजीव कुमार अपनी टीम के साथ तत्काल तीनपहाड़ कैंप पहुंचे। टीम में आरपीएफ कर्मी अनिल कुमार साह, चंदन कुमार राम, जितेंद्र प्रसाद यादव तथा महिला आरक्षी स्वीटी कुमारी शामिल थीं। पूछताछ के दौरान गिरफ्तार महिलाओं ने अपनी पहचान लक्ष्मी देवी (36), निवासी रानीगंज, जिला पश्चिम बर्धमान तथा सुनीता पासी उर्फ छौंछू पासी (24), निवासी कुल्टी, जिला पश्चिम बर्धमान (पश्चिम बंगाल) के रूप में बताई। दोनों ने स्वीकार किया कि वे पिछले लगभग पांच वर्षों से बर्धमानझपटना रेलखंड पर चलने वाली विभिन्न ट्रेनों में यात्रियों के मोबाइल फोन चोरी करने का काम करती रही हैं। जांच में यह भी सामने आया कि सुनीता पासी के खिलाफ वर्ष 2022 में जीआरपी पटना थाना में भी मोबाइल चोरी का मामला दर्ज है। महिला आरक्षी द्वारा नियमानुसार तलाशी लेने पर दोनों महिलाओं के पास से चोरी के दो मोबाइल फोन बरामद किए गए, जिनकी अनुमानित कीमत 44,998 रुपये बताई गई। पूछताछ में दोनों ने स्वीकार किया कि ये मोबाइल उसी दिन यात्रियों से चोरी किए गए थे। हालांकि वे मोबाइल फोन के संबंध में कोई वैध दस्तावेज प्रस्तुत नहीं कर सकीं। इसके बाद आरपीएफ निरीक्षक संजीव कुमार ने स्वतंत्र गवाहों की मौजूदगी में दोनों मोबाइल फोन को जब्त करते हुए आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी की। बाद में दोनों आरोपित महिलाओं, बरामद मोबाइल फोन तथा संबंधित दस्तावेजों को अग्रिम कानूनी कार्रवाई के लिए जीआरपी थाना बरहरवा को सौंप दिया गया।

## मिजाचौकी थाना में सदर इंस्पेक्टर की समीक्षा बैठक, लंबित कांडों के शीघ्र निष्पादन का निर्देश



**मंडरो/साहिबगंज।** साहेबगंज सदर इंस्पेक्टर अमित कुमार ने गुरुवार को मिजाचौकी थाना पहुंचकर लंबित कांडों एवं विधि–व्यवस्था की समीक्षा की। बैठक में थाना प्रभारी रूपेश कुमार यादव सहित सभी पुलिस पदाधिकारी मौजूद रहे। इंस्पेक्टर ने एक–एक लंबित मामले की प्रगति की जानकारी लेते हुए अनुसंधान में तेजी लाने, फरार अभियुक्तों की गिरफ्तारी, वारंट एवं कुर्की निष्पादन, लंबित केसों का समयबद्ध निष्पादन तथा नियमित गश्ती और अपराध नियंत्रण पर विशेष जोर दिया। उन्होंने अभिलेखों का भी निरीक्षण कर आवश्यक दिशा–निर्देश दिए। साथ ही जनता से बेहतर व्यवहार, शिकायतों के त्वरित निस्तारण और कानून–व्यवस्था को प्रभावी बनाए रखने के निर्देश दिए।

## प्रखंड मुख्यालय में 60 किसानों के बीच अनुदानित मूंग बीज का वितरण



झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।

**साहिबगंज।** प्रखंड मुख्यालय परिसर में गुरुवार को आत्मा योजना के तहत बीटीएम राजदेव प्रसाद सिंह के नेतृत्व में किसानों के बीच अनुदानित मूंग बीज का वितरण किया गया। कार्यक्रम के तहत प्रखंड क्षेत्र के 60 चयनित किसानों को मूंग बीज उपलब्ध कराया गया।इस अवसर पर बीटीएम राजदेव प्रसाद सिंह ने किसानों से समय पर मूंग की बुआई करने तथा कृषि विभाग द्वारा सुझाई गई वैज्ञानिक खेती की तकनीकों को अपनाने की अपील की। उन्होंने कहा कि मूंग की खेती किसानों की आय बढ़ाने के साथ-साथ भूमि की उर्वरा शक्ति में भी सुधार करती है। साथ ही दलहनी फसलों के उत्पादन को बढ़ावा देने में भी इसकी महत्वपूर्ण भूमिका है।बीज प्राप्त करने वाले किसानों ने राज्य सरकार एवं कृषि विभाग की इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि अनुदानित बीज मिलने से उन्हें कम लागत में बेहतर खेती करने का अवसर मिलेगा, जिससे उनकी आर्थिक स्थिति भी मजबूत होगी।कार्यक्रम के दौरान आत्मा के एटीएम कुमार सत्या सहित कृषि विभाग के अन्य कर्मी एवं बड़ी संख्या में किसान उपस्थित रहे।

## तीनपहाड़ में इमामे हुसैन की सहादत कि याद में चहेलुम पर्व बड़े ही हर्षोल्लास के साथ मनाया गया




झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।

**तीनपहाड़/साहिबगंज।** तीनपहाड़ में इमामे हुसैन की सहादत कि याद में मनाया जाने वाला पर्व चहेलुम गुरुवार को बड़े ही हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। यह पर्व मुहर्रम के चालीस दिन बाद मनाया जाता है चहेलुम के दसमी को सार्वजनिक चहेलुम कमेटी तीनपहाड़ के नेतृत्व में इमामबाड़ा से ताजिया अखाड़ा व जुलूस निकाली गयी। जो हाथीगड,बैंक मोड ,नीचे टोला ,मुख्य बाजार होते हुए देर रात्रि को इमामबाड़ा पहुँचा। इस दौरान खिलाड़ियों ने एक से बढ़ कर एक खेलो का करतब दिखाया साथ ही तीनपहाड़ बाजार में मेला जैसा नजारा लगा रहा इसके साथ ही जगह जगह शर्बत और तबरुक को बाटा गया। वहीं चहेलुम पर बंगाल के रामपुरहाट, बर्धवान, नलहाटी ,झारखण्ड के दुमका,पाकुड़ ,बरहरवा, बिहार के भागलपुर ,नाथनगर, कटिहार ,पीरपैंती,कहलगांव, शिवनारायणपुर ,मिजाचौकी के अलावे सहिबगंज और राजमहल के लोग खेलो का करतब दिखाने और ताजिया देखने पहुँचे थे। इसके अलावे बेहतर खेल प्रदर्शन करने वालो को कमेटी द्वारा पुरस्कृत भी किया गया। वही चहेलुम पर्व को लेकर तीनपहाड़ थाना प्रभारी मृत्युंजय कुमार पांडे अपने दल बल के साथ मुस्तैद थे। इसको सफल बनाने में कमेटी के सदस्यों का योगदान सराहनीय रहा।

## श्रीवास मंडल टोला में हुआ विद्यालय प्रबंधन समिति का पुनर्गठन

# अब्दुल रज्जाक अध्यक्ष तथा कौसरा बीबी को उपाध्यक्ष बनाया गया

झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।



**उधवा/साहिबगंज ।**झारखंड शिक्षा परियोजना, रांची के निदेर्शानुसार गुरुवार को उधवा प्रखंड अंतर्गत उत्क्रमित मध्य विद्यालय, श्रीवास मंडल टोला में विद्यालय प्रबंधन समिति का पुनर्गठन किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में अभिभावकों की सहभागिता रही ।सर्वसम्मति से अब्दुल रज्जाक को विद्यालय प्रबंधन समिति का अध्यक्ष तथा कौसरा बीबी को उपाध्यक्ष चुना गया ।समिति के पुनर्गठन की प्रक्रिया प्रखंड संसाधन केंद्र (बीआरसी) उधवा द्वारा प्रतिनियुक्त पर्यवेक्षक सह सीआरसी बाबूलाल मंडल की देखरेख में शांतिपूर्ण एवं पारदर्शी ढंग से संपन्न हुई। इस दौरान समिति के अध्यक्ष, उपाध्यक्ष के साथ-साथ अन्य सदस्यों का भी चयन किया गया। पर्यवेक्षक ने उपस्थित अभिभावकों को विद्यालय प्रबंधन समिति की भूमिका एवं जिम्मेदारियों की जानकारी देते हुए कहा कि समिति विद्यालय में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, छात्रों की नियमित उपस्थिति, आधारभूत सुविधाओं के विकास तथा विभिन्न सरकारी योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। उन्होंने विद्यालय और अभिभावकों के बीच बेहतर समन्वय स्थापित करने पर भी बल दिया। नवनिर्वाचित अध्यक्ष अब्दुल रज्जाक ने सभी अभिभावकों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि वे विद्यालय के सर्वांगीण विकास, बच्चों की बेहतर शिक्षा और आवश्यक सुविधाओं के विस्तार के लिए सभी सदस्यों एवं शिक्षकों के साथ मिलकर कार्य करेंगे।मौके पर शिक्षक शमशुल हक, ग्रामीण बबलू शेख, जाहिर शेख, मुबारक शेख, माया बीबी, फिरोजा बीबी, नूरुद्दीन शेख सहित कई अभिभावक एवं ग्रामीण उपस्थित थे।

## बरहेट सीएचसी में प्रबंध समिति की बैठक, रक्तदान शिविर का भी हुआ आयोजन



**साहिबगंज ।**सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बरहेट में प्रबंध समिति की एक बैठक आयोजित की गई जिसकी अध्यक्षता प्रखंड प्रमुख सह झामुमो प्रखंड अध्यक्ष बर्नार्ड मरांडी ने किया ।साथ ही रक्तदान शिविर का आयोजन हुआ। जिसमें झामुमो के सक्रिय सदस्य पप्पू कुमार भगत ने एक यूनिट रक्तदान किया। साथ ही साथ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का निरिक्षण भी किया गया। प्रखंड प्रमुख बर्नार्ड मरांडी ने चिकित्सा पदाधिकारी पंकज कर्मकार जी को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के परिसर को साफ सफाई रखने का सुझाव भी दिए। मौके पर झामुमो प्रखंड सचिव मुजिबुर रहमान,छवि हेंब्रम,डाक्टर संतोष टुडू, डाक्टर जियाउर रहमान,जिप सदस्य जेठा मुर्मू,समदा सोरेन,संजय सोरेन, राकेश बेसरा सहित सभी स्वास्थ्य कर्मी एवं अन्य मौजूद थे।

## हरिनसिंग स्टेशन पर नॉन इंटरलॉकिंग कार्य, 7-8 अगस्त को कई ट्रेनों के परिचालन में बदलाव



**साहिबगंज ।**हावड़ा रेलमंडल के हरिनसिंग रेलवे स्टेशन पर 7 अगस्त की सुबह 8 बजे से 8 अगस्त की दोपहर 2 बजे तक नॉन इंटरलॉकिंग कार्य किया जाएगा। इस कारण इस दौरान कई ट्रेनों के परिचालन में बदलाव किया गया है। रेलवे के अनुसार 7 अगस्त को 13015 हावड़ा-जमालपुर कविगुरु एक्सप्रेस का परिचालन रामपुरहाट-गुमानी-साहिबगंज के रास्ते डायवर्ट किया जाएगा। ब्लॉक शुरू होने से पहले इस सेक्शन में अप दिशा की आखिरी ट्रेन 63081 और डाउन दिशा की आखिरी ट्रेन 63142 होगी ।वहीं, ब्लॉक समाप्त होने के बाद अप दिशा में पहली ट्रेन 63141 और डाउन दिशा में पहली ट्रेन 22310 चलाई जाएगी। 8 अगस्त को 63081 रामपुरहाट-जसीडीह मेमू और 63142 गोड्डा-सियालदह मेमू को रास्ते में उचित रूप से नियंत्रित कर चलाया जाएगा। इस दिन ब्लॉक से पहले अप दिशा की आखिरी ट्रेन 22309 और डाउन दिशा की आखिरी ट्रेन 13016 रहेगी। ब्लॉक के बाद अप दिशा में 63081 और डाउन दिशा में 63142 पहली ट्रेन के रूप में संचालित होगी रेलवे ने यात्रियों से अनुरोध किया है कि वे यात्रा से पहले ट्रेनों की समय-सारिणी की जानकारी अवश्य ले लें ताकि उन्हें असुविधा न हो।

## घर लौटने से पहले ट्रेन हादसे में प्रवासी मजदूर की मौत, परिवार पर टूटा दुखों का पहाड़



**साहिबगंज ।**घर लौटने की खुशी कुछ ही घंटों की दूरी पर थी, लेकिन उससे पहले ही मौत ने दस्तक दे दी। राधानगर थाना क्षेत्र के दक्षिण बेगमगंज गैस टोला निवासी 35 वर्षीय नसीम शेख की दमदम रेलवे स्टेशन के पास ट्रेन से गिरकर दर्दनाक मौत हो गई। इस घटना से पूरे परिवार और गांव में मातम पसरा हुआ है। परिजनों के अनुसार, नसीम शेख करीब डेढ़ महीने पहले रोजी-रोटी की तलाश में मुंबई गए थे। काम पूरा होने के बाद 2 अगस्त को वह घर लौटने के लिए रवाना हुए। मुंबई से सियालदह रेलवे स्टेशन पहुंचने के बाद बुधवार सुबह करीब चार बजे सियालदह-लालगोला पैसेंजर ट्रेन से अपने गांव लौट रहे थे। इसी दौरान दमदम रेलवे स्टेशन के समीप अचानक ट्रेन से गिरने से उनकी मौत हो गई। बताया जाता है कि साथ यात्रा कर रहे लोगों ने काफी देर तक नसीम को नहीं देखा तो उनकी तलाश शुरू की। सूचना मिलने पर उनके साथी रेलवे ट्रैक के किनारे घटनास्थल पर पहुंचे, जहां नसीम मृत अवस्था में मिले। घटना की सूचना पर रेल थाना पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम कराया और बाद में परिजनों को सौंप दिया। नसीम शेख अपने परिवार के इकलौते कमाने वाले सदस्य थे। उनके परिवार में पत्नी, एक बेटी और दो छोटे बेटे हैं। जिस घर में उनके सकुशल लौटने का इंतजार हो रहा था, वहां उनकी मौत की खबर पहुंचते ही कोहराम मच गया। गांव में शोक की लहर है और मासूम बच्चों के सिर से पिता का साया उठ जाने से हर किसी की आंखें नम हैं।

## बरहरवा में 283 छात्र-छात्राओं के बीच साइकिलों का वितरण



**बरहरवा/साहिबगंज।** प्रखंड कल्याण विभाग की ओर से गुरुवार को बरहरवा क्लस्टर प्वाइंट पर विभिन्न विद्यालयों के छात्र-छात्राओं के बीच साइकिलों का वितरण किया गया। कार्यक्रम में प्रखंड कल्याण पदाधिकारी नवीन कुमार एवं संबंधित विद्यालयों के प्रभारी प्रधानाध्यापक उपस्थित रहे। वितरण के दौरान मध्य विद्यालय बिशनपुर के 53, मध्य विद्यालय कोटालपोखर के 93, उत्क्रमित उच्च विद्यालय बटाईल के 77 तथा उत्क्रमित मध्य विद्यालय मिजार्पुर उर्दू के 60 छात्र-छात्राओं को साइकिलें प्रदान की गईं। इस प्रकार कुल 283 लाभुकों को योजना के तहत साइकिल उपलब्ध कराई गई। प्रखंड कल्याण पदाधिकारी नवीन कुमार ने कहा कि सरकार की इस योजना का उद्देश्य विद्यार्थियों को विद्यालय आने-जाने में सुविधा प्रदान करना तथा शिक्षा के प्रति उन्हें प्रोत्साहित करना है। उन्होंने छात्रों से नियमित रूप से विद्यालय आने और साइकिल का सुरक्षित उपयोग करने की अपील की। कार्यक्रम शांतिपूर्ण एवं सुव्यवस्थित ढंग से संपन्न हुआ।

## बोरियो में पीडीएस दुकानदारों के साथ समीक्षा बैठक, पारदर्शी राशन वितरण के दिए निर्देश



**साहिबगंज ।**बोरियो प्रखंड कार्यालय के सभागार में गुरुवार को प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी सुभाष कुमार की अध्यक्षता में जन वितरण प्रणाली (पीडीएस) के दुकानदारों के साथ समीक्षा बैठक आयोजित की गई ।बैठक में खाद्यान्न वितरण की स्थिति, ई-केवाईसी, समय पर राशन वितरण, लाभुकों की शिकायतों के त्वरित निष्पादन तथा सरकार के निर्देशों के अनुपालन की समीक्षा की गई। एमओ सुभाष कुमार ने सभी पीडीएस दुकानदारों को निर्धारित समय पर पारदर्शिता के साथ राशन वितरण सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि प्रत्येक पात्र लाभुक को बिना किसी भेदभाव के समय पर खाद्यान्न उपलब्ध कराना सरकार की प्राथमिकता है। वितरण में किसी प्रकार की अनियमितता या लापरवाही पाए जाने पर संबंधित दुकानदारों के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। एमओ ने राशन दुकानदारों की समस्याएं भी सुनी गई तथा उनके समाधान का आश्वासन दिया गया। मौके पर मो. असलम, ओम प्रकाश साह, मोहन कुमार रक्षित, छठू साह, बरन किस्कू, शशि कांत साह, उत्तम ढोली, मीना देवी, कांत लाल साह, सुनील मुर्मू, छोटे लाल आदि थे।

## आगामी स्वतंत्रता दिवस को लेकर मिर्जाचौकी पुलिस प्रशासन पूरी तरह सतर्क

**मंडरो/साहिबगंज ।**आगामी स्वतंत्रता दिवस के मद्देनजर वरीय पदाधिकारियों के निर्देश पर मिजाचौकी थाना पुलिस पूरी तरह सतर्क है। इसी क्रम में थाना प्रभारी रूपेश कुमार यादव के निदेर्शानुसार थाना क्षेत्र के विभिन्न स्थानों पर सघन वाहन जांच अभियान चलाया गया। इस दौरान दोपहिया एवं चारपहिया वाहनों के दस्तावेजों की जांच की गई तथा संदिग्ध वाहनों और व्यक्तियों पर विशेष नजर रखी गई ।पुलिस अधिकारियों ने बताया कि स्वतंत्रता दिवस को शांतिपूर्ण एवं सुरक्षित वातावरण में संपन्न कराने के उद्देश्य से यह अभियान चलाया जा रहा है। साथ ही वाहन चालकों से यातायात नियमों का पालन करने, आवश्यक दस्तावेज साथ रखने तथा पुलिस जांच में सहयोग करने की अपील की गई।

# शुभम साहू के परिजनों से मिले पूर्व राज्यसभा सांसद धीरज प्रसाद साहू, दोषियों को कड़ी सजा दिलाने का दिलाया भरोसा






**झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।**
**लोहरदगा** के युवा व्यवसायी शुभम साहू की हत्या के बाद शोक की लहर अभी भी बनी हुई है। इसी क्रम में पूर्व राज्यसभा सांसद धीरज प्रसाद साहू ने शुभम साहू के आवास पहुंचे और शोकाकुल परिजनों से मुलाकात कर उन्हें सांत्वना दी। उन्होंने दिवंगत शुभम साहू को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि इस कठिन समय में पूरा समाज परिवार के साथ खड़ा है और न्याय दिलाने के लिए हरसंभव प्रयास किया जाएगा।

धीरज प्रसाद साहू ने शुभम के माता-पिता एवं अन्य परिजनों से मिलकर उनकी पीड़ा सुनी और उन्हें ढांढस बंधाया। उन्होंने कहा कि एक युवा व्यवसायी की इस तरह निर्मम हत्या अत्यंत दुखद और चिंताजनक घटना है। ऐसे मामलों में दोषियों को किसी भी कीमत पर बख्शा नहीं जाना चाहिए। उन्होंने विश्वास दिलाया कि परिवार को न्याय दिलाने के लिए हर स्तर पर आवश्यक पहल की जाएगी।

इस दौरान पूर्व सांसद ने लोहरदगा पुलिस अधीक्षक से भी दूरभाष पर बातचीत की। उन्होंने एसपी से कहा कि इस जघन्य अपराध में शामिल अपराधियों के विरुद्ध कानून के अनुसार कठोर से कठोर कार्रवाई सुनिश्चित की जाए, ताकि भविष्य में कोई भी अपराधी इस प्रकार की वारदात करने का दुस्साहस न कर सके। उन्होंने कहा कि अपराधियों को कड़ी सजा मिलना समाज में कानून के प्रति विश्वास बनाए रखने के लिए जरूरी है।

धीरज प्रसाद साहू ने कहा कि लोहरदगा हमेशा से शांतिप्रिय जिला रहा है। हाल के दिनों में अपराध की घटनाओं ने लोगों में चिंता बढ़ाई है। ऐसे में पुलिस प्रशासन को अपराध पर प्रभावी नियंत्रण के लिए लगातार सख्त कदम उठाने होंगे। उन्होंने कहा कि निर्दोष लोगों की सुरक्षा और कानून व्यवस्था बनाए रखना प्रशासन की प्राथमिक जिम्मेदारी है।उन्होंने शोक संतप्त परिवार को हरसंभव सहयोग का भरोसा देते हुए कहा कि दुख की इस घड़ी में वे परिवार के साथ पूरी संवेदनशीलता के साथ खड़े हैं। समाज के सभी वर्गों को भी पीड़ित परिवार का मनोबल बढ़ाने और न्याय की इस लड़ाई में साथ देने की आवश्यकता है।

मौके पर विधायक प्रतिनिधि निशिथ जायसवाल, निश्चय वर्मा, नगर परिषद के उपाध्यक्ष अब्दुल कादिर, अनुज साहू, अरुण साहू सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित थे। सभी ने दिवंगत शुभम साहू को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए परिजनों के प्रति अपनी संवेदना व्यक्त की तथा दोषियों के खिलाफ कठोर कार्रवाई की मांग दोहराई।गौरतलब है कि पिछले दिनों लोहरदगा में युवा व्यवसायी शुभम साहू की हत्या कर दी गई थी। इस घटना के बाद पूरे जिले में आक्रोश का माहौल बन गया था। विभिन्न सामाजिक, व्यापारिक और राजनीतिक संगठनों ने घटना की कड़ी निंदा करते हुए दोषियों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की मांग की थी। पुलिस ने मामले में त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है, वहीं अब परिजन और आमजन मामले में शीघ्र न्याय एवं दोषियों को कड़ी से कड़ी सजा मिलने की अपेक्षा कर रहे हैं।

## लोहरदगा सांसद श्री सुखदेव भगत सहित कई सदस्य हुएशामिल



**झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।**

**कोयला एवं खनन संबंधी संसदीय स्थाई समिति की बैठक संपन्न,**

**लोहरदगा:** संसद की कोयला खान और इस्पात संबंधी स्थायी समिति नई दिल्ली में एक महत्वपूर्ण बैठक समिति के अध्यक्ष सांसद अनुराग ठाकुर की अध्यक्षता में हुआ ।बैठक में लोहरदगा लोकसभा के माननीय सांसद श्री सुखदेव भगत, आसनसोल सांसद श्री शत्रुघ्न सिन्हा एवं वरिष्ठ पदाधिकारी भी मौजूद थे। बैठक में सांसद सुखदेव भगत ने कोयला और लिग्नाइट क्षेत्र में आत्म निर्भर भारत के तहत घरेलू उत्पादन बढ़ाने एवं आयात पर निर्भरता कम करने, अवैध कोयला खनन और चोरी को पूरी तरह रोकने तथा इसके लिए खनन प्रहरी, मोबाइल एप और सैटेलाइट सर्विलांस को मजबूत करने पर बल दिए। खदानों से कोयला के परिवहन और स्टॉक की रियल टाइम टैकिंन के लिए कोयला शक्ति डैशबोर्ड को पूरी तरह सक्रिय रखने पर बल दिए। बैठक से पूर्व सांसद सुखदेव भगत और सांसद शत्रुघ्न सिन्हा ने बैठक के एजेंडे पर विस्तार से कोयला क्षेत्र में आत्मनिर्भरता ,पारदर्शिता और अवैध माइनिंग को रोकने जैसे महत्वपूर्ण विषय पर चर्चा किये।

## चेहल्लुम मेला में शामिल हुए पूर्व सांसद धीरज प्रसाद साहू



**झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।**

**पारंपरिक लाठी खेल का किया शुभारंभ**

**लोहरदगा:** सेंट्रल मोहर्रम कमेटी, किस्को के तत्वावधान में आयोजित चेहल्लुम मेला एवं पारंपरिक लाठी खेल प्रतियोगिता में इंटक के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व सांसद धीरज प्रसाद साहू मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। कार्यक्रम स्थल पहुंचने पर कमेटी के पदाधिकारियों, जनप्रतिनिधियों एवं स्थानीय नागरिकों ने उनका फूल-माला पहनाकर स्वागत किया। इस अवसर पर उन्हें प्रतीक चिन्ह एवं शॉल भेंट करसम्मानित भी किया गया। कार्यक्रम के दौरान पूर्व सांसद धीरज प्रसाद साहू ने पारंपरिक लाठी खेल का शुभारंभ किया तथा खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर उनका उत्साहवर्धन किया। उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजन हमारी सांस्कृतिक परंपराओं को जीवंत बनाए रखने के साथ-साथ युवाओं में अनुशासन, साहस और सामाजिक एकता की भावना को भी मजबूत करते हैं। अपने संबोधन में श्री साहू ने कहा कि चेहल्लुम हजरत इमाम हुसैन की शहादत की याद में मनाया जाने वाला आस्था, त्याग, सत्य और इंसानियत का पर्व है। इमाम हुसैन का जीवन पूरी मानवता को सत्य, धैर्य, भाईचारे और इंसाफ के मार्ग पर चलने की प्रेरणा देता है। उन्होंने कहा कि चेहल्लुम का संदेश सभी लोगों को प्रेम, सौहार्द, आपसी भाईचारे और सामाजिक सद्भाव के साथ रहने की सीख देता है। उन्होंने सेंट्रल मोहर्रम कमेटी को सफल आयोजन के लिए बधाई देते हुए कहा कि इस प्रकार के आयोजन समाज में एकता और गंगा- जमुनी तहजीब को और मजबूत करते हैं ।चेहल्लुम मेले में बड़ी संख्या में लोगों की उपस्थिति रही। कार्यक्रम में मुख्य रूप से एसडीपीओ किस्को दिवाकर कुमार, जिला परिषद अध्यक्ष सुखदेव उरांव, जिला परिषद सदस्य संदीप गुप्ता, विधायक प्रतिनिधि निशीथ जायसवाल, अंजुमन इस्लामिया के नाज़िम-ए-आला अब्दुल जब्बार अंसारी, नगर परिषद उपाध्यक्ष अब्दुल कादिर, किस्को थाना प्रभारी मानस कुमार, सोहराब अंसारी, रौनक केबल, एकरामुल अंसारी, रियाज अंसारी सहित सेंट्रल मोहर्रम कमेटी के पदाधिकारी, समाज सेवी, जनप्रतिनिधि एवं बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे। कार्यक्रम का समापन आपसी सौहार्द, भाईचारे और शांति के संदेश के साथ हुआ। उपस्थित लोगों ने चेहल्लुम मेले की सफलता पर सेंट्रल मोहर्रम कमेटी की सराहना करते हुए भविष्य में भी ऐसे सामाजिक एवं सांस्कृतिक आयोजनों के निरंतर आयोजन की आवश्यकता पर बल दिया।

## 60 छात्र-छात्राओं के बीच साइकिल वितरित



**झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।**

**लोहरदगा:** राज्य सरकार की महत्वाकांक्षी ₹उन्नति का पहिया₹ योजना के तहत गुरुवार को सेन्हा प्रखंड मुख्यालय स्थित राजकीय उत्क्रमित बुनियादी उच्च विद्यालय परिसर में कक्षा आठ के 60 छात्र-छात्राओं के बीच साइकिल का वितरण किया गया।

कार्यक्रम के तहत उत्क्रमित मध्य विद्यालय मेंढ़ो के 29, मुर्की विद्यालय के 17 तथा गगेया विद्यालय के 24 छात्र-छात्राओं को साइकिल प्रदान की गई। साइकिल मिलते ही विद्यार्थियों के चेहरे खुशी से खिल उठे।

इस अवसर पर प्रखंड कल्याण पदाधिकारी अजित कुमार भगत ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि सरकार की इस योजना का उद्देश्य छात्र-छात्राओं को नियमित रूप से विद्यालय आने-जाने की सुविधा उपलब्ध कराना और शिक्षा के प्रति उन्हें प्रोत्साहित करना है। उन्होंने विद्यार्थियों से साइकिल का सुरक्षित उपयोग करने, प्रतिदिन विद्यालय आने तथा मन लगाकर पढ़ाई कर अपने उज्ज्वल भविष्य का निर्माण करने की अपील की। विद्यालय के शिक्षकों ने कहा कि साइकिल मिलने से दूर-दराज के गांवों से आने वाले छात्र-छात्राओं को विद्यालय पहुंचने में काफी सुविधा होगी। इससे समय की बचत होगी और विद्यालय में नियमित उपस्थिति भी बढ़ेगी। साइकिल वितरण कार्यक्रम में प्रखंड कल्याण पदाधिकारी अजित कुमार भगत, शिक्षक गोविंद सिंह, मेराज आलम, चांदनी शाहदेव सहित विद्यालय के अन्य शिक्षक एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

## शंख नदी से जल उठाकर बड़ा तालाब शिव मंदिर में कावड़िये करेंगे जलाभिषेक:-विजय खत्री

**झारखंड उजाला ब्यूरो पलामू**

**श्रद्धालुओं की सेवा ही हमारा मुख्य उद्देश्य:- पुलिस अधीक्षक लोहरदगा,सावन की दूसरी सोमवारी पर उमड़ेगा आस्था का सैलाब:-सनी साहू**

**लोहरदगा:** पवित्र सावन माह के दूसरे सोमवार (10 अगस्त) को जिले में भव्य कांवड़ यात्रा निकाली जाएगी। इस अवसर पर हजारों श्रद्धालु शंख नदी के तट से पवित्र जल भरकर शहर के प्रमुख मार्गों से होते हुए बड़ा तालाब स्थित ऐतिहासिक शिव मंदिर पहुंचेंगे और भगवान आशुतोष का जलाभिषेक करेंगे। कांवड़ यात्रा का शुभारंभ सोमवार प्रातः 7:30 बजे शंख नदी से होगा। हर-हर महादेव और बम-बम भोले के जयकारों के साथ श्रद्धालुओं का जत्था पतरा टोली, ब्लॉक मोड़, साइडिंग, पावरगंज और अमला टोली होते हुए बड़ा तालाब शिव मंदिर प्रांगण पहुंचेगा। कांवड़ यात्रा की तैयारियों पर बात करते हुए संरक्षक विजय खत्री ने कहा, सावन की सोमवारी पर निकलने वाली यह कांवड़ यात्रा केवल एक धार्मिक आयोजन नहीं, बल्कि लोहरदगा की सामूहिक आस्था और एकता का प्रतीक है। दूर-दराज से आने वाले शिवभक्तों की सेवा करना हमारे लिए सौभाग्य की बात है। पूरे यात्रा मार्ग में कांवड़ियों की सुविधा के लिए जगह-जगह शुद्ध पेयजल, फल-शरबत, महाप्रसाद और प्राथमिक चिकित्सा के व्यापक इंतजाम किए जा रहे हैं। हमारी टीम का प्रयास रहेगा कि किसी भी श्रद्धालु को कोई परेशानी न हो और सभी सुगमतापूर्वक जलाभिषेक कर सकें।कार्यक्रम के अध्यक्ष सनी साहू और समाजसेवी सचिन कुमार साहू ने बताया कि आयोजन की रूपरेखा तैयार कर ली गई है। आयोजकों ने लोहरदगा जिले की समस्त जनता, सनातन धर्मावलंबियों, माताओं एवं बहनों से इस पावन यात्रा में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेने और भगवान शिव का आशीर्वाद प्राप्त करने का आह्वान किया है।

# चेहल्लुम मेला में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए पूर्व सांसद धीरज प्रसाद साहू, पारंपरिक लाठी खेल का किया शुभारंभ






**झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।**

**लोहरदगा:** सेंट्रल मोहर्रम कमेटी, किस्को के तत्वावधान में आयोजित चेहल्लुम मेला एवं पारंपरिक लाठी खेल प्रतियोगिता में इंटक के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व सांसद धीरज प्रसाद साहू मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। कार्यक्रम स्थल पहुंचने पर सेंट्रल मोहर्रम कमेटी के पदाधिकारियों, जनप्रतिनिधियों एवं स्थानीय नागरिकों ने उनका फूल-माला पहनाकर गर्मजोशी के साथ स्वागत किया। इसके पश्चात कमेटी की ओर से उन्हें प्रतीक चिन्ह भेंट कर एवं शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के दौरान पूर्व सांसद धीरज प्रसाद साहू ने पारंपरिक लाठी खेल का शुभारंभ किया तथा खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर उनका उत्साहवर्धन किया। उन्होंने खेल में भाग ले रहे युवाओं की सराहना करते हुए कहा कि इस प्रकार के आयोजन हमारी सांस्कृतिक परंपराओं को जीवंत बनाए रखने के साथ-साथ युवाओं में अनुशासन, साहस और सामाजिक एकता की भावना को भी मजबूत करते हैं। अपने संबोधन में श्री साहू ने कहा कि चेहल्लुम हजरत इमाम हुसैन की शहादत की याद में मनाया जाने वाला आस्था, त्याग, सत्य और इंसानियत का पर्व है। इमाम हुसैन ने अन्याय और अत्याचार के विरुद्ध सत्य एवं न्याय की रक्षा के लिए अपना सर्वोच्च बलिदान दिया था। उनका जीवन पूरी मानवता को सत्य, धैर्य, भाईचारे और इंसाफ के मार्ग पर चलने की प्रेरणा देता है। उन्होंने कहा कि चेहल्लुम का संदेश केवल एक समुदाय तक सीमित नहीं है, बल्कि यह सभी लोगों को प्रेम, सौहार्द, आपसी भाईचारे और सामाजिक सद्भाव के साथ रहने की सीख देता है। उन्होंने सेंट्रल मोहर्रम कमेटी को इस सफल आयोजन के लिए बधाई देते हुए कहा कि ऐसे आयोजन समाज में एकता और गंगा-जमुनी तहजीब को और मजबूत करते हैं। चेहल्लुम मेले में बड़ी संख्या में लोगों की उपस्थिति रही। कार्यक्रम में मुख्य रूप से एसडीपीओ किस्को दिवाकर कुमार, जिला परिषद अध्यक्ष सुखदेव उरांव, जिला परिषद सदस्य संदीप गुप्ता, लोहरदगा विधायक प्रतिनिधि निशीथ जायसवाल, अंजुमन इस्लामिया के नाज़िम-ए-आला अब्दुल जब्बार अंसारी, नगर परिषद उपाध्यक्ष अब्दुल कादिर, किस्को थाना प्रभारी मानस कुमार, सोहराब अंसारी, रौनक केबल, एकरामुल अंसारी, रियाज अंसारी सहित सेंट्रल मोहर्रम कमेटी के पदाधिकारी, समाजसेवी, जनप्रतिनिधि एवं बड़ी संख्या में स्थानीय ग्रामीण उपस्थित थे।

कार्यक्रम का समापन आपसी सौहार्द, भाईचारे और शांति के संदेश के साथ हुआ। उपस्थित लोगों ने चेहल्लुम मेले की सफलता पर सेंट्रल मोहर्रम कमेटी की सराहना की तथा भविष्य में भी इसी प्रकार सामाजिक और सांस्कृतिक आयोजनों को निरंतर जारी रखने की बात कही।

## लोहरदगा में राष्ट्रीय जनजातीय रोवर-रेंजर मीट का भव्य आगाज, देशभर के स्काउट-गाइड का हुआ सांस्कृतिक संगम

**पूर्व राज्यसभा सांसद धीरज प्रसाद साहू बोले— छोटे शहर में राष्ट्रीय स्तर के आयोजन से बढ़ा लोहरदगा का गौरव, युवाओं से सेवा, नेतृत्व और राष्ट्र निर्माण का किया आह्वान**

**कुड़ू :** कुड़ू प्रखंड स्थित चीरी डायट सेंटर परिसर में गुरुवार को भारत स्काउट एंड गाइड, लोहरदगा के तत्वावधान में आयोजित राष्ट्रीय जनजातीय रोवर-रेंजर मीट का भव्य शुभारंभ हुआ। देश के विभिन्न राज्यों से पहुंचे स्काउट एवं गाइड प्रतिनिधियों की मौजूदगी में आयोजित इस कार्यक्रम ने राष्ट्रीय एकता, जनजातीय संस्कृति और युवा नेतृत्व का अद्भुत संदेश दिया। समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व राज्यसभा सांसद धीरज प्रसाद साहू तथा विशिष्ट अतिथि के रूप में पूर्व एमएलसी प्रवीण कुमार सिंह, एसडीपीओ श्रद्धा केरकेट्टा सहित कई गणमान्य अतिथि उपस्थित रहे। कार्यक्रम स्थल पर पहुंचने पर अतिथियों का पारंपरिक रीति-रिवाज से भव्य स्वागत किया गया। उन्हें बैज, अंगवस्त्र एवं पगड़ी पहनाकर सम्मानित किया गया। इसके बाद मुख्य एवं विशिष्ट अतिथियों ने दीप प्रज्वलित कर राष्ट्रीय जनजातीय रोवर-रेंजर मीट का विधिवत शुभारंभ किया। भारत स्काउट एंड गाइड के लोहरदगा जिला संगठन आयुक्त गौतम लेनिन ने मुख्य अतिथि को सलामी देकर स्वागत किया, जिसके बाद कार्यक्रम का औपचारिक शुभारंभ हुआ। समारोह की शुरूआत स्वागत गीत और सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से हुई। दक्षिण-पूर्व रेलवे, ओडिशा तथा झारखंड की टीमों ने मनमोहक सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। इसके बाद राजस्थान, छत्तीसगढ़ और एनएफ रेलवे के कलाकारों ने अपनी पारंपरिक लोक संस्कृति एवं जनजातीय नृत्यों की रंगारंग प्रस्तुति देकर पूरे वातावरण को उत्साह और उल्लास से भर दिया। विभिन्न राज्यों की सांस्कृतिक झलकियों ने 'एक भारत-श्रेष्ठ भारत' की भावना को साकार किया। मुख्य अतिथि पूर्व राज्यसभा सांसद धीरज प्रसाद साहू ने अपने संबोधन में कहा कि लोहरदगा जैसे छोटे जिले में भारत स्काउट एंड गाइड के राष्ट्रीय जनजातीय रोवर-रेंजर मीट का आयोजन होना पूरे जिले के लिए गर्व और ऐतिहासिक उपलब्धि की बात है। उन्होंने कहा कि देश के अलग-अलग राज्यों से आए प्रतिभागियों का स्वागत करना लोहरदगा की संस्कृति, आतिथ्य और संगठन क्षमता का परिचायक है। उन्होंने कहा कि भारत स्काउट एंड गाइड केवल अनुशासन का प्रशिक्षण देने वाला संगठन नहीं, बल्कि सेवा, नेतृत्व, आत्मनिर्भरता, सामाजिक उत्तरदायित्व और राष्ट्रभक्ति की भावना विकसित करने वाला सशक्त मंच है। आज के युवाओं को शिक्षा के साथ अच्छे संस्कार, पर्यावरण संरक्षण और समाज सेवा की भावना को भी अपनाना होगा। स्काउट एवं गाइड से जुड़े युवा इन मूल्यों के माध्यम से समाज और राष्ट्र निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं। उन्होंने कहा कि झारखंड की जनजातीय संस्कृति हमारी अमूल्य धरोहर है, जिसे आधुनिक शिक्षा और तकनीक के साथ आगे बढ़ाते हुए संरक्षित रखना हम सभी की जिम्मेदारी है। विशिष्ट अतिथि पूर्व एमएलसी प्रवीण कुमार सिंह ने कहा कि भारत स्काउट एंड गाइड पूरे देश में उत्कृष्ट कार्य कर रहा है। प्राकृतिक आपदा, बाढ़, दुर्घटना या किसी भी संकट की घड़ी में स्काउट एवं गाइड के स्वयंसेवक हमेशा मानव सेवा के लिए सबसे आगे रहते हैं। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय स्तर के इस आयोजन से लोहरदगा की पहचान पूरे देश में और मजबूत होगी तथा यहां के युवाओं को नई प्रेरणा मिलेगी। कार्यक्रम को अन्य अतिथियों ने भी संबोधित करते हुए स्काउट एवं गाइड की गतिविधियों की सराहना की और युवाओं से सेवा, अनुशासन एवं सामाजिक जिम्मेदारी निभाने का आह्वान किया। इस अवसर पर एसडीपीओ श्रद्धा केरकेट्टा, थाना प्रभारी अजीत कुमार, निश्चित जायसवाल, सतीश महतो, सतीश कुमार, पवन पोद्दार, सत्यजीत देवघरिया, राम बाबू चंदवा, ऐनुल अंसारी, गौतम लेनिन, शैलेन्द्र कुमार सुमन, मुमताज अहमद, निश्चय वर्मा, संजू तुरी सहित बड़ी संख्या में स्काउट-गाइड पदाधिकारी, स्वयंसेवक एवं विभिन्न राज्यों से आए प्रतिभागी उपस्थित थे। पूरे कार्यक्रम के दौरान राष्ट्रीय एकता, जनजातीय संस्कृति और युवा शक्ति का उत्साहपूर्ण संगम देखने को मिला।

## तंबाकू नियंत्रण को ले छापेमारी, 10 दुकानदारों से वसूला गया 3,150 जुमार्ना




**लोहरदगा:** जिले में सिगरेट एवं अन्य तंबाकू उत्पाद अधिनियम, 2003 के प्रभावी क्रियान्वयन एवं जन-जागरूकता के उद्देश्य से गुरुवार को तंबाकू नियंत्रण कोषांग, लोहरदगा द्वारा विशेष छापेमारी अभियान चलाया गया।यह अभियान राष्ट्रीय तंबाकू नियंत्रण कार्यक्रम के तहत प्रखंड विकास पदाधिकारी, प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी, थाना प्रभारी, गश्ती दल, जिला सलाहकार राजू प्रामाणिक, तंबाकू नियंत्रण कोषांग तथा आईडीएसपी विभाग के विमलेश कुमार के संयुक्त तत्वावधान में संचालित किया गया।अभियान के दौरान लोहरदगा सदर क्षेत्र के शंख पिकेट, पतरा टोली, पतरा टोली पेट्रोल पंप के समीप तथा बस स्टैंड के सामने स्थित 25 से 30 दुकानों की जांच की गई। जांच के दौरान कोटपा अधिनियम, 2003 की धारा 4, 6ए एवं 6बी का उल्लंघन करने वाले 10 दुकानदारों पर कार्रवाई करते हुए कुल 3,150 रुपये का जुमार्ना वसूला गया।अधिकारियों ने बताया कि धारा-4 के तहत सार्वजनिक स्थानों पर धूम्रपान प्रतिबंधित है, धारा-6ए के अनुसार 21 वर्ष से कम आयु के व्यक्तियों को तंबाकू उत्पाद बेचना प्रतिबंधित है तथा धारा-6बी के तहत शैक्षणिक संस्थानों, अस्पतालों एवं सरकारी कार्यालयों के 100 मीटर के दायरे में तंबाकू उत्पादों की बिक्री पर रोक है। इन प्रावधानों के उल्लंघन पर एक हजार रुपये तक का जुमार्ना लगाया जा सकता है।छापेमारी के दौरान दुकानदारों एवं आम नागरिकों को कोटपा अधिनियम के प्रावधानों की जानकारी दी गई तथा तंबाकू सेवन से होने वाले गंभीर स्वास्थ्य दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक किया गया। अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि सार्वजनिक स्थलों पर तंबाकू सेवन और कानून का उल्लंघन करने वालों के विरुद्ध आगे भी नियमित कार्रवाई जारी रहेगी।जिला प्रशासन ने रेस्टोरेंट, होटल, सार्वजनिक कार्यालयों एवं अन्य सार्वजनिक स्थलों पर धूम्रपान निषेध संबंधी साइनेज बोर्ड लगाने की भी सलाह दी है, ताकि जिले को तंबाकू मुक्त बनाने की दिशा में प्रभावी कदम उठाए जा सकें।इस संबंध में जानकारी असैनिक शल्य चिकित्सक सह मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी, लोहरदगा द्वारा दी गई।यदि चाहें, इसे अखबार की शैली में छोटे इंट्रो और आकर्षक शीर्षक के साथ भी तैयार किया जा सकता है।

## उपायुक्त ने किया ईवीएम वेयरहाउस का मासिक निरीक्षण



लोहरदगा: उपायुक्त-सह-जिला निर्वाचन पदाधिकारी संदीप कुमार मीना ने गुरुवार को ईवीएम वेयरहाउस का मासिक निरीक्षण कर सुरक्षा एवं रखरखाव संबंधी व्यवस्थाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान उपायुक्त ने वेयरहाउस का भौतिक निरीक्षण करते हुए वहां स्थापित सीसीटीवी कैमरों की कार्य स्थिति, अग्निशमन उपकरणों की उपलब्धता, डबल लॉक सिस्टम तथा सुरक्षा कर्मियों की तैनाती की समीक्षा की। उन्होंने वेयरहाउस में प्रवेश एवं निकासी पंजी का भी अवलोकन किया और सुरक्षा मानकों के अनुपालन को सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। इस दौरान उपायुक्त ने उप निर्वाचन पदाधिकारी संजय कुमार को आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए, ताकि ईवीएम के सुरक्षित रखरखाव एवं निर्वाचन संबंधी सभी व्यवस्थाएं निर्धारित मानकों के अनुरूप बनी रहें। निरीक्षण के अवसर पर पीडी आईटीडीए- सह-वरीय पदाधिकारी सुषमा नीलम सोरेंग, उप निर्वाचन पदाधिकारी संजय कुमार, विभिन्न राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि तथा निर्वाचन कार्यालय के कर्मी उपस्थित थे।

# स्वतंत्रता दिवस की तैयारियों को लेकर अनुमंडल कार्यालय में आवश्यक बैठक संपन्न

झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।

अरविंद अग्रवाल@ झारखंड उजाला ब्यूरो पलामू



**छतरपुरः** आगामी स्वतंत्रता दिवस समारोह को गरिमामय, शांतिपूर्ण एवं सफलतापूर्वक आयोजित करने को लेकर छतरपुर अनुमंडल कार्यालय के सभागार में एक आवश्यक बैठक आयोजित की गई। अनुमंडल पदाधिकारी की अनुपस्थिति में बैठक की अध्यक्षता भूमि सुधार उप समाहर्ता (एलआरडीसी) मोहम्मद अनीश ने की। बैठक में क्षेत्र के सभी सरकारी एवं गैर-सरकारी संस्थानों में ध्वजारोहण के समय का निर्धारण किया गया। साथ ही युवाओं में खेल भावना, आपसी सौहार्द एवं राष्ट्रीय एकता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से छतरपुर उच्च विद्यालय मैदान में मैत्री फुटबॉल मैच आयोजित करने का निर्णय लिया गया। बैठक की अध्यक्षता करते हुए एलआरडीसी मोहम्मद अनीश ने कहा कि, ₹स्वतंत्रता दिवस हम सभी देशवासियों के लिए गौरव, स्वाभिमान और राष्ट्रीय सम्मान का पर्व है। यह वह पावन अवसर है, जब हम उन अमर शहीदों को श्रद्धापूर्वक नमन करते हैं, जिन्होंने भारत माता की आजादी के लिए अपना सर्वस्व न्योछावर कर दिया। उनके त्याग और बलिदान से प्रेरणा लेकर हमें राष्ट्र निर्माण में अपनी सक्रिय भूमिका निभानी चाहिए।₹ इस अवसर पर नगर पंचायत अध्यक्ष अरविंद कुमार गुप्ता 'चुनमुन' ने कहा कि, ₹स्वतंत्रता दिवस केवल तिरंगा फहराने का पर्व नहीं, बल्कि राष्ट्र के प्रति अपने कर्तव्यों और जिम्मेदारियों का संकल्प लेने का अवसर भी है। हमें स्वतंत्रता सेनानियों के सपनों का भारत बनाने के लिए ईमानदारी, सामाजिक समरसता और जनसेवा की भावना के साथ कार्य करना होगा। युवाओं को राष्ट्रभक्ति के साथ-साथ खेल, शिक्षा और सामाजिक जागरूकता से जोड़ना आज समय की सबसे बड़ी आवश्यकता है। बैठक में मुख्य रूप से नगर पंचायत अध्यक्ष अरविंद कुमार गुप्ता 'चुनमुन', एसडीपीओ प्रशांत कुमार, सिटी मैनेजर मुतुर्जा अंसारी, नगर पंचायत हरिहरगंज के प्रबंधक नसीबुल्लाह अंसारी, अनुमंडलीय अस्पताल के प्रतिनिधि, प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी के प्रतिनिधि, कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय के प्रतिनिधि, भारतीय स्टेट बैंक छतरपुर एवं कउवल शाखा के प्रतिनिधि, एचडीएफसी बैंक तथा आईसीआईसीआई बैंक के प्रतिनिधि सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित थे।

## मेहरमा के पत्तीचक में खाद दुकान में कृषि पदाधिकारी का रेड




झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।

**कृषि पदाधिकारी के सामने एक लड़के ने खाद नहीं देने किया शिकायत,हुआ लीपापोती**

**गोड्डाः**जिले के मेहरमा थाना क्षेत्र के पत्तीचक में रितेश संथालिया के दुकान में गुरुवार की शाम रेड जिला कृषि पदाधिकारी ने किया।कृषि पदाधिकारी ने खाद को अधिक मूल्य पर बेचते हुए दुकानदार को पकड़ा।लेकिन ग्रामीणों का आरोप है कि समझा बुझाकर दुकानदार रितेश संथालिया को छोड़ दिया गया।हालांकि कृषि पदाधिकारी अभिजीत शर्मा को दुकान से निकलते ही एक दुकानकर ने अभिजीत शर्मा को शिकायत किया कि दुकानदार 270 रुपए में खाद नहीं दे रहा है।जिसके बाद कृषि पदाधिकारी खुद जाकर खाद दिलवाया।हालांकि कृषि पदाधिकारी को गोड्डा निकलते ही रितेश संथालिया ने अपनी मनमर्जी करते हुए दुकान को बंद कर दिया।और ग्राहक को भगा दिया।इधर ग्राहक का कहना है कि कृषि पदाधिकारी कार्रवाई के नाम पर खानापूर्ति कर निकल गए।हालांकि मामले पर अब गोड्डा डीसी क्या संज्ञान लेते है यह देखना दिलचस्प होगा।

## पेयजल संकट पर फूटा महिलाओं का गुस्सा, नगर निगम के बाद पार्षद गणेश महतो के आवास का किया घेराव



**सिंदरी /धनबाद।** मनोहरटांड़ बस्ती में लगातार बनी हुई पेयजल संकट की समस्या को लेकर गुरुवार को महिलाओं का आक्रोश खुलकर सामने आया। लगभग 100 की संख्या में महिलाएं खाली बर्तन लेकर नगर आयुक्त को समस्या से अवगत कराने के लिए सिंदरी अंचल नगर निगम कार्यालय पहुंची। हालांकि गुरुवार को नगर आयुक्त का दौरा प्रशासनिक कारणों से रद्द हो जाने के कारण महिलाएं उनसे मुलाकात नहीं कर सकी। इसके बाद नाराज महिलाएं लौटते समय वार्ड संख्या 53 के पार्षद गणेश महतो के आवास पहुंची और पानी की समस्या के समाधान की मांग को लेकर उनके आवास का घेराव किया। इस दौरान पार्षद गणेश महतो ने महिलाओं को आश्वस्त किया कि उनकी मांग को नगर आयुक्त के समक्ष प्रमुखता से रखा जाएगा तथा समस्या के शीघ्र समाधान के लिए हर संभव प्रयास किया जाएगा। आश्वासन मिलने के बाद महिलाएं शांतिपूर्वक वापस लौट गई।

## यूरिया एवं डी.ए.पी. की कालाबाजारी व जमाखोरी पर सख्त नजर, टास्क फोर्स को नियमित जांच के निर्देश



**मेदिनीनगर (पलामू):** जिला दंडाधिकारी सह उपायुक्त दिलीप प्रताप सिंह शेखावत ने गुरुवार को अपने कार्यालय कक्ष से वर्चुअल माध्यम से यूरिया एवं डी.ए.पी. उर्वरकों की कालाबाजारी एवं जमाखोरी की रोकथाम को लेकर गठित जिला स्तरीय टास्क फोर्स की बैठक की। बैठक में जिला कृषि पदाधिकारी एवं पड़वा अंचलाधिकारी कार्यालय कक्ष से जुड़े, जबकि जिले के सभी अनुमंडल पदाधिकारी, प्रखंड कृषि पदाधिकारी एवं अन्य अंचलाधिकारी वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से शामिल हुए।बैठक में उपायुक्त ने कहा कि खरीफ मौसम में किसानों को निर्धारित मूल्य पर समय पर उर्वरक उपलब्ध कराना जिला प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। किसी भी परिस्थिति में यूरिया एवं डी.ए.पी. की कृत्रिम किल्लत, कालाबाजारी अथवा जमाखोरी बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने टास्क फोर्स के सभी सदस्यों को नियमित रूप से उर्वरक विक्रेताओं के प्रतिष्ठानों का निरीक्षण करने तथा किसी भी प्रकार की अनियमितता पाए जाने पर नियमानुसार तत्काल कार्रवाई सुनिश्चित करने का निर्देश दिया।उपायुक्त श्री शेखावत ने सभी उर्वरक विक्रेताओं को अपने प्रतिष्ठान में निर्धारित मूल्य सूची (रेट चार्ट), आवश्यक सूचनाएं एवं वैध लाइसेंस प्रमुखता से प्रदर्शित करने के निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट किया कि किसानों को उर्वरक का वितरण केवल ई-पॉश (e-POS) मशीन के माध्यम से आधार सत्यापन के उपरांत ही किया जाए। बिना ई-पॉश एवं आधार सत्यापन के किसी भी स्थिति में उर्वरक का वितरण नहीं किया जाएगा।उन्होंने सभी अनुमंडल पदाधिकारियों को अपने-अपने क्षेत्र में नियमित रूप से टास्क फोर्स की बैठक आयोजित करने तथा खाद वितरण व्यवस्था की सतत निगरानी रखने का निर्देश दिया, ताकि किसानों को किसी प्रकार की असुविधा न हो और कालाबाजारी एवं जमाखोरी पर प्रभावी अंकुश लगाया जा सके।

## 23612 राशन कार्ड निरस्त करने की कार्रवाई शुरू

**धनबाद**।उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी श्री आदित्य रंजन के निर्देश पर जिले के 23612 लाभुकों का राशन कार्ड निरस्त करने की कार्रवाई शुरू हो गई है। इस संबंध में उपायुक्त ने बताया कि खाद्य, सार्वजनिक वितरण एवं उपभोक्ता मामले विभाग के निर्देश अनुसार ₹की परफॉर्मेंस इंडिकेटर₹ में चिन्हित सरकारी नौकरी, आयकर दाता एवं ग्रॉस टर्नओवर श्रेणी में आने वाले जिले के 23612 लाभुकों का राशन कार्ड (परिवार के सभी सदस्यों सहित) निरस्त करने की कार्रवाई शुरू कर दी गई है। उन्होंने बताया कि ₹की परफॉर्मेंस इंडिकेटर₹ के तहत जिले में 21996 लाभुक आयकर दाता, 1493 ग्रास टर्नओवर एवं 123 लाभुक सरकारी नौकरी करने वाले चिन्हित किए गए हैं। यह सभी झारखंड लक्षित जन वितरण प्रणाली (नियंत्रण) आदेश, 2024 के अनुसार ₹एक्सक्लूजन क्राइटेरिया₹ के अंतर्गत आते हैं। ऐसे सभी लाभुकों का राशन कार्ड (परिवार के सभी सदस्यों सहित) निरस्त करने की कार्रवाई शुरू कर दी गई है।

## तेज बारिश में सड़क पर गिरा विशाल पेड़, बाइक सवार बाल -बाल बचा, गुमटी व एलईडी स्ट्रीट लाइट क्षतिग्रस्त

झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।



**सिंदरी /धनबाद।** बुधवार रात्रि लगभग 8:30 बजे लगातार हो रही तेज बारिश के बीच सिंदरी कल्पना टॉकीज व कुंवर सिंह गोलंबर के सामने मुख्य सड़क पर एक विशाल वृक्ष अचानक गिर गया। बताया गया कि घटना के समय सड़क से गुजर रहा एक बाइक सवार युवक पेड़ की चपेट में आ गया,लेकिन सौभाग्य से पेड़ की केवल टहनी उसके ऊपर गिरी, जिससे वह गंभीर हादसे का शिकार होने से बाल -बाल बच गया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, पेड़ गिरते ही कुछ देर के लिए सड़क पर अफरा -तफरी मच गई। स्थानीय लोगों ने तुरंत युवक की मदद की और सुरक्षित स्थान पर पहुंचाया। युवक को मामूली चोटें आईं ,जबकि उसकी बाइक को भी आंशिक क्षति पहुंची। पेड़ गिरने से सड़क किनारे स्थित एक गुमटी क्षतिग्रस्त हो गई। इसके अलावा एच यू आर एल द्वारा सीएसआर फंड से लगाई गई एलइडी स्ट्रीट लाइट संख्या 126 भी टूटकर पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। घटना के बाद कुछ समय तक सड़क पर यातायात बाधित रहा। स्थानीय लोगों ने संबंधित विभाग से जल्द से जल्द क्षतिग्रस्त स्ट्रीट लाइट की मरम्मत कराने तथा बरसात के मौसम में जर्जर और खतरनाक पेड़ों की जांच कर आवश्यक कार्रवाई करने की मांग की है, ताकि भविष्य में इस तरह की घटनाओं से बचा जा सके।

## धनबाद के विकास और कानून-व्यवस्था को लेकर गृह मंत्री अमित शाह से मिले सांसद ढुलू महतो



**धनबाद से जुड़े महत्वपूर्ण मुद्दों पर सौंपा ज्ञापन, गृह मंत्री ने आवश्यक पहल का दिया आश्वासन।**

**धनबाद**।धनबाद लोकसभा क्षेत्र के सांसद ढुलू महतो ने बुधवार को नई दिल्ली में केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह से शिष्टाचार मुलाकात कर उनका मार्गदर्शन प्राप्त किया। मुलाकात के दौरान सांसद ढुलू महतो ने धनबाद में बढ़ते अपराध पर प्रभावी नियंत्रण, कानून-व्यवस्था को और अधिक मजबूत बनाने, क्षेत्र में चल रहे विकास कार्यों में तेजी लाने तथा जनहित से जुड़े विभिन्न महत्वपूर्ण और समसामयिक विषयों पर विस्तार से चर्चा की। इस संबंध में उन्होंने गृह मंत्री को एक विस्तृत ज्ञापन भी सौंपा। सांसद ढुलू महतो ने कहा कि धनबाद की सुरक्षा, विकास और आम लोगों की सुविधाओं से जुड़े मुद्दों का समाधान उनकी प्राथमिकता है। उन्होंने इन विषयों पर केंद्र सरकार के सहयोग और मार्गदर्शन का अनुरोध किया।केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने सांसद द्वारा उठाए गए सभी विषयों को गंभीरता से सुना और आवश्यक पहल करते हुए सकारात्मक कार्रवाई का आश्वासन दिया। मुलाकात के बाद सांसद ढुलू महतो ने विश्वास जताया कि गृह मंत्री के मार्गदर्शन और सहयोग से धनबाद में कानून-व्यवस्था और मजबूत होगी, विकास कार्यों को नई गति मिलेगी तथा जनहित से जुड़े महत्वपूर्ण मुद्दों का जल्द समाधान होगा।

## वन्यजीव संरक्षण, सीमावर्ती क्षेत्रों में उत्पाद विभाग की सघन कार्रवाई तथा स्कूली वाहनों की सुरक्षा व्यवस्था को सर्वोच्च प्राथमिकता देने के निर्देश

**हजारीबाग** उत्तरी छोटानागपुर प्रमंडलीय आयुक्त विजय कुमार गुप्ता की अध्यक्षता में आयुक्त कार्यालय सभाकक्ष में राजस्व संग्रहण एवं आंतरिक संसाधनों की प्रगति से संबंधित समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में वन, उद्योग, नीलाम पत्र, विद्युत, उत्पाद, परिवहन, निबंधन, खनन, वाणिज्यिक कर, नगर निगम, सहकारिता, कृषि, बाजार समिति, भू-संरक्षण, माप-तौल सहित अन्य राजस्व अर्जित करने वाले विभागों की विभागवार समीक्षा करते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। प्रमंडलीय आयुक्त ने कहा कि सभी विभाग निर्धारित राजस्व लक्ष्यों की प्राप्ति के लिए समन्वित प्रयास करें तथा लंबित मामलों का समयबद्ध निष्पादन सुनिश्चित करें। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि आमजनों से प्राप्त शिकायतों एवं आवेदनों का नियमानुसार निर्धारित समय-सीमा के भीतर निस्तारण किया जाए। न्यायालयों में लंबित मामलों की नियमित समीक्षा करते हुए विधिसम्मत कार्रवाई सुनिश्चित की जाए तथा न्यायालय के आदेशों का समयबद्ध अनुपालन किया जाए।उन्होंने सेवा अधिकार अधिनियम (फ्रँ३ ३ङ्ग री१५्री) के अनुरूप नागरिकों को निर्धारित समय-सीमा में गुणवत्तापूर्ण सेवाएं उपलब्ध कराने पर बल देते हुए कहा कि प्रत्येक विभाग जवाबदेही एवं पारदर्शिता के साथ कार्य करे। साथ ही सरकारी परिसंपत्तियों के संरक्षण, सरकारी वाहनों एवं अन्य शासकीय संसाधनों के सदुपयोग तथा वित्तीय अनुशासन का कड़ाई से पालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।वन विभाग की समीक्षा के दौरान प्रमंडलीय आयुक्त ने वन पदाधिकारियों को निर्देश दिया कि वन्यजीवों के लिए वर्षभर पेयजल की उपलब्धता सुनिश्चित करने हेतु आवश्यकता के अनुसार चेक डैम, पौंड एवं अन्य जल संरक्षण संरचनाओं का निर्माण कराया जाए। साथ ही मानव-हाथी संघर्ष की रोकथाम के लिए संवेदनशील क्षेत्रों में सतत निगरानी एवं स्थानीय प्रशासन के साथ समन्वय स्थापित कर आवश्यक सुरक्षा उपाय प्रभावी ढंग से लागू किए जाएं।नीलाम पत्र विभाग की समीक्षा के दौरान प्रमंडलीय आयुक्त ने नीलाम पत्र पदाधिकारियों को निर्देश दिया कि विभाग में प्राप्त डाक एवं पत्राचार का नियमित अवलोकन करें, उनकी प्राथमिकता के अनुरूप छंटनी कर प्रत्येक प्रकरण का गंभीरतापूर्वक परीक्षण करें तथा नियमानुसार त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित करें। साथ ही लंबित नीलाम पत्र वादों की नियमित समीक्षा करते हुए राजस्व वसूली की प्रक्रिया में तेजी लाई जाए।विद्युत विभाग की समीक्षा के दौरान प्रमंडलीय आयुक्त ने बकाया विद्युत देयों की वसूली में तेजी लाने तथा बड़े बकायेदारों के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई करने के निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिया कि शहरी क्षेत्रों तथा ग्रामीण क्षेत्रों में खराब ट्रांसफार्मरों को 24-48 घंटे के भीतर हर हाल में बदलना सुनिश्चित किया जाए, ताकि उपभोक्ताओं को निर्बाध विद्युत आपूर्ति उपलब्ध हो सके। खनन विभाग की समीक्षा के दौरान प्रमंडलीय आयुक्त ने अवैध खनन एवं खनिजों के अवैध परिवहन पर प्रभावी नियंत्रण स्थापित करने, नियमित जांच एवं संयुक्त छापेमारी अभियान चलाने तथा खनिज राजस्व संग्रह में वृद्धि सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

## विभागीय दिशा-निदेर्शों के अनुरूप अभिभावकों और ग्रामीणों की मौजूदगी में हुआ चुनाव

अरविंद अग्रवाल @ झारखंड उजाला, ब्यूरो पलामू



**छत्तरपुर :** प्रखंड के उत्क्रमित प्राथमिक विद्यालय कंगालीडीह छत्तरपुर में 5 अगस्त बुधवार को विद्यालय के 15 सदस्यीय प्रबंध समिति का पुनर्गठन शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न हुआ। पुनर्गठन की प्रक्रिया विभागीय दिशा-निदेर्शों के अनुरूप अभिभावकों एवं ग्रामीणों की उपस्थिति में पूरी की गई। बैठक की अध्यक्षता बी आर जी पर्यवेक्षक मृत्युंजय कुमार के अध्यक्षता में बैठक कराई गई। वहीं विद्यालय के सचिव राजेंद्र प्रसाद गुप्ता बैठक में उपस्थित रहे। वहीं ग्रामीण सदस्य सत्यदेव सिंह, महावीर गुरुजी, उप मुखिया कमला देवी सहित अन्य ग्रामीण अभिभावक गण शामिल हुए। बैठक में सर्वसम्मति से विद्यालय प्रबंध समिति का श्रीमती सुहागा कुमारी को अध्यक्ष चुना गया, वहीं उपाध्यक्ष सोनी देवी को जिम्मेदारी सौंपी गई। नवगठित समिति के सदस्यों ने विद्यालय में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, छात्रों की नियमित उपस्थिति, स्वच्छता, आधारभूत सुविधाओं के विकास तथा विद्यालय के समग्र उन्नयन के लिए मिलकर कार्य करने का संकल्प लिया। इस अवसर पर उपस्थित शिक्षकों एवं ग्रामीणों ने नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को बधाई देते हुए विद्यालय के विकास में सक्रिय भूमिका निभाने की अपील की। नवनिर्वाचित अध्यक्ष सुहागा कुमारी, उपाध्यक्ष सोनी देवी ने कहा कि समिति विद्यालय के सर्वांगीण विकास और विद्यार्थियों के बेहतर भविष्य के लिए पूरी निष्ठा के साथ कार्य करेगी।

बैठक में प्रमोद यादव जितेंद्र गुप्ता, पंकज कुमार गुप्ता, रीना देवी, नीरजा देबी, नीतू देवी, पूनम देवी, अनिल सिंह, अशोक प्रसाद, नागवंती देवी, कृष्णा साह सहित कई लोग मौजूद रहे

## भाजपा सिंदरी नगर की मासिक बैठक संपन्न, तारा देवी का हुआ सम्मान



**सिंदरी /धनबाद।** भाजपा सिंदरी नगर की मासिक बैठक बुधवार को शहरपुरा सिंदरी स्थित भाजपा कार्यालय में आयोजित की गई। बैठक में झारखंड प्रदेश कार्य समिति के सदस्य मनोनीत होने पर भाजपा नेताओं एवं कार्यकताओं ने श्रीमती तारा देवी का पुष्प गुच्छ एवं अंग वस्त्र भेंट कर गर्म जोशी से स्वागत और अभिनंदन किया। बैठक में संगठन को और अधिक मजबूत बनाने ,आगामी कार्यक्रमों की रूपरेखा तैयार करने तथा जनहित से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर विस्तार से चर्चा की गई। साथ ही संत शिरोमणि रविदास जी की 625 वीं जयंती एवं प्रस्तावित तिरंगा यात्रा के सफल आयोजन को लेकर भी विस्तृत विचार विमर्श किया गया। बैठक में सिंदरी नगर अध्यक्ष संजू महतो, धनबाद ग्रामीण के पूर्व जिला अध्यक्ष घनश्याम ग्रोवर, अरविंद खत्री, संतलाल प्रमाणिक, दिनेश सिंह, धरणीधर मंडल, रामदेव पांडेय, गार्गी सिंह, अनिमा सिंह, गणपति बाउरी सहित नगर के पदाधिकारीगण एवं भाजपा के सम्मानित वरिष्ठ कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# युवती प्रेम प्रसंग में बुलायी थी अपने घर, राज खुलने पर शोर मचा कर की लोगों को इकट्ठा

झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।

**मौजूद भीड़ ने पुलिस प्रशासन के सामने घसीटते रहे और पिटाई करते रहे**

**बेबस बनी देखती रह गई पुलिस ,नहीं बचा पायी युवक की जान**



**चतरा :** जिले के टंडवा थाना क्षेत्र में एक हृदय विदारक मामला सामने आया है। जिसमें एक युवक को भीड़ ने घसीट घसीट कर पत्थरों और लाठी डंडे से वार करता रहा और युवक जान बक्श देने की भीख मांगता रहा।हालांकि घटना के समय टंडवा पुलिस तो पहुंची किंतु भीड़ के सामने लाचार और बेबस नजर आई।भीड़ ने पुलिस के सामने घसीट घसीट कर पिटाई करने में कोई कोर कसर नहीं छोड़ी। किसी तरह अधमरा तक पुलिस के हाथ लगा युवक को आनन फानन में टंडवा अस्पताल ले जाया गया परंतु हालात को देखते हुए हजारीबाग रेफर किया गया ।युक्त युवक को हजारीबाग लेजाने के क्रम में टंडवा से कुछ दूर जाने में हीं मौत हो गई। मौत के बाद मामला अशांत नजर आने लगा।हालांकि मौत के बाद पुलिस प्रशासन एक्शन में आकर रात्री को हीं कुल 8 लोगों को हिरासत में लिया जा चुका है।इधर मामले को लेकर चतरा एसपी अनिमेष कुमार नैथानी ने बताया कि दोषी कोई भी हों उन्हें बख्शा नहीं जाएगा। घटना घटित गांव में पुलिस बल का छावनी में दबदिल कर दिया गया है। हालांकि एसपी के निर्देश पर सिमरिया एसडीपीओ और टंडवा एसडीपीओ ने भीड़ को संभालने के लिए कई थाने के थाना प्रभारी के साथ उक्त स्थल पर जमे रहे।वहीं मामले को देखते हुए सिमरिया अंचलाधिकारी भी वहां जमे रहे।घटना के बाबत सच्चाई सामने आ गई है ।जानकारी के अनुसार यह मामला प्रेम प्रसंग से जुड़ा हैं ।युक्त लड़की ने युक्त युवक को अपने घर बुलाई थी।किंतु दोनों के एक घर में होने की खबर गांव वाले एवं आसपास के लोगों को लग गई। जब तक भीड़ इकट्ठा होती तब तक किसी तरह लड़का ने वहां से भागने में कामयाब हो गया।अब मौजूद भीड़ ने मामले को जानकारी उक्त लड़की से लेने लगी तो उक्त लड़की ने प्रेम प्रसंग को हटा कर बाजबरन बलात्कार का मामला में जोड़ दिया। जिसके कारण गांव ग्रामीणों का आक्रोश बढ़ गया और उक्त लड़का को गांव से ढूंढ कर पिटाई शुरू कर दी। हद तो तब हो गई कि लड़का के पिता को भी एक खूंटे में बांध दिया गया साथ हीं लड़के के माँ को भी रस्सी से दोनों हाथ पैर बांधा गया। हालांकि जिस तरह भीड़ ने कानून अपने हाथ में लेकर युवक को मौत की घाट उतारी है वैसे में जारी वीडियो के माध्यम से सैकड़ों लोग हत्या के आरोपी हो सकते है। चुकी घटना का पूरी वीडियो भी वायरल हो चुका है। हालांकि घटना की पुनरावृत्ति ना हो जिसके कारण मीडिया के माध्यम से वीडियो फुटेज को खबर में चलाने से परहेज रखा गया है।हालांकि घटना के भीड़ में शामिल लोगों पर प्राथमिकी दर्ज की गई है। खबर लिखे जाने तक शव परिजनों को नहीं मिली है। दूसरी तरफ के बाबत ग्रामीणों का कहना है कि मुखिया पति विजय चौबे जो भाजपा के कद्दावर नेता भी हैं जिन्होंने ने मामला को भड़काने में मुख्य भूमिका निभाई है। वहीं इनका वीडियो में खुद वो लाठी चलाते नजर या थे है यानी पिटाई कर रहे हैं वैसे में यह घटना जानबूझ कर कराई गई है।इस तरह की मोबलिचिंग की घटना चतरा जिला में पहली बार देखने को मिला है।

# अब शिवाजी, चंद्रशेखर आजाद, भगत सिंह जैसे लोग क्यों नहीं मिलते?



करण कुमार सिंह, स्वतंत्र पत्रकार

रोल-प्लेइंग (भूमिका निभाने वाले) सीन और ग्रुप डिस्कशन, जो सामाजिक स्थितियों और उनके नतीजों को समझते हैं, सही व्यवहार सिखाने और सामाजिक जागरूकता बढ़ाने में बहुत असरदार हो सकते हैं। माता-पिता अपने बच्चों और दूसरों के साथ बातचीत में सम्मानजनक व्यवहार का उदाहरण पेश करके अहम भूमिका निभा सकते हैं। आज के एक-दूसरे पर निर्भर समाज में युवाओं, खासकर जेनरेशन जेड (जेन जी) का व्यवहार समाज के लिए बहुत चिंता का विषय बनता जा रहा है। उन्हें अक्सर बेसब्री, बिना सोचे-समझे सोचने की आदत और कुछ मामलों में, बुरे बर्ताव वाला माना जाता है। यह सोच, हालांकि आम हो सकती है, और हर व्यक्ति में अलग-अलग भी हो सकती है। लेकिन यह इसके अंदरूनी कारणों और समाज की संभावित प्रतिक्रियाओं की एक जरूरी जांच को बढ़ावा देती है। इन उभरते हुए पैटर्न को समझने के लिए एक बहुआयामी नजरिए की जरूरत है, जिसमें टेक्नोलॉजी में तरक्की, पढ़ाई के बदलते तरीकों, पेरेंटिंग स्टाइल में बदलाव और बड़े सामाजिक-सांस्कृतिक माहौल के गहरे असर को माना जाए। यह आवश्यक है कि जेन जी में इन आदतों के पीछे के संभावित कारणों पर गहराई से चर्चा हो, जिसमें डिजिटल इमर्शन, तुरंत मिलने वाले फायदे का असर, जानकारी लेने का बदलता तरीका और उनके विकास को आकार देने वाले बदलते सामाजिक ढाँचों पर विचार किया जाए। तदनुसार, समाज ऐसे सुधार करें जिनसे इस पीढ़ी में ज्यादा सब्र रखने, ज्यादा तार्किक सोच विकसित करने और सम्मानजनक बातचीत को बढ़ावा मिलें।

जेन जी को बनाने वाले सबसे बड़े और असरदार कारणों में से एक है, हाइपर-कनेक्टेड डिजिटल दुनिया में उनकी परवरिश। कम उम्र से ही, यह पीढ़ी ऐसे माहौल में रही है जहाँ जानकारी, मनोरंजन और बातचीत उनकी उंगलियों पर आसानी से मिल जाती है। स्मार्टफोन, सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म और हाई-स्पीड इंटरनेट ने तुरंत मिलने वाले फायदे का एक इकोसिस्टम बनाया है। अपडेट के साथ नोटिफि केशन आते हैं, न्यूज साइकिल मिनटों में रिफ़्रेश हो जाती हैं, और मनोरंजन ऑन डिमांड उपलब्ध होता है।



तुरंत फीडबैक और आसानी से मिलने वाले कंटेंट की यह लगातार स्ट्रीम अनजाने में ही डेवलप हो रहे दिमाग को जल्दी नतीजे और तुरंत इनाम की उम्मीद करने के लिए ट्रेन कर सकती है। इसलिए, जिन हालात में सब्र की जरूरत होती है, जैसे जवाब का इंतजार करना, कोई लंबा काम पूरा करना, या धीरे-धीरे, सोच-समझकर सीखना, वे फ्रस्ट्रेटिंग और अनचाही लग सकती हैं। ऑनलाइन बातचीत का तेज नेचर, जहाँ छोटे मैसेज और थोड़ी देर का कंटेंट ज्यादा होता है, लगातार ध्यान और गहरी बातचीत के लिए कम टॉलरेंस में भी योगदान दे सकता है, जिससे बेसब्री का कल्चर बढ़ता है। उदाहरण के लिए, मैसेजिंग ऐप पर तुरंत जवाब की उम्मीद या सोशल मीडिया फीड पर तेजी से स्क्रॉल करने से लोग तुरंत संतुष्टि की उम्मीद करने लगते हैं, जिससे असल दुनिया की बातचीत की धीमी रफ़्तार मुश्किल लगने लगती है। नई चीजों और तेजी से जानकारी के इस लगातार संपर्क से बोरियत की क्षमता भी कम हो सकती है, एक ऐसी स्थिति जो अक्सर सोचने और क्रिएटिव प्रॉब्लम-सॉल्विंग स्किल्स के विकास को बढ़ावा देती है। जब डिजिटल ध्यान भटकाने वाली चीजों से बोरियत तुरंत दूर हो जाती है, तो सब्र और सेल्फ-रेगुलेशन विकसित करने के मौके कम हो जाते हैं।

**इन्फॉर्मेशन ओवरलोड और लॉजिकल रीजनिंग का खत्म होना**

डिजिटल युग ने जानकारी को डेमोक्रेटाइज कर दिया है, जिससे यह पहले से कहीं ज्यादा आसानी से मिलने वाली हो गई है। लेकिन, इस एक्सेसिबिलिटी के साथ एक बड़ी चुनौती आती है: उपलब्ध जानकारी की बहुत ज्यादा मात्रा और अक्सर अनवेरिफाइड नेचर। जेन जी, जो इस बहुतायत के साथ बड़ा हुआ है, अक्सर शॉर्ट-फॉर्म कंटेंट, सोशल मीडिया फीड्स और वायरल ट्रेंड्स के जरिए जानकारी लेता है। इस्तेमाल का यह तरीका क्रिटिकल इवैल्यूएशन और लॉजिकल एनालिसिस के बजाय इमोशनल रेजोनेंस और तुरंत एंगेजमेंट को प्रायोरिटी दे सकता है। कई डिजिटल प्लेटफॉर्म को कंट्रोल करने वाले एल्गोरिदम यूजर्स को एंगेज रखने के लिए डिजाइन किए गए हैं, अक्सर ऐसा कंटेंट दिखाकर जो उनके मौजूदा बायस से मेल खाता है या मजबूत इमोशनल रिस्पॉन्स को उकसाता है। इससे इको चैंबर बन सकते हैं, जहाँ लोग मुख्य रूप से उन नजरियों के संपर्क में आते हैं जो उनके अपने नजरियों को कन्फर्म करती हैं, जिससे अलग-अलग नजरियों से जुड़ने और बारीक समझ डेवलप करने की उनकी क्षमता में रुकावट आती है। नतीजतन, भरोसेमंद सोर्स और गलत जानकारी के बीच अंतर करना एक मुश्किल काम बन जाता है। ₹फेक न्यूज₹ और सेंसेशनलाइज्ड कंटेंट के फैलने से युवाओं के लिए मजबूत क्रिटिकल थिंकिंग स्किल्स डेवलप करना मुश्किल हो सकता है। इसके अलावा, कम जानकारी के आधार पर जल्दी से राय बनाने का दबाव, जो अक्सर ऑनलाइन बहस और तेजी से की जाने वाली कमेंट्री से और बढ़ जाता है, बेतुके तर्कों को अपनाने या बिना सबूत वाले दावों को मानने की ओर ले जा सकता है। उदाहरण के लिए, सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर कॉन्सपिरेसी थ्योरी की लोकप्रियता, जिनमें अक्सर अनुभव के सबूत नहीं होते लेकिन वे भावनात्मक रूप से मजबूत होती हैं, यह दिखाती है कि बिना वेरिफाई की गई जानकारी कैसे लोगों का ध्यान खींच सकती है और तर्क पर असर डाल सकती है। उन्हें कैसे जांचा जाए, इस बारे में पूरी गाइडेंस के बिना विभिन्न नजरिया के लगातार संपर्क में रहने से कन्फ्यूजन हो सकता है और सिस्टमैटिक, लॉजिकल तरीकों के बजाय ह्यूरिस्टिक्स या भावनात्मक अपील पर भरोसा हो सकता है।

**बदलते सोशल नॉर्म्स और बुरे मैनर्स की सोच**

₹मैनर्स₹ की परिभाषा खुद एक जैसी नहीं है; यह सोशल नॉर्म्स और टेक्नोलॉजी में बदलाव के साथ बदलती रहती है। जेन जी की बातचीत काफी हद तक डिजिटल कम्युनिकेशन पर निर्भर करती है। टेक्स्टिंग, डायरेक्ट मैसेजिंग और ऑनलाइन कमेंट्स में अक्सर बिना बोले इशारे, आवाज का टोन और सोशल कॉन्टेक्स्ट की कमी होती है जो आमने-सामने की बातचीत के लिए जरूरी हैं। उदाहरण के लिए, एक साफ-साफ टेक्स्ट मैसेज भेजने वाले के लिए एक अच्छी बातचीत हो सकती है, लेकिन पाने वाला इसे खारिज करने वाला या बदतमीजी समझ सकता है, खासकर अगर उसमें ग्रीटिंग या आखिर में बात करने जैसी आम तमीज न हो। इसके अलावा, ऑनलाइन प्लेटफॉर्म से मिलने वाली गुमनामी या दूरी से हिचकिचाहट कम हो सकती है, जिससे ज्यादा गुस्सैल या बेपरवाह व्यवहार हो सकता है जो शायद सीधे, आमने-सामने की मुलाकातों में न हो।

## आज का राशिफल



स्वामी रत्नेश जी
भारत ज्योतिष शिरोमणि,
नई दिल्ली।

**मेष राशि :-** आज का दिन अच्छा रहेगा। मित्रों के सहयोग से कारोबार में अनुकूल परिस्थितियां रहेंगी। बड़े कार्यों में सफलता हासिल होगी। कुछ पुराने मित्रों से संपर्क बन सकते हैं। आय के स्रोत विकसित होंगे। क्रोध पर नियंत्रण और वाणी पर संयम बरतें। धार्मिक कार्यों में खर्च होने की संभावना है। नए कार्य का शुभारंभ कर सकते हैं। परिवार में खुशी का माहौल रहेगा। सरकारी क्षेत्र में लाभ मिलेगा। परिवार के सदस्यों के बीच पुराना तनाव खत्म होगा और रिश्ते मजबूत बनेंगे।

**वृषभ राशि :-** आज का दिन शुभ फलदायक रहेगा। आर्थिक लाभ मिल सकता है। नौकरी तथा कारोबार के क्षेत्र में धनलाभ के योग हैं। परिवारजनों के साथ समय आनंदपूर्वक बीतेगा। किसी पैतृक सम्पत्ति से धन प्राप्ति हो सकती है। परिवार में धार्मिक कार्य होंगे। शारीरिक, मानसिक स्वस्थ और उत्साही बने रहेंगे। अपनी वाणी पर संयम बरतें। नए कार्यो को शुरू करने के लिए दिन अच्छा रहेगा। संतान पक्ष की ओर से मन खुश रहेगा।

**मिथुन राशि :-** आज का दिन अच्छा रहेगा। आकस्मिक धनलाभ के योग हैं। तरक्की के अवसर मिल सकते हैं। नए कार्य शुरू करने के लिए दिन अनुकूल नहीं है। धन संबंधित लेन-देन में सतर्क बरतें। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। धार्मिक कार्य तथा किसी यात्रा पर जा सकते हैं। दफ्तर में कार्यभार के कारण थकान महसूस हो सकती है। शारीरिक और मानसिक रूप से व्याकुलता का अनुभव रहेगा। परिवार के साथ समय गुजारेंगे और खूब मजा करेंगे।

**कर्क राशि :-** आज का दिन सामान्य रहेगा। मन अशांत और शरीर थोड़ा थकान से भरा रहेगा। आर्थिक लाभ होगा, लेकिन अनावश्यक खर्च बढ? की संभावना रहेगी। वाहन के रख-रखाव में खर्च बढ़ेंगे। अपनी भावनाओं को वश में रखें। दोस्तों से मुलाकात हो सकती है। परिवार का सहयोग मिलेगा। वाणी पर संयम बरतें। क्रोध से काम बिगड़ सकते हैं। धार्मिक यात्रा का आयोजन हो सकता है। बिना किसी स्वार्थ के दूसरों की सहायता करेंगे, जिससे आपको खुशी मिलेगी। स्वास्थ्य का ध्यान रखें।

**सिंह राशि :-** आज का दिन अच्छा बीतेगा। आकस्मिक धनलाभ होने की भी संभावना है। दोस्तों से लाभ हो सकता है। नौकरी-पेशे वाले लोगों को लाभ होगा। सहकर्मियों से लाभ मिलेगा। अपने कार्यों से आपको यश की प्राप्ति होगी। परिवार में सुख-शांति रहेगी। परिवार के साथ किसी धार्मिक स्थान पर जा सकते हैं। स्वास्थ्य के प्रति सतर्क रहें और खान-पान पर विशेष ध्यान दें। घर में परिजनों के साथ अच्छा समय व्यतीत होगा। सोच समझ कर लिए गए फैसले आपको खुशी देंगे।

**कन्या राशि :-** आज का दिन शुभ रहेगा। पूरा दिन अद्भुत अनुभव व जोश से भरा रहेगा। धैर्यशीलता में वृद्धि होगी। अधिकारी आप के कार्य से संतोष का अनुभव करेंगे। मित्रों और प्रियजनों के साथ अच्छा समय बीतेगा। नए वाहन का सुख मिल सकता है। आर्थिक दृष्टि से लाभ रहेगा। शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी। संगीत के प्रति रुझान बढ़ेगा। शारीरिक रूप से अस्वस्थता और मानसिक चिंता बनी रहेगी। प्रियजनों के साथ कहीं बाहर घूमने जा सकते हैं।

**तुला राशि :-** आज का दिन सामान्य रहेगा। आर्थिक लाभ के योग रहेंगे, लेकिन परिश्रम की भी अधिकता रहेगी। नौकरी में अतिरिक्त जिम्मेदारी मिल सकती है। क्रोध और वाणी पर संयम बरतें। परिवार में कलह होने की संभावना है। मानसिक तनाव बढ़ सकता है। नकारात्मक विचारों से दूर रहें। मानसिक तथा शारीरिक स्वास्थ्य परेशान कर सकता है। अधिक धन खर्च हो सकता है। सामाजिक समारोह में भाग लें और नए दोस्त बनाने में समय व्यतीय करें।

**वृश्चिक राशि :-** आज का दिन अच्छा रहेगा। आकस्मिक धनलाभ मिल सकता है। प्रिय व्यक्ति से मुलाकात आनंदायक रहेगी। छात्रों के लिए अच्छा समय है। दांपत्य जीवन अच्छा रहेगा। आपके द्वारा परोपकार का कार्य हो सकता है। अनावश्यक धन खर्च होने की संभावना है। बातचीत में संतुलन बनाए रखें। स्वास्थ्य संबंधी समस्याएं हो सकती है। संतान पक्ष की ओर से शुभ समाचार मिलेगा। मेहनत से किये गये काम सफल होंगे और आपकी अलग पहचान बनेगी।

**धनु राशि :-** आज का दिन सामान्य रहेगा। कारोबार में आर्थिक लाभ मिलने की संभावना है, खर्चो की अधिकता रहेगी। मित्रों और स्नेहीजनों के साथ प्रवास या पर्यटन का योग है। शारीरिक स्वास्थ्य बना रहेगा। गृहस्थ जीवन में सुख और शांति बनी रहेगी। क्रोध पर नियंत्रण और वाणी पर संयम रखें। अनावश्यक खर्च और परिवार में वाद-विवाद से बचें। नकारात्मक मानसिकता आपको नुकसान पहुंचा सकती है। सामाजिक कार्यों में अपने को व्यस्त रखें।

**मकर राशि :-** आज का दिन लाभदायक रहेगा। निवेश करने के लिए दिन अच्छा रहेगा। शारीरिक व मानसिक रूप से उत्तम रहेगा। परिजन व पड़ोसियों से बहस करने से बचें, क्योंकि कोई छोटी सी बहस भी बड़े झगड़े में परिवर्तित हो सकती है। खर्चो में वृद्धि हो सकती है। नौकरी में स्थान परिवर्तन की संभावना है। घर में सुख-शांति बनी रहेगी। अपनी नई सोच की वजह से कार्य में नयापन ला सकेंगे।

**कुम्भ राशि :-** आज का दिन सामान्य रहेगा। व्यावसायिक कार्यों में सरकारी हस्तक्षेप बढ़ेगा। आय में वृद्धि होगी। अधिक परिश्रम करने पर सफलता मिलेगी, लेकिन अनावश्यक खर्च भी अधिक बढ़ेगा। पारिवारिक शांति बनाए रखने के लिए निरर्थक वाद-विवाद करने से बचें। संतान या रिश्तेदारों से अनबन हो सकती है। किसी मित्र के सहयोग से नौकरी के अवसर मिल सकते हैं। विद्यार्थियों के लिए समय अनुकूल है। खान-पान का ध्यान रखें। यात्रा पर जाने से बचें।

**मीन राशि :-** आज का दिन मिला-जुला रहेगा। कारोबार में आर्थिक लाभ मिलने के योग हैं। किसी यात्रा पर जा सकते हैं। खुद पर संयम रखें। क्रोध एवं आवेश की अधिकता रहेगी। जीवनसाथी का सहयोग मिलेगा। दोस्तों से मुलाकात होगी और उनके सहयोग से लाभ प्राप्त होगा। धन और यश की हानि होने की संभावना है। शारीरिक तथा मानसिक स्वास्थ्य का ध्यान रखें। किसी रिश्तेदार के घर मांगलिक प्रसंग में जा सकते हैं। दांपत्य जीवन का सुख और आनंद मिलेगा।

# सख्त निगरानी का समय

बीस यू-ट्यूब चैनलों और दो वेबसाइटों को भारत-विरोधी दुष्प्रचार का दोषी मानते हुए सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय द्वारा ब्लॉक किए जाने और यू-ट्यूब प्रबंधन को इनके खिलाफ सख्त कार्रवाई का निर्देश बताता है कि वर्चुअल दुनिया की गतिविधियां अब कितनी गंभीर हो चली हैं और इन गतिविधियों ने कितने व्यापक रूप से समाज को प्रभावित करना शुरू कर दिया है। आंकड़े तस्दीक करते हैं कि इन चैनलों ने कितनी बड़ी पहुंच बना ली थी। इन तमाम चैनलों के ह्यसब्सक्राइबर्सह्न की संख्या 35 लाख से ऊपर पहुंच गई थी और उनके ह्यवीडियोजह्न को 55 करोड़ से भी अधिक बार देखा जा चुका था। जाहिर है, इनके विष वमन को बंद करना बहुत जरूरी था। कायदे से यह कार्रवाई उसी समय हो जानी चाहिए थी, जब इन चैनलों के खिलाफ नियामक संस्था में पहली शिकायतें आई थीं। चूंकि साइबर दुनिया की प्रकृति ही ऐसी है कि यहां मिनटों में असंख्य लोगों तक पहुंच बन जाती है, ऐसे में इसकी निगरानी करने वाले तंत्र को भी उतनी ही तत्परता बरतनी चाहिए। यह पहली बार नहीं है, जब भारत के खिलाफ इस तरह के हथकंडे अपनाए गए हैं, और इनके पीछे किन-किन देशों का हाथ है, यह भी कोई ढकी-छिपी बात नहीं है, खासकर जम्मू-कश्मीर में लोगों को भड़काने के लिए पाकिस्तानी मीडिया के एक धड़े और देश प्रायोजित स्वतंत्र संस्थाएं दशकों से यह काम करती रही हैं। समय-समय पर भारत सरकार ने घाटी में उनके प्रसारण को रोकने के कदम भी उठाए हैं, लेकिन यह दुष्प्रवृत्ति अब हमारे भूगोल के किसी एक हिस्से तक सीमित नहीं है, उनके निशाने पर हमारा पूरा सामाजिक ताना-बाना और भारत राष्ट्र की शांति-व्यवस्था है। इसलिए कभी ये अल्पसंख्यक समुदायों को लक्षित करके, तो कभी भारतीय सेना के बारे में फर्जी तस्वीरों, वीडियो फुटेज व सामग्रियां प्रसारित करते रहे हैं, ताकि लोगों को गुमराह किया जा सके। निस्संदेह, सच्चाई को निरूपित करने वाली सूचनाएं भी सोशल मीडिया में उतनी ही तेजी से सामने आती हैं, मगर जरूरी नहीं कि दुष्प्रचार की गिरफ्त में आ चुके सभी लोगों तक वे पहुंच ही जाएं या वे मानसिक-बौद्धिक रूप से इतने परिपक्व हों कि सच-झूठ में फर्क कर सकें! ऐसे में, मुफीद रास्ता यही है कि इन जहरीले स्रोतों पर ही वार किया जाए।

दुनिया काफी समय से दहशतगर्दों द्वारा सोशल मीडिया के इस्तेमाल से वाकिफ है। चुनौती अब यह है कि इंटरनेट के विस्तार ने इसे गंभीर रूप देना शुरू कर दिया है। साइबर दुनिया बेहद अराजक है और संसार भर की सरकारें इससे परेशान हैं। सोशल मीडिया कंपनियों के आर्थिक स्वार्थ ने भी राष्ट्र-समाज विरोधी तत्वों का काम आसान किया है। ऐसे में, सरकार को न सिर्फ निगरानी तंत्र को चाक-चौबंद करने, बल्कि बेहद पेशेवर तरीके से इस काम को अंजाम देने की जरूरत है। इन मंचों ने अभिव्यक्ति की आजादी को काफी मजबूत आधार दिया है। इसलिए निगरानी करते हुए नागरिक स्वतंत्रता और लोकतांत्रिक मूल्यों का भी ख्याल रखना होगा। यही नहीं, देश के भीतर से भी सांप्रदायिक-जातीय वैमनस्य पैदा कर रहे लोगों-संगठनों के खिलाफ कदम उठाए जाने चाहिए। समय आ गया है कि साइबर सेल को शक्तिशाली बनाया जाए। इससे संबंधित कानून इतने सख्त हों कि इन माध्यमों का सांगठनिक रूप से या निजी तौर पर भी दुरुपयोग करने की हिमाकत कोई न करे।

# संसद की गरिमा को बचाने की जरूरत



हाल ही में लोकसभा में हुए अभूतपूर्व हंगामे ने संसदीय मयार्दाओं को तार-तार कर दिया है, जहाँ प्रधानमंत्री को भी सदन को संबोधित करने से रोका गया, जो नेहरू-वाजपेयी द्वारा स्थापित संवाद की परंपरा के क्षरण और लोकतंत्र के लिए एक निराशाजनक संकेत है। देश की संसद हमारे लोकतांत्रिक आचरण, संसदीय मयार्दाओं और संवाद की शुचिता का केंद्र होनी चाहिए। जहां संवाद से संकटों के हल खोजे जाएं। लेकिन पिछले दो दिनों में लोकसभा में जो हुआ,वह बहुत निराशाजनक है। सदन के नेता प्रधानमंत्री ही अगर अपने सदन को संबोधित न कर सकें, इससे ज्यादा निराश करने वाली बात क्या हो सकती है। ये हुआ , सबने देखा। यह संसदीय मयार्दाओं के तार-तार होने का भी समय है। जब लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला को यह अपील करनी पड़ी कि प्रधानमंत्री लोकसभा में न आएं और राष्ट्रपति के अभिभाषण पर हुई चर्चा का जवाब न दें। लोकसभा अध्यक्ष ने किस तरह की आशंकाओं के कारण ऐसा कहा होगा, इसे समझा जा सकता है।

इसके पहले सदन में हुए हंगामे, कागज फाड़कर आसंदी पर फेंकने जैसे दृश्य तो संसद ने अनेक बार देखे हैं। बावजूद इसके एक अभूतपूर्व दृश्य भी लोकसभा ने देखा जब लगभग सात महिला सांसद प्रधानमंत्री के आसन तक जा पहुंचीं। क्या हो सकता था, इसका अनुमान लगाना ठीक नहीं। किंतु बाद में लोकसभा अध्यक्ष ने जो कुछ कहा वह बताता है, संसदीय मयार्दाओं की सीमाएं लांघते हुए हमारे सांसद दिखे। परंपरा रही है कि धन्यवाद प्रस्ताव पर चर्चा का जवाब आमतौर पर प्रधानमंत्री देते हैं । इसकी न सिर्फ अपेक्षा रहती है बल्कि प्रतीक्षा भी आखिर सरकार के मुखिया क्या कहते हैं। स्थापित मान्यता यहां टूटती दिखी। प्रधानमंत्री लोकसभा को संबोधित नहीं कर सके। राज्यसभा में भी उनका भाषण विपक्ष की गैरमौजूदगी में हुआ। संसदीय लोकतंत्र में विरोध और संवाद साथ -साथ चलते हैं। प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू ने संसद में पहले दिन से बहस और संवाद की संस्कृति को संरक्षित किया। वे यह चाहते थे अच्छे लोग संसद में आएं और संसदीय बहसों का स्तर ऊंचा हो। अपने विरोधी सांसदों की भी वे प्रशंसा करते हुए नजर आते हैं।

दिग्गज सांसद राममनोहर लोहिया से लेकर युवा सांसद अटल बिहारी बाजपेई को भी उन्होंने ध्यान से सुना। यह परंपरा बाद के प्रधानमंत्रियों ने भी बनाए रखी। विपक्ष भी अपने आचरण में मर्यादित रहा। संसद हमारे लोकतांत्रिक स्वभाव का आईना बनी रही। आपातकाल लागू होने के बाद क्षरण जरूर हुआ किन्तु बाद के दिनों में सब कुछ संभल गया। नरसिंहराव, चंद्रशेखर, अटलजी स्वयं बड़े संसदविद् थे और सदन गरिमा के साथ चलता रहा। कड़ी आलोचना के साथ , संवाद कायम रहा। पिछले कुछ समय से संवाद बंद है और कटुता बहुत बढ़ गई है। संसद शब्द की हिंसा का केंद्र बन गयी है। अपने सहयोगी सांसद को गद्दार की संज्ञा देना जैसे उदाहरण किसी भी तरह स्वीकार्य नहीं हैं। किसी भी लोकतांत्रिक व्यवस्था के लिए यह शुभ नहीं है। यह सही बात है कि सदन को चलाना सरकार की जिम्मेदारी है। लेकिन विपक्षी दलों के सहयोग के बिना सदन नहीं चल सकता यह भी सच है। सदन में मिले विशेषाधिकार का लाभ लेकर सांसदों द्वारा हमारे महान दिवंगत नेताओं को कोसना , उनके जीवन के निजी पक्षों को किताबों के संदर्भ देकर उठाना कितना उचित है? इसके साथ ही बिना तथ्यों के किसी अनछपी किताब के उदाहरण से सरकार को घेरने की कोशिश भी बचकानी ही है। बजट सत्र संसद का बहुत महत्व का सत्र होता है। जिसमें हम अपने देश के आगामी एक साल के सपनों, आकांक्षाओं, आर्थिक भविष्य का खाका खींचते हैं। ऐसे सत्र का समय नष्ट करके हमें क्या हासिल होगा, समझना मुश्किल है।


मुद्दे की बात यह भी है कि क्या हमारे सांसद स्वस्थ बहस चाहते हैं? क्या क्षणिक राजनीतिक सुर्खियों के लिए हम समाज के वृहत्तर प्रश्नों की उपेक्षा नहीं कर रहे हैं। दिवंगत नेताओं की चरित्रावली का वाचन करके हम कौन से मूल्य स्थापित कर रहे हैं? कभी नेता प्रतिपक्ष ने वीर सावरकर पर सवाल खड़े करके जो गलत परंपरा डाली , अब दूसरे सांसद बोरे में किताबें लाकर उनके अंश पढ़ रहे हैं। इससे हमें क्या हासिल होगा? नेहरू जी, श्रीमती इंदिरा गांधी, अटल जी इस देश के महान नेता रहे हैं, उनके देहावसान के बाद ऐसी गलीज बातें राजनीतिक कार्यकताओं को नहीं करनी चाहिए। मृत्यु के बाद हम पुरखों के सद्गुण याद करते हैं। उनके प्रदेय और योगदान पर गर्व करते हुए उन्हें श्रद्धांजलि देते हैं। किंतु हम किस रास्ते पर चल पड़े हैं? आजादी के इतने सालों बाद संसदीय बहस और संसदीय मयार्दाओं का स्तर ऊंचा करने के बजाय हम इसे रसातल में ले जा रहे हैं। कितना अच्छा होता कि हमारे सांसद यह समझ पाते कि देश की जनता ने उन्हें किन उम्मीदों से संसद में भेजा है। अगर सांसद ही तय लेंगे कि संसद नहीं चलेगी, तो उसे कौन चला सकता है। सांसद होना साधारण नहीं है, देश के 1 अरब, 40 करोड़ लोगों की आकांक्षाओं के प्रतिनिधियों का आचरण प्रश्नचिन्ह की तरह हमारे सामने है। उम्मीद की जानी चाहिए कि सभी राजनीतिक दल ऐसे निराशाजनक दृश्यों से संसद को बचाने के लिए सोचेंगे। संसदीय राजनीति का यह पतन देखकर सबसे दुखी शायद पं.जवाहरलाल नेहरू और श्री अटल बिहारी वाजपेयी ही होते। दुर्भाग्यवश इन दोनों के राजनीतिक उत्तराधिकारी ही इन दृश्यों के लिए जिम्मेदार हैं। बाकी से क्या उम्मीद करना ?

# देश व समाज में सौहार्दपूर्ण बौद्धिक विमर्श कीजिए, अनावश्यक वाद विवाद कतई नहीं

भारतीय लोकतंत्र में महज बहुमत प्राप्ति के उद्देश्य से विभिन्न दलों व संगठनों के प्रतिनिधियों द्वारा एक दूसरे पर अनीतिपूर्ण दोषारोपण आम बात है। इसी कड़ी में यदा कदा जिस तरह की अनर्गल टिपण्णी और उस पर जवाबी प्रतिक्रिया क्रमशः अनायास व सुनियोजित रूप से कर दी जाती है, उससे पारस्परिक मतभेदों में इजाफा होता है। इस आपसी वैमनस्यता से हर किसी का चिंतित होना स्वाभाविक है। दरअसल, विविधतापूर्ण भारतीय परिवेश में जिस तरह के राजनैतिक, सामाजिक, आर्थिक, सांस्कृतिक, साम्प्रदायिक व धार्मिक समन्वय की दरकार है, उससे हमारा संविधान कोसों दूर है। क्योंकि यह पुरातन भारतीय सांस्कृतिक मूल्यों से कम और आधुनिक पाश्चात्य दर्शन से ज्यादा प्रभावित है।समय समय पर इसमें किये गए लक्षित संशोधनों से वैचारिक व नीतिगत विरोधाभास और बढ़ा है। इन सबकी भरपाई के लिए अक्सर उठने वाली समान नागरिक संहिता बनाने की मांग भी नक्कारखाने में तूती की आवाज की मानिंद दबकर रह गई है। इन सब बातों का नकारात्मक असर हमारे साहित्य सृजन व विचार प्रवाह पर भी दिखाई पड़ रहा है। भारतीय पत्रकारिता और सिनेमा जगत भी कतिपय टुच्ची सोच से आक्रांत हो चुका है।

ऐसे भेदभावमूलक माहौल में बहुमत के जुगाड़ के मद्देनजर विधायिका यानी राजनेताओं की मजबूरी तो समझ में आती है। लेकिन व्यापक राष्ट्रीय, क्षेत्रीय एवं मानवीय मूल्यों के दृष्टिगत इन्हें नियंत्रित रखने के लिए सिविल प्रशासन, न्यायिक प्रशासन, मीडिया प्रबंधन, सिविल सोसाइटी और अन्य तमाम तरह के पेशेवरों की उदासीनता हमारी समझ से भी परे है। आखिरकार ऐसे लोगों के समक्ष राजनेताओं के अंधानुकरण की क्या मजबूरियां है, यह चिंता से ज्यादा चिंतन का विषय है। हमारे प्रबुद्ध वर्ग में जातीय, साम्प्रदायिक, क्षेत्रीय या वर्गीय सोच का घर करते जाना किसी वैचारिक महामारी का द्योतक है। यथा राजा, तथा प्रजा की राजतंत्रीय सोच यदि आधुनिक लोकतंत्र में भी विद्यमान रहेगी तो समझा जा सकता है कि आने वाला वक्त कितना कठिन होगा। कहना न होगा कि यदि स्थापित मानवीय मूल्यों को भी अल्पमत या बहुमत के चश्मे से देखा जाएगा तो देर सबेर प्राणी जगत पर भी अस्तित्व का खतरा मंडराने लगेगा। नीतिगत उलटबांसी से पारिस्थितिकी तंत्र का संतुलन भी गड़बड़ा जाएगा। यही वजह है कि गत दिनों उपराष्ट्रपति एम वेंकैया नायडु ने दो टूक कहा दिया कि परिवर्तनशील समाज के बदलते सरोकारों पर प्रबुद्ध वर्ग की टिप्पणी स्वाभाविक है और जरूरी भी तथा साहित्यिक लेखन में भी यह बदलाव दिखना चाहिए। लेकिन शब्दों के शिल्पकार लेखकों या वक्ताओं से यह अपेक्षित है कि उनकी टिप्पणी समाज में सौहार्दपूर्ण बौद्धिक विमर्श शुरू करे, न कि अनावश्यक विवाद। उन्होंने आगाह भी किया कि यदि हमारे संविधान में अभिव्यक्ति की आजादी दी गई है तो ये भी अपेक्षित है कि हम उस आजादी का उपयोग जिम्मेदारी से करें, किसी की आस्था या संवेदना को आहत करने के लिए नहीं। इस आजादी का प्रयोग, शब्दों की मयार्दा और भाषा के संस्कारों के अनुशासन में रह कर भी किया जा सकता है। क्योंकि एक सभ्य समाज की सुसंस्कृत भाषा से यही अपेक्षित है।

दरअसल, साहित्यकार, लेखक, विचारक, राष्ट्र की बौद्धिक निधि होते हैं। कोई भी राष्ट्र मात्र धनधान्य से ही समृद्ध नहीं बनता, बल्कि अपने विचारों, संस्कारों से भी समृद्ध बनता है। अपने साहित्य और सृजन से भी समृद्ध होता है। क्योंकि कोई भी साहित्य समाज में हो रहे चिंतन को दिखाता है। यह समाज के अनुभव का, उसकी अपेक्षाओं का दर्पण होता है। हर मनुष्य अपने साथ सदियों की मनुष्यता का अनुभव लिए होता है। साहित्य समाज के उस अनुभव का, उसकी अपेक्षाओं का दर्पण होता है। इसलिए लेखकों को अपने लेखन में भारतीय परंपरा के मूल्यों, आदर्शों और आस्थाओं को परिलक्षित करना चाहिए।



# 3 मांगों पर बनी सहमति! बदबू से परेशान पटना

एजेंसी




**पटना:** राजधानी पटना में सफाई व्यवस्था पूरी तरह लड़खड़ा गई है. नगर निकाय के सफाई कर्मियों और दैनिक मजदूरों की हड़ताल गुरुवार को लगातार 8वें दिन भी जारी है. इसका सबसे बड़ा असर राजधानी की सफाई व्यवस्था पर दिखाई दे रहा है. शहर की सड़कों, गलियों, बाजारों और मोहल्लों में कूड़े का अंबार लगा हुआ है.

**कर्मचारियों की 3 मांगों पर बनी सहमति** : इस बीच खबर है कि पटना नगर निगम ने सफाई कर्मियों की हड़ताल खत्म करने के लिए उनकी तीन मांगों को मान लिया है. बुधवार शाम मेयर की अध्यक्षता में हुई बैठक में मांगों पर सर्वसम्मति से विचार हुआ, जिसके बाद सभी तीन मांगों की मंजूरी दे दी गई. अब इस प्रस्ताव को सरकार को भेजा जाएगा.

**पहली मांग** : नगर निकायों में आउटसोर्सिंग व्यवस्था पूरी तरह समाप्त हो. सफाई कर्मियों का कहना है कि सफाई जैसे स्थायी कार्य को निजी एजेंसियों के भरोसे छोड़ने से कर्मचारियों का लगातार शोषण हो रहा है.

**नगर निगम का जवाब:** निगम की ओर से यह अनुरोध किया जाएगा कि सरकार नगर निगम को अपने स्तर पर सफाईकर्मियों के नियमितीकरण की प्रक्रिया शुरू करने की अनुमति दें.

**दूसरी मांग** : सभी दैनिक सफाई कर्मियों को स्थायी सरकारी कर्मचारी का दर्जा मिले. सफाई कर्मी कहते है कि वर्ष 2018 में 118 दैनिक सफाई कर्मियों को नियमित कर सरकारी कर्मचारी बनाया गया था. जब उस समय नियमितीकरण संभव था तो आज बाकी कर्मियों के साथ अलग व्यवहार क्यों किया जा रहा है.

**तीसरी मांग** : समान वेतन लागू करने की मांग रहे हैं. साथ ही एसीपी और एमएसीपी जैसी लंबित प्रक्रियाओं को फिर से लागू करने और वेतन संबंधी विसंगतियां दूर करने की मांग भी कर रहे हैं.

**नगर निगम का जवाब** : इस संबंध में विभाग की ओर से लगी रोक हटाने के लिए सरकार को पत्र लिखा जाएगा.

**क्या बोलीं महापौर?** : महापौर सीता साहू ने कहा कि, नगर निगम लगातार स्थिति की निगरानी कर रहा है. और सफाई व्यवस्था को सामान्य करने के लिए हरसंभव प्रयास किए जा रहे हैं. साथ ही सफाई कर्मियों की समस्याओं के समाधान के लिए सरकार और संबंधित अधिकारियों के स्तर पर बातचीत के बाद सफाई कर्मचारियों की 3 मांगों पर सहमति बन गई है.

**क्या बोले नगर आयुक्त?** : वहीं, बैठक के बाद नगर आयुक्त यशपाल मीणा ने कहा कि बातचीत सकारात्मक हुई है. सफाई कर्मियों का जल्द काम पर लौटना जरूरी है. ऐसे में उन्हे उम्मीद की हड़ताल जल्द समाप्त हो जाएगी."

**अपनी मांगों पर अड़े सफाईकमी** : इस बीच, सफाई कर्मी अपनी मांगों पर अड़े हुए हैं. हड़ताल का नेतृत्व कर रहे सफाई कर्मी नेता मोहन पासवान ने कहा कि यह आंदोलन किसी वेतन वृद्धि के लिए नहीं, बल्कि सम्मान और अधिकार की लड़ाई है.

**कब मिलेगा सरकारी कर्मचारी का दर्जा?** : वहीं हड़ताल में शामिल सफाईकर्मी कांति देवी ने कहा कि, वे प्रतिदिन शहर की सफाई करती हैं ।

# पटना सिटी में चेहल्लुम जुलूस पर बवाल, खाजेकलां एसएचओ के सिर पर लगी चोट

एजेंसी



**पटना:** बिहार के पटना सिटी के खाजेकलां थाना क्षेत्र में चेहल्लुम के मौके पर बुधवार की शाम को बिना प्रशासनिक अनुमति निकाले गए जुलूस के दौरान दो अखाड़ों के युवकों के बीच विवाद हो गया. देखते ही देखते विवाद ने हंगामे का रूप ले लिया.

पटना में चेहल्लुम जुलूस के दौरान बवालः इस बीच मौके पर पहुंचे खाजेकलां थानाध्यक्ष विद्यानंद वर्मा बीच-बचाव के दौरान घायल हो गए. उनके सिर में चोट लगी, हालांकि प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें अस्पताल से छुट्टी दे दी गई और उनकी हालत खतरे से बाहर बताई गई है.

**'बिना पूर्व अनुमति एक जुलूस निकाला जा रहा था'** : खाजेकलां पुलिस ने बताया कि, चेहल्लुम के अवसर पर बिना पूर्व अनुमति एक जुलूस निकाला जा रहा था. इसी दौरान दो अखाड़ों के युवकों के बीच जुलूस को आगे ले जाने को लेकर कहासुनी शुरू हो गई, जो बाद में हाथापाई में बदल गई.

**बीच-बचाव में खाजेकलां थानाध्यक्ष घायल** : सूचना मिलने पर खाजेकलां थानाध्यक्ष विद्यानंद वर्मा पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और दोनों पक्षों को शांत कराने का प्रयास किया. इसी दौरान धक्का-मुक्की में थानाध्यक्ष के सिर में चोट लग गई. उन्हें तत्काल अस्पताल ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद छुट्टी दे दी. उपचार के बाद वह दोबारा ड्यूटी पर लौट आए.

**क्या बोले खाजेकलां थानाध्यक्ष?** : थानाध्यक्ष विद्यानंद वर्मा ने बताया कि दो समूहों के बीच हाथापाई हो रही थी. उसे रोकने और विवाद शांत कराने के दौरान उन्हें चोट लगी. घटना के बाद इलाके में तनाव की स्थिति को देखते हुए अतिरिक्त पुलिस बल की तैनाती की गई. पुलिस ने लोगों से शांति बनाए रखने की अपील की, लेकिन जब भीड़ नहीं मानी तो स्थिति को नियंत्रित करने के लिए हल्का बल प्रयोग कर भीड़ को तितर-बितर किया गया. इसके बाद हालात पर काबू पा लिया गया.

# डेहरी ईओ विमल हत्याकांड में सामने आया हत्या के आरोपी का नाम, एसआईटी औरंगाबाद का बड़ा खुलासा

एजेंसी



**रोहतास :** बिहार के चर्चित डेहरी ऑन सोन नगर परिषद के कार्यपालक पदाधिकारी विमल कुमार हत्याकांड में औरंगाबाद पुलिस एवं विशेष जांच दल SIT ने बड़ा खुलासा किया है. कई दिनों से रहस्य बनी इस सनसनी खेज हत्या में पुलिस ने दावा किया है कि किसी बाहरी अपराधी ने नहीं बल्कि मृतक के ड्राइवर मिथिलेश कुमार ने ही हत्या की वारदात को अंजाम दिया.

**एसआईटी जांच में बड़ा खुलासा** : पुलिस के अनुसार आरोपी ड्राइवर ने पूछताछ के दौरान अपना अपराध स्वीकार कर लिया है, तथा उसकी निशानदेही पर हत्या में प्रयुक्त लोहे की रॉड भी बरामद कर ली गई है. पुलिस अधीक्षक कार्यालय औरंगाबाद के द्वारा जारी प्रेस रिलीज के अनुसार 1 अगस्त 2026 को बारुण थाना क्षेत्र में संदिग्ध परिस्थितियों में कार्यपालक पदाधिकारी विमल कुमार का शव मिलने के बाद मामला हत्या का सामने आया था.

**मानसिक रूप से परेशान था आरोपी ड्राइवर** : प्रारंभिक जांच के बाद SIT का गठन किया गया जिसे वैज्ञानिक साक्ष्य, पूछताछ और तकनीकी विश्लेषण के आधार पर मामले की तह तक पहुंचने का दावा किया है. पुलिस के अनुसार आरोपी ड्राइवर मिथिलेश कुमार ने पूछताछ में बताया कि वह काफी समय से छुट्टी नहीं मिलने और अधिकारी के व्यवहार से मानसिक रूप से परेशान था.

**पुलिस जांच के अनुसार-** "दोनों के बीच कई बार कहा सुनी भी हो चुकी थी घटना वाले दिन जब दोनों डेहरी से पटना की ओर जा रहे थे इस दौरान रास्ते में पेशाब करने को लेकर दोनों के बीच फिर विवाद हो गया. विवाद इतना बढ़ गया कि ड्राइवर अपना आपा खो बैठा." कबूलनामे के अनुसार ड्राइवर ने बारुण दाउदनगर नहर रोड पर गाड़ी रोक दी, इसके बाद उसने वाहन की डिक्की से टायर खोलने वाली लोहे की रॉड निकाली और कार्यपालक पदाधिकारी विमल कुमार के सिर पर लगातार कई बार वार कर दिया. जिससे गंभीर चोट लगने से अधिकारी लहूलुहान होकर गिर पड़े.

**'ड्राइवर ने साक्ष्य मिटाने की भी कोशिश की'** : पुलिस के अनुसार हत्या के बाद आरोपी ने साक्ष्य मिटाने और घटना को सड़क दुर्घटना का रूप देने की कोशिश की उसने गाड़ी को आगे पीछे करके घायल अधिकारी के ऊपर वाहन चढ़ा दिया ताकि ऐसा लगे कि उनकी मौत सड़क हादसे में हुई है और लोग सड़क दुर्घटना समझ बैठे.

**हत्या में प्रयुक्त रॉड बरामद** : घटना को अंजाम देने के बाद आरोपी ने लोहे की रॉड को सड़क के दूसरी ओर स्थित एक पेड़ के पास नहर में फेंक दिया पुलिस ने आरोपी के निशान दही पर गोताखोरों की सहायता से नहर में तलाशी अभियान चलाया और हत्या में प्रयुक्त लोहे की रॉड बरामद कर ली पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट , चोटो की प्रकृति तथा बरामद हथियार आरोपी के स्वीकारोक्ति बयान की पुष्टि करते हैं.

**पुलिस की जांच अब भी जारी :** हालांकि पुलिस ने ड्राइवर को मुख्य आरोपी बताते हुए घटना का खुलासा कर दिया है. लेकिन जांच अभी समाप्त नहीं हुई है. पुलिस अन्य संभावित पहलुओं और संभावित संलिप्तता की भी गहन जांच कर रही है. जांच के तहत पुलिस निम्न बिंदुओं पर काम कर रही है.

**तीसरे किसी शख्स का इन्वॉल्मेंट तो नहीं?** : घटनास्थल पर टावर डम्प लेकर तकनीकी विश्लेषण किया जा रहा है. संदिग्ध व्यक्तियों का सीडीआर कॉल डिटेल रिकॉर्ड एवं आईपीडीआर निकाला जा रहा है. डेहरी ऑन सोन से घटनास्थल तक के सभी सीसीटीवी फुटेज सुरक्षित कर उनकी जांच की जा रही है. नगर परिषद के कर्मचारी एवं संबंधित लोगों से लगातार पूछताछ की जा रही है.

## संक्षिप्त खबरें

### बीपी लो था.. जांच नहीं किया.. मेरी मां मर गई' स्वास्थ्य मंत्री निशांत के सामने रोने लगा युवक




**पटना:** बिहार में स्वास्थ्य विभाग की कमान बदल चुकी है. स्वास्थ्य मंत्री निशांत कुमार लगातार सरकारी अस्पतालों का औचक निरीक्षण कर रहे हैं. उनका उद्देश्य अस्पतालों की व्यवस्था सुधारना और मरीजों को बेहतर इलाज उपलब्ध कराना है. लेकिन हाल के दिनों में निरीक्षण के दौरान सामने आए दृश्य यह सवाल खड़ा कर रहे हैं कि क्या बिहार में स्वास्थ्य व्यवस्था बदल गई है? पटना के IGIMS में स्वास्थ्य मंत्री निशांत कुमार के औचक निरीक्षण के दौरान अस्पताल की व्यवस्था को लेकर मरीजों और उनके परिजनों का गुस्सा खुलकर सामने आया. जैसे ही मंत्री वार्डों में पहुंचे, कई लोगों ने उन्हें घेर लिया और इलाज में लापरवाही, दवा की कमी तथा जांच में हो रही परेशानी की शिकायतें करने लगे. निरीक्षण के दौरान एक युवक स्वास्थ्य मंत्री के सामने भावुक हो गया. उसने आरोप लगाया कि उसकी मां की तबीयत खराब थी, लेकिन अस्पताल में समय पर बीपी तक की जांच नहीं की गई. महिला ने यह भी आरोप लगाया कि जांच के लिए भी मरीजों को निजी केंद्रों पर भेज दिया जाता है. उसने मंत्री से हाथ जोड़कर स्वास्थ्य व्यवस्था सुधारने की अपील की. निरीक्षण के दौरान कुछ लोगों ने अस्पताल में कथित दलाली होने का भी आरोप लगाया. मरीजों का कहना था कि सरकारी अस्पताल होने के बावजूद कई सुविधाओं के लिए उन्हें निजी व्यवस्था का सहारा लेना पड़ता है. शिकायतों की संख्या बढ़ने लगी तो सुरक्षा कर्मियों ने किसी तरह स्वास्थ्य मंत्री को वहां से बाहर निकाला. इस मामले में जब खुद स्वास्थ्य मंत्री निशांत कुमार से पूछा गया तो उन्होंने सुविधाओं के बारे में इतना ही कहा कि- "सब ठीक है चल रहा है.." लेकिन जिस तरह से निरीक्षण में खामियां सामने आ रही हैं कहीं न कहीं मंत्री को फजीहत भी उठानी पड़ रही है. हालांकि उनके निरीक्षण का असर जमीन पर भी दिखाई देने लगा है. शिक्षा और स्वास्थ्य जनता की सबसे बुनियादी जरूरत है. इनमें सुधार की गुंजाइश से स्वस्थ्य समाज का निर्माण होता है. लेकिन जिस तरह से स्वास्थ्य विभाग के मामले सामने आ रहे हैं वह काफी चिंता में डालते हैं. उम्मीद करते हैं कि यह व्यवस्था जल्द से जल्द दुरूस्त हो, ताकि मरीजों और उनके परिजनों को दिक्कतों का सामना न करना पड़े.

### खिलौने का लालच देकर की थी हैवानियत, मुजफ्फरपुर पॉक्सो कोर्ट ने सुनाई 20 साल सश्रम कारावास की सजा



**मुजफ्फरपुर:** बिहार के मुजफ्फरपुर जिले में 16 वर्षीय किशोरी से दुष्कर्म के मामले में विशेष पॉक्सो (POCSO) कोर्ट ने दोषी मुकेश राय को 20 वर्ष के सश्रम कारावास की सजा सुनाई है. कोर्ट ने उस पर 55 हजार रुपये का जुमार्ना भी लगाया है. यह मामला तुर्की थाना क्षेत्र के एक गांव का है. विशेष पॉक्सो कोर्ट-3 की न्यायाधीश नूर सुल्ताना ने बुधवार को सजा के बिंदु पर सुनवाई के बाद फैसला सुनाया. इससे पहले कोर्ट आरोपी को दोषी करार दे चुकी थी. अभियोजन के अनुसार, 31 मई 2025 की रात आरोपी ने किशोरी को गिफ्ट देने का झांसा देकर घर से बुलाया और सुनसान स्थान पर ले जाकर उसके साथ दुष्कर्म किया. घटना के बाद किशोरी घर पहुंची और परिजनों को पूरी जानकारी दी. इसके बाद एक जून 2025 को महिला थाने में प्राथमिकी दर्ज कराई गई. मामले की जांच के दौरान पीड़िता और आरोपी के कपड़ों का डीएनए परीक्षण कराया गया. जांच रिपोर्ट में दुष्कर्म की पुष्टि हुई. अभियोजन पक्ष ने इसे कोर्ट में महत्वपूर्ण वैज्ञानिक साक्ष्य के रूप में पेश किया, जिसने ट्रायल के दौरान अहम भूमिका निभाई. अभियोजन पक्ष की ओर से विशेष लोक अभियोजक (पॉक्सो) राजीव रंजन राजू ने कोर्ट में साक्ष्य प्रस्तुत किए. अधिवक्ता मिक्की कुमारी ने भी उनका सहयोग किया. सजा सुनाए जाने के बाद पीड़िता के पिता ने इस मामले पर कोई टिप्पणी करने से इनकार कर दिया. इस मामले में शुरूआती पुलिस कार्रवाई को लेकर भी सवाल उठे थे. आरोप था कि घटना की रात परिजन तुर्की थाना पहुंचे, लेकिन तत्काल प्राथमिकी दर्ज करने के बजाय उन्हें महिला थाना भेज दिया गया. इसके बाद तत्कालीन उपमुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा ने मामले का संज्ञान लिया, जिसके बाद कार्रवाई तेज हुई. तत्कालीन एसएसपी सुशील कुमार ने 4 जून 2025 को तत्कालीन तुर्की थानाध्यक्ष प्रमोद कुमार सिंह, दारोगा मंजर आलम और एएसआई मो. फरीदी को लापरवाही के आरोप में निलंबित कर दिया था. प्राथमिकी दर्ज होने के बाद आरोपी फरार हो गया था. गिरफ्तारी वारंट जारी होने के बावजूद पुलिस उसे पकड़ नहीं सकी. इसके बाद कोर्ट के आदेश पर 5 जून 2025 को पुलिस आरोपी के घर कुर्की-जब्ती की कार्रवाई के लिए बुलडोजर लेकर पहुंची. इसी दिन आरोपी ने विशेष पॉक्सो कोर्ट में आत्मसमर्पण कर दिया. पुलिस ने 2 अगस्त 2025 को मुख्य चार्जशीट और 16 दिसंबर 2025 को पूरक चार्जशीट दाखिल की थी.

### पटना में जमीन विवाद के बाद फायरिंग, भाग रहे आरोपी को ग्रामीणों ने पीट-पीटकर मार डाला

**पटना:** राजधानी पटना में फायरिंग और पीट-पीटकर हत्या की खबर सामने आई है. फुलवारीशरीफ थाना क्षेत्र में पहले ताबड़तोड़ फायरिंग हुई और उसके बाद भाग रहे दो आरोपियों को ग्रामीणों ने जमकर पीटा. इस घटना में एक आरोपी की इलाज के दौरान मौत हो गई, जबकि दूसरा गंभीर रूप से घायल है.पुलिस के अनुसार, फुलवारीशरीफ थाना क्षेत्र के लक्ष्मीचक गांव में मंगलवार रात जमीन विवाद को लेकर तीन युवकों ने सुरेश सिंह उर्फ मास्टर साहब पर फायरिंग कर दी. हालांकि वह हमले में बाल-बाल बच गए. वारदात के बाद तीनों आरोपी मौके से भागने लगे. फायरिंग की सूचना मिलते ही ग्रामीणों ने आरोपियों का पीछा किया और परसा बाजार थाना क्षेत्र के धमौल गांव के पास दो आरोपियों को पकड़ लिया. गुस्साए लोगों ने दोनों की बेरहमी से पिटाई कर दी. वहीं, तीसरा आरोपी भागने में कामयाब रहा. सूचना पर परसा बाजार और गौरीचक थाना पुलिस मौके पर पहुंची और दोनों घायलों को अस्पताल भेजा. सुरेश कुमार (28 वर्ष) की पीएमसीएच में इलाज के दौरान मौत हो गई, जबकि विवेक कुमार (22 वर्ष) निजी अस्पताल में भर्ती है. पटना सदर एसडीपीओ रंजन कुमार ने बताया कि घटनास्थल से दो जिंदा कारतूस, एक खोखा और एक बाइक बरामद की गई है. उन्होंने बताया कि जांच में पता चला है कि बरामद बाइक फुलवारीशरीफ थाना क्षेत्र से चोरी हुई थी. पुलिस सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही है. साथ ही प्रत्यक्षदर्शियों से पूछताछ कर रही है. जल्द ही फरार आरोपी को गिरफ्तार कर लिया जाएगा.

# पटना एयरपोर्ट पर पार्किंग शुल्क बढ़ा, कब लगेगा एक्सट्रा चार्ज और क्या है नया नियम जानें

एजेंसी



**पटनाः** जयप्रकाश नारायण इंटरनेशनल एयरपोर्ट में पार्किंग को लेकर नया टेंडर किया गया है और पांच साल बाद हुए इस टेंडर के बाद पार्किंग के दर बढ़ा दिये गये हैं. निजी वाहन के पिक एंड ड्रॉप की समय सीमा बढ़ा दी गई है. पहले ये सात मिनट था. मोटर साइकिल या स्कूटी की पार्किंग की दरों में कोई बदलाव नहीं किया गया है. पहले तीस मिनट के लिए 10 रुपए देना होता था, वही दर रखा गया है.

**कॉमर्शियल वाहन को देने होंगे 55 रुपयेः** ओला और उबर अगर एयरपोर्ट के अंदर से सवारी उठाते हैं और वहां से प्रस्थान करते हैं. तब उन्हें ?55 देने होंगे. साथ ही सात सीटर कार या एसयूवी वाहन जिन्हे पहले आधा घंटा के लिए 20 रुपये देने होते थे, अब 40 रुपये देने होंगे.

**बस, ट्रक और कोच के लिए 200 रुपयेः** बस, ट्रक और कोच के लिए जो शुल्क पहले आधे घंटे के लिए 30 रुपये होते थे. उसे बढ़ाकर 200 रुपए कर दिए गए हैं. इसके साथ ही ऑटो और 7 सीटर से अधिक वाले वाहन का अब पार्किंग शुल्क 80 रुपये कर दिया गया है. जो पहले मात्र 20 रुपए हुआ करता था. ये शुल्क आधे घंटे का है.

**देना होगा एक्सट्रा चार्जः** बता दें कि आधे घंटे के बाद कोई बाहर अगर पार्किंग में रहता है तो फिर उन्हें दोगुना शुल्क देना होगा. पटना एयरपोर्ट पर पार्किंग का नया टेंडर होने के बाद इस तरह का पार्किंग शुल्क तय कर दिया गया है. जिसे आज से यानी कि 6 अगस्त 2026 से ही प्रभावी माना जाएगा.

**यात्रियों को राहतः** कुल मिलाकर देखें तो पटना एयरपोर्ट पर पार्किंग शुल्क 5 साल बाद बदला है, लेकिन एक तरह से लोगों को राहत भी मिली है. क्योंकि पिक एंड ड्रॉप का जो समय 7 मिनट का था, उसे 9 मिनट कर दिया गया है. इससे यात्रियों को गाड़ी से उतरने और बैठने के लिए थोड़ा अतिरिक्त समय मिलेगा. इससे भागदौड़ कम होगी और व्यवस्था भी सुचारु ढंग से बनी रहेगी.

# बिहार में ईडी की बड़ी रेड, करोड़ों के फजीवाड़े में म्यूजिक कंपनी के डायरेक्टर के घर छापेमारी

एजेंसी



**मुंगेरः** बिहार के मुंगेर जिले के जमालपुर में करोड़ों रुपये के कथित निवेश ठगी मामले में गुरुवार को प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने बड़ी कार्रवाई की है. ईडी ने जॉलीवुड म्यूजिक इंडस्ट्रीज प्राइवेट लिमिटेड के निदेशक जितेंद्र कुमार राजीव के आवास पर आज सुबह छापेमारी की.

**घेराबंदी कर सघन तलाशीः** ईडी की टीम स्थानीय पुलिस के सहयोग से जमालपुर थाना क्षेत्र के नया टोला फूलका स्थित जितेंद्र कुमार के आवास पहुंची और पूरे परिसर की घेराबंदी कर सघन तलाशी अभियान शुरू किया. कार्रवाई की सूचना मिलते ही इलाके में लोगों की भीड़ जुट गई और पूरे क्षेत्र में दिनभर इस कार्रवाई की चर्चा होती रही.

**डिजिटल उपकरणों की बारीकी से हुई जांचः** ईडी की टीम मनी लॉन्ड्रिंग और संदिग्ध वित्तीय लेन-देन के पहलुओं की जांच कर रही है. छापेमारी के दौरान अधिकारियों ने बैंक खातों से जुड़े दस्तावेज, वित्तीय रिकॉर्ड, निवेश संबंधी कागजात, कंप्यूटर, लैपटॉप, मोबाइल फोन सहित अन्य डिजिटल उपकरणों की बारीकी से जांच की. इलेक्ट्रॉनिक डेटा को भी खंगाला गया ताकि निवेशकों से जुटाई गई राशि के लेन-देन और उसके उपयोग से जुड़े तथ्यों का पता लगाया जा सके.

**प्राथमिक आरोपियों से भी घंटों पूछताछः** जानकारी के मुताबिक, इस मामले के प्राथमिक आरोपी जयधन तांती और प्रिया राजीव रंजन से भी ईडी अधिकारियों ने घंटों पूछताछ की. अधिकारियों ने कंपनी की वित्तीय गतिविधियों, निवेशकों से राशि जुटाने की प्रक्रिया तथा धन के प्रवाह से जुड़े कई अहम बिंदुओं पर जानकारी एकत्र की. हालांकि समाचार लिखे जाने तक ईडी की ओर से इस कार्रवाई को लेकर कोई आधिकारिक बयान जारी नहीं किया गया था और जांच प्रक्रिया जारी थी.

**लोगों से करोड़ों रुपये का निवेश कराने का आरोपः** जॉलीवुड म्यूजिक इंडस्ट्रीज प्राइवेट लिमिटेड पर चिटफंड की तर्ज पर लोगों से करोड़ों रुपये का निवेश कराने का आरोप है. आरोप है कि कंपनी ने निवेशकों को आकर्षक मुनाफे का झांसा देकर बड़ी संख्या में लोगों से धन जमा कराया, लेकिन बाद में अचानक अपना कार्यालय बंद कर दिया.

# मानसून रूठा, अब कैसे होगी धान की बुआई.. बिहार के किसान ने खोजा तगड़ा 'नाले वाला जुगाड़'

एजेंसी



**जमुईः** "हर साल इस उम्मीद में धान का बिचड़ा तैयार कर लेते हैं कि समय पर अच्छी बारिश होगी तो खेतों में धान की रोपाई करेंगे, फिर अच्छी फसल होगी तो साल भर परिवार का पेट भरने के लिए अनाज मिल जाएगा. इस साल अच्छी पैदावार हुई तो कुछ अनाज बेचकर महाजन का कर्जा भी चुका देंगे. महाजन का कर्ज चुकाने के बाद कुछ पैसे बच गए तो आगे के लिए काम आएंगे." यह दर्द कहने को तो महिसौडी गांव के किसान गिरीश पासवान का है. लेकिन इसमें कई अन्नदाताओं की तकलीफ छुपी हुई है. गिरीश कहते हैं कि, "पिछले कई वर्षो से समय पर अच्छी बारिश नहीं हुई. इस साल मानसून की बारिश सही अनुपात में नहीं होने से लग रहा है कि सारी मेहनत बेकार चली जाएगी. हर साल कर्ज लेकर खेती करते है. कर्ज का बोझ बढ़ता जा रहा हैं. 5-6 वर्ष से तैयार बिचड़ा को बचाने के लिए अब नाले का पानी को जमा कर खेती कर रहे है."

**रूठे मेघों ने बढ़ायी किसान की चिंता** : धान की अच्छी उपज के लिए खेत में बिचड़ा डालने से लेकर रोपाई तक का सही समय एक जून से 31 जुलाई तक होता है. लेकिन जून-जुलाई बीत गया. अगस्त का पहला सप्ताह चल रहा है. ऐसे में बारिश की किल्लत के कारण जमुई जिले के किसानों ने अच्छे फसल की उम्मीद छोड़ दी है. जिले की हजारों एकड़ खेत परती (बिना रोपाई के) है.

**कैसे होगी धान की रोपाई?** : वहीं दूसरी तरफ जमुई जिला मुख्यालय के वार्ड नंबर 12 (महिसौडी), हरनाहा, कल्याणपुर, नीमारंग, भछियार, हांसडीह, उझंडी समेत कई स्थानों पर कुछ किसान कहीं कुछ कट्ठा तो कहीं कुछ बीघा खेतों में शहर भर के कचरे और गंदगी से भरे बदबूदार पानी को जमा कर खेतों में धान के बिचड़ों की रोपाई कर रहे है.

**'आसमान को निहारते आंखे थक गईं'** : नाले के पानी से खेत में रोपनी कर रहे किसान 60 वर्षीय धर्म मांझी ने कहा, इस बार पानी नहीं पड़ा नहीं है. 15 दिन की मेहनत के बाद नाले का पानी खेत में जमा कर रोपनी कर पा रहे हैं. नाले का पानी खेतों में साल भर बहता रहता है. हम हर साल नाले के पानी को खेत में आने से रोकने की कोशिश करते रहते है. लेकिन इस बार कम बारिश हुई तो उसी नाले के पानी धान की बुआई कर रहे है.

**'नाले का पानी भी पर्याप्त नहीं'** : खेतों की तरफ इशारा करते हुए गौतम मांझी कहते है, इस साल भी बारिश ठीक से नहीं हो पाई. धान की रोपाई का समय निकला जा रहा है. अब तो मजबूरन नाले के पानी से ही धान की रोपाई करनी पड़ी रही है.

**'पानी निकासी की कोंी व्यवस्था नहीं'** : ग्रामीणों की माने तो, नाले के पानी से खेती हर जगह संभव नहीं है. जमुई मुख्यालय अंतर्गत वार्ड नंबर 30 में नाले का पानी सीधे खेतों में जाता है. पानी की निकासी के लिए आज तक शासन-प्रशासन की ओर से कोई समुचित व्यवस्था नहीं की गई.

**क्या बोले जिला कृषि पदाधिकारी?** : जमुई जिला कृषि पदाधिकारी हरि मोहन मिश्रा ने बताया कि, पूरे जमुई जिला की बात करें तो अबतक 30-35 प्रतिशत ही धान की बुआई हो पाई है, उसमें भी मात्र 10 प्रतिशत बारिश के पानी से और 20-25 प्रतिशत धान की बुआई नाले के पानी और बोरिंग इत्यादि के पानी से, जहां जो सुविधा है, किसान को उससे धान की बुआई हो पाई है.

# 37 लाख तक की महंगी गाड़ियों में चलेंगे मंत्री और हाईकोर्ट के जज, वित्त विभाग ने बढ़ायी तय सीमा

एजेंसी



**पटनाः** बिहार सरकार के मंत्री और माननीय उच्च न्यायालय के न्यायाधीश अब 37 लाख तक की सरकारी गाड़ी पर सवारी करेंगे. वित्त विभाग ने 23 मार्च, 2026 के संकल्प की निर्धारित अधिसीमा में संशोधन किया है. विधि विभाग की ओर से जारी सर्कुलर में मंत्री और पटना उच्च न्यायालय के न्यायाधीश और समक्ष के लिए अब 30 लाख की जगह 37 लाख की सरकारी गाड़ी खरीदी जा सकेगी.

**वरिष्ठ नौकरशाहों के बजट में सुधारः** इसी तरह अपर मख्य सचिव, प्रधान सचिव से लेकर सचिव स्तर के अधिकारियों को पहले 25 लाख तक की सरकारी गाड़ी क्रय करने की सुविधा थी जिसे अब बढ़ाकर 30 लाख की सीमा कर दिया गया है. प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश, डीएम और समक्ष अधिकारियों के लिए 20 लाख की सीमा को बढ़ाकर 22 लाख कर दिया गया है.

**पुलिस कप्तान और अन्य अधिकारियों को राहतः** पुलिस अधीक्षक एवं समकक्ष के लिए 16 लाख की सीमा को बढ़ाकर 18 लाख कर दिया गया है. अन्य अधिकारी जिन्हें वाहन दिया जाता है उनके लिए 14 लाख की सीमा को बढ़ाकर 16 लाख कर दिया गया है. संशोधित क्रय करने की सीमा वाहन की ऑन रोड कीमत जिसमें साज सज्जा में होने वाला खर्च भी शामिल है.

**पर्यावरण के अनुकूल वाहनों के उपयोग को बढ़ावाः** वित्त विभाग ने विभिन्न स्तर पर सरकारी वाहन क्रय करने की सीमा बढ़ाने के पीछे इलेक्ट्रिक और हाइब्रिड वाहनों के बाजार मूल्य को ध्यान में रखते करने की बात कही गई है. इसके साथ जारी लेटर में यह भी कहा गया है कि सरकार पेट्रोलियम ईंधन की खपत कम करने एवं पर्यावरण के अनुकूल वाहनों के उपयोग को बढ़ावा देने के लिए संकल्पित है.

## खबर संक्षेप

### एनबीसीसी को मिला 780 करोड़ रुपए का बड़ा ऑर्डर

NBCC A Navratna CPSE

**नई दिल्ली।** सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनी एनबीसीसी लिमिटेड को भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) से आंध्र प्रदेश में कार्यालय परिसर और अधिकारियों एवं कर्मचारियों के आवासीय परिसर के निर्माण के लिए 780.38 करोड़ रुपये का ठेका मिला है। आरबीआई से 780.38 करोड़ रुपये का एक ऑर्डर मिला है।

### मणिपाल हेल्थ का शेयर 11 फीसदी बढ़त के साथ सूचीबद्ध



**नई दिल्ली।** मणिपाल हेल्थ एंटरप्राइजेज का शेयर अपने निर्गम मूल्य 590 रुपये के मुकाबले 11 प्रतिशत की बढ़त के साथ सूचीबद्ध हुआ। बीएसई पर कंपनी का शेयर 11 प्रतिशत की बढ़त के साथ 655 रुपये पर सूचीबद्ध हुआ। बाद में यह 11.86 प्रतिशत चढ़कर 660 रुपये पर पहुंच गया। एनएसई पर इसने 10.50 प्रतिशत की बढ़त के साथ 652 रुपये पर शुरुआत की।

### रुपया 13 पैसे मजबूत होकर 95.15 प्रति डॉलर पर



**मुंबई।** भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के पश्चिम एशिया संकट के बीच लगातार चौथी बार नीतिगत रेपो दर को यथावत रखने के फैसले के बाद रुपया बुधवार को 13 पैसे मजबूत होकर 95.15 प्रति डॉलर पर रहा। अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमतों में रातभर आई गिरावट और अमेरिकी डॉलर की कमजोरी से निवेशकों की धारणा को समर्थन मिला।

### टाटा प्रोजेक्ट्स को आरएमजेड से 670 करोड़ रुपए का ठेका




**नई दिल्ली।** टाटा प्रोजेक्ट्स को रियल एस्टेट मंच आरएमजेड से तमिलनाडु के चेन्नई में एक वाणिज्यिक परियोजना के मुख्य सिविल कार्यों के लिए 670.24 करोड़ रुपये का ठेका मिला है। कंपनी ने बुधवार को जारी बयान में कहा कि इस अनुबंध के तहत वह परियोजना के मुख्य भवन ढांचे का निर्माण करेगी।

### व्हर्लपूल इंडिया का लाभ 29.57 प्रतिशत घटा




**नई दिल्ली।** टिकाऊ उपभोक्ता सामान बनाने वाली कंपनी व्हर्लपूल ऑफ इंडिया लिमिटेड का चालू वित्त वर्ष 2026-27 की पहली तिमाही में एकीकृत शुद्ध लाभ 29.57 प्रतिशत घटकर 102.88 करोड़ रुपये रहा है। कंपनी ने शेयर बाजार को दी सूचना में यह जानकारी दी। 2025-26 की समान तिमाही में कंपनी का शुद्ध लाभ 146.08 करोड़ रुपये रहा था।

### एचटी मीडिया पहली तिमाही में शुद्ध मुनाफे में लौटी

HT Media Limited

**नई दिल्ली।** एचटी मीडिया लिमिटेड ने चालू वित्त वर्ष 2026-27 की पहली तिमाही में 43.51 करोड़ रुपये का एकीकृत शुद्ध लाभ दर्ज किया है। वित्त वर्ष 2025-26 की पहली (अप्रैल-जून) तिमाही में कंपनी को 11.37 करोड़ रुपये का शुद्ध घाटा हुआ था। कंपनी ने बुधवार को शेयर बाजार को दी सूचना में बताया कि समीक्षाधीन तिमाही में उसकी परिचालन आय 11.05 प्रतिशत बढ़कर 437.30 करोड़ रुपये रही, जो पिछले वित्त वर्ष की समान अवधि में 393.76 करोड़ रुपये थी।

# इलेक्ट्रिक वाहन उद्योग 2030 तक चार करोड़ नौकरियां करेगा पैदा : रिपोर्ट

नई दिल्ली

- टैलेंट कंपनी एडेको इंडिया ने जारी की रिपोर्ट

भारत में इलेक्ट्रिक व्हीकल (ईवी) सेक्टर तेजी से बढ़ रहा है और आने वाले कुछ सालों में यह देश में रोजगार का बड़ा जरिया बन सकता है।

टैलेंट कंपनी एडेको इंडिया की एक नई रिपोर्ट के मुताबिक, 2030 तक ईवी इंडस्ट्री में 3 करोड़ से 4 करोड़ नई नौकरियां पैदा हो सकती हैं। इसके साथ ही हर साल भर्ती में 15 से 20 फीसदी की बढ़ोतरी होने का अनुमान है। रिपोर्ट के अनुसार, अब इलेक्ट्रिक वाहनों का इस्तेमाल सिर्फ कारों तक सीमित नहीं है। दोपहिया, कमर्शियल वाहन, बसें और पब्लिक ट्रांसपोर्ट में भी ईवी की मांग तेजी से बढ़ रही है। इसी वजह से यह सेक्टर अब सिर्फ गाड़ियां बनाने तक सीमित नहीं रहेगा, बल्कि बैटरी, चार्जिंग, रिसाइक्लिंग, इलेक्ट्रॉनिक्स और ऊर्जा से जुड़ा एक बड़ा उद्योग बनता जा रहा है।

## हर साल भर्ती में 15 से 20 प्रतिशत बढ़ोतरी होने का अनुमान

### युवाओं को मिलेगी स्थाई नौकरियां

रिपोर्ट में यह भी कहा गया है कि शुरुआत में 40 से 50 फीसदी नौकरियां कॉन्ट्रैक्ट या फ्लेक्सी स्टाफिंग के रूप में मिल सकती हैं, जो बाद में स्थायी नौकरी में बदल सकती हैं। बैटरी रिसाइक्लिंग भी तेजी से उभरता हुआ क्षेत्र बन गया है। वित्त वर्ष 2022 से 2026 के बीच इस बाजार में 55 फीसदी की सालाना औसत ग्रोथ दर्ज की गई है। वहीं, ईवी चार्जिंग इंफ्रास्ट्रक्चर से जुड़े क्षेत्रों में अगले 10 वर्षों के दौरान 45 फीसदी तक नई प्रतिभाओं की मांग बढ़ने का अनुमान है। रिपोर्ट का कहना है कि 'मेक इन इंडिया' अभियान के साथ ईवी सेक्टर का विस्तार भारत की कच्चे तेल पर निर्भरता कम करेगा, ऊर्जा सुरक्षा बढ़ाएगा और 2070 तक नेट-जीरो उत्सर्जन के लक्ष्य को हासिल करने में भी मदद करेगा।



### लोगों को मिलेगी डायरेक्ट जॉब

2030 तक बनने वाली कुल नौकरियों में 10 से 15 फीसदी युवाओं को सीधा फायदा मिलेगा, जबकि 85 से 90 फीसदी अप्रत्यक्ष रूप से ईवी सेक्टर से जुड़ेंगे। यानी सप्लाई चेन, सर्विस, चार्जिंग स्टेशन, बैटरी निर्माण, लॉजिस्टिक्स और दूसरे जुड़े क्षेत्रों में भी बड़ी संख्या में रोजगार पैदा होंगे। रिपोर्ट 100 से ज्यादा कंपनियों से मिली जानकारी के आधार पर तैयार की गई है। इसमें बताया गया है कि आने वाले समय में सिर्फ फैक्ट्री में काम करने वाले कर्मचारियों की ही नहीं, बल्कि इंजीनियरिंग, बैटरी टेक्नोलॉजी, एनर्जी सिस्टम, सेमीकंडक्टर, मोटर डिजाइन और पावर इलेक्ट्रॉनिक्स जैसे क्षेत्रों के विशेषज्ञों की मांग भी तेजी से बढ़ेगी।

### वैश्विक पैसेंजर ईवी बाजार में भारत की हिस्सेदारी चार फीसदी

एडेको इंडिया के निदेशक दीपेश गुप्ता ने कहा कि भारत अभी पैसेंजर ईवी बाजार में दुनिया का करीब 4 फीसदी हिस्सा रखता है, जबकि इलेक्ट्रिक दोपहिया बाजार में उसकी हिस्सेदारी 17 फीसदी है। उनका कहना है कि अगर भारत अपनी मैन्युफैक्चरिंग और कुशल कर्मचारियों की संख्या बढ़ाता है, तो वह वैश्विक ईवी सप्लाई चेन में और बड़ी भूमिका निभा सकता है। उन्होंने बताया कि कई राज्य अब नई ईवी नीतियों को लागू कर रहे हैं।

## कारोबारी गतिविधियां पिछले 53 महीनों में सबसे धीमी गति से बढ़ीं

# सेवा क्षेत्र की वृद्धि जुलाई में साढ़े चार साल के निचले स्तर पर, नए ऑर्डर की रफ्तार सुस्त

नई दिल्ली

- घरेलू और निर्यात, दोनों बाजारों में नए कारोबार काफी धीमे रहे
- नए कारोबार में केवल मध्यम वृद्धि दर्ज की गई
- सूचकांक जून के 57.4 से घटकर जुलाई में 53.3 पर आ गया

देश के सेवा क्षेत्र की वृद्धि जुलाई में घटकर करीब साढ़े चार साल के निचले स्तर पर आ गई। घरेलू और निर्यात, दोनों बाजारों में नए कारोबार के ऑर्डर धीमे पड़ने, कड़ी प्रतिस्पर्धा और मांग कमजोर होने के कारण कारोबारी गतिविधियों की रफ्तार सुस्त रही। एक मासिक सर्वेक्षण में बुधवार को यह जानकारी दी गई।

एचएसबीसी इंडिया सर्विसेज पीएमआई (क्रय प्रबंधक सूचकांक) के अनुसार, कारोबारी गतिविधियां पिछले 53 महीनों में सबसे धीमी गति से बढ़ीं। मांग कमजोर रहने और प्रतिस्पर्धी दबाव के बीच नए कारोबार में केवल मध्यम वृद्धि दर्ज की गई।



### सेवा क्षेत्र में उत्पादन का विस्तार जारी

मौसम संबंधी उतार-चढ़ाव के आधार पर समायोजित एचएसबीसी इंडिया सर्विसेज पीएमआई कारोबारी गतिविधि सूचकांक जून के 57.4 से घटकर जुलाई में 53.3 पर आ गया। यह करीब साढ़े चार साल में वृद्धि की सबसे धीमी दर है। हालांकि, सूचकांक 50 के तटस्थ स्तर से ऊपर बना रहा, जिससे यह संकेत मिलता है कि सेवा क्षेत्र में उत्पादन का विस्तार लगातार जारी है।

### कर्मचारियों की संख्या में कोई बदलाव नहीं

केवल छह प्रतिशत कंपनियों ने कर्मचारियों की संख्या बढ़ाने की जानकारी दी, जबकि 92 प्रतिशत कंपनियों ने कहा कि उनके कर्मचारियों की संख्या में कोई बदलाव नहीं हुआ। भंडारी ने कहा कि नियुक्तियों में मध्यम सुधार हुआ, जबकि लागत दबाव कम होने और कंपनियों द्वारा बिक्री मूल्य बढ़ाने से लाभ मार्जिन में भी सुधार आया।

### परिवहन लागत बढ़ने से सेवा क्षेत्र में दबाव

सर्वेक्षण के अनुसार, जुलाई में ईंधन, श्रम, कच्चे माल, प्रौद्योगिकी और परिवहन लागत बढ़ने से सेवा क्षेत्र में लागत का दबाव बना रहा। हालांकि, निर्यात से मिलने वाले नए कारोबार ने सकारात्मक रुख बनाए रखा। कंपनियों ने संयुक्त अरब अमीरात, ब्रिटेन और अमेरिका से कारोबार बढ़ने की जानकारी दी। सेवा क्षेत्र की कंपनियों ने कर्मचारियों की संख्या में भी वृद्धि जारी रखी।

### नए कारोबार में वृद्धि फरवरी 2022 के बाद सबसे धीमी

एचएसबीसी की भारत में मुख्य अर्थशास्त्री प्रांजुल भंडारी ने कहा, ''भारत का सेवा क्षेत्र जुलाई में भी बढ़ा, लेकिन इसकी रफ्तार कुछ धीमी रही। कई महीनों के मजबूत प्रदर्शन के बाद घरेलू और निर्यात, दोनों बाजारों में नए कारोबार की वृद्धि कमजोर पड़ी। सर्वेक्षण के अनुसार, नए कारोबार में वृद्धि फरवरी, 2022 के बाद सबसे धीमी रही।

### ऑर्डर टाले जाने से वृद्धि प्रभावित

सर्वेक्षण में शामिल कंपनियों ने बताया कि कड़ी प्रतिस्पर्धा, मांग में कमी, बाजार की कमजोर परिस्थितियों और ऑर्डर टाले जाने से वृद्धि प्रभावित हुई। जुलाई में नियुक्तियों की रफ्तार में कुछ सुधार हुआ। हालांकि, यह सुधार सीमित रहा।

### कारोबारी विश्वास घटकर सात महीने के निचले स्तर पर

*सर्वेक्षण के अनुसार, बेहतर मांग और बाजार परिस्थितियों की उम्मीद, प्रतिस्पर्धी मूल्य निर्धारण की रणनीति तथा विदेशी पर्यटकों की संख्या बढ़ने की संभावना से कंपनियों का कारोबारी भरोसा बना रहा। हालांकि, समग्र कारोबारी विश्वास जुलाई में घटकर सात महीने के निचले स्तर पर आ गया।*

### विनिर्माण क्षेत्र में मामूली तेजी आई

*इस बीच, एचएसबीसी इंडिया कंपोजिट पीएमआई उत्पादन सूचकांक जून के 57.1 से घटकर जुलाई में 54.3 पर आ गया। यह मार्च, 2022 के बाद विस्तार की सबसे धीमी रफ्तार को दर्शाता है। सर्वेक्षण के अनुसार, सेवा क्षेत्र की गतिविधियों में उल्लेखनीय सुस्ती रही, जबकि विनिर्माण क्षेत्र के उत्पादन की वृद्धि में मामूली तेजी आई।*

# सियाम ने ई20 ईंधन से वाहनों को दिक्कत संबंधित पत्र वापस लिया

नई दिल्ली




- सियाम ने पत्र पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्रालय को भेजा
- पहले पत्र में ईंधन से वाहनों में आने वाली दिक्कतों पर चिंता जताई थी

वाहन विनिर्माताओं के संगठन सोसायटी ऑफ इंडियन ऑटोमोबाइल मैन्युफैक्चरर्स (सियाम) ने पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्रालय को भेजा वह पत्र वापस ले लिया है, जिसमें ई20 ईंधन (20 प्रतिशत एथनॉल युक्त पेट्रोल) से होने वाले नुकसान और उससे वाहनों में आने वाली दिक्कतों पर चिंता जताई गई थी।

संगठन ने कहा है कि इस मामले में अभी और अधिक आंकड़े जुटाए जाने की आवश्यकता है। सियाम ने मंगलवार को जारी बयान में कहा कि संबंधित पत्र विभिन्न हितधारकों के बीच नियमित रूप से होने वाली तकनीकी चर्चाओं का हिस्सा था। इनमें उद्योग संगठन, पेट्रोलियम विपणन कंपनियां (ओएमसी), वाहन विनिर्माता कंपनियां (ओईएम) तथा परीक्षण एजेंसियां शामिल हैं। संगठन ने कहा, ''पत्र में उद्धृत कुछ आंकड़ों के सत्यापन के लिए देश के विभिन्न क्षेत्रों से विस्तृत आंकड़े एकत्र करने और हमारी सदस्य वाहन विनिर्माता कंपनियों के साथ व्यापक विचार-विमर्श की आवश्यकता है। उसने कहा कि मीडिया में प्रकाशित संबंधित आंकड़ों का भी इसी प्रकार सत्यापन किया जाना जरूरी है। इसलिए सियाम अपना पहले भेजा गया पत्र वापस ले रहा है।

### इंजन के पुर्जों में जंग लगने की बात कही

मीडिया की खबरों के अनुसार, अब वापस लिए जा चुके पत्र में सियाम ने कहा था कि जांच में पाया गया कि ई20 ईंधन से संबंधित समस्या वाले वाहनों में इस्तेमाल किए गए ईंधन में क्लोराइड की अधिक मात्रा के कारण इंजन के पुर्जों में जंग और घिसाव हुआ। पत्र में इंजन के पुर्जों पर क्लोराइड के अत्यधिक नुकसानदेह प्रभाव का भी उल्लेख किया गया था।

# उतार-चढ़ाव भरे कारोबार में सेंसेक्स 152 अंक चढ़ा

मुंबई



- आरबीआई के रेपो दर को स्थिर रखने का बाजार पर सीमित प्रभाव
- सूचकांक बढ़त के साथ खुला, 770 का हाई लगाकर टूटा

भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के लगातार चौथी बार अपनी प्रमुख नीतिगत दर रेपो में कोई बदलाव नहीं किए जाने के बाद बुधवार को उतार-चढ़ाव भरे कारोबारी सत्र में बीएसई का मानक सूचकांक सेंसेक्स 152 अंक चढ़कर बंद हुआ।

इस दौरान 30 शेयर वाला सेंसेक्स 152.05 अंक बढ़त के साथ 78,581 अंक पर रहा। सेंसेक्स के 17 शेयर बढ़त में जबकि 12 नुकसान में रहे। वहीं एक बिना किसी बदलाव के बंद हुआ। सूचकांक बढ़त के साथ खुला और सत्र के पहले हिस्से में 79,055.38 अंक के दिन के उच्च स्तर को छू गया। हालांकि, दोपहर के कारोबार में सेंसेक्स ऊपरी स्तर से 769.64 अंक टूटकर 78,285.74 अंक के निचले स्तर पर आ गया। बाजार बंद होने से ठीक पहले दिग्गज बैंकिंग, वाहन और पूंजीगत वस्तु शेयरों में आई तेजी ने सेंसेक्स को घाटे से उबरने में मदद की। निफ्टी 9.75 अंक की मामूली बढ़त के साथ 24,624.65 अंक पर बंद हुआ। दिन के कारोबार में यह 24,677.60 अंक के उच्च स्तर तक गया और 24,497.95 अंक के निचले स्तर तक आया। सेंसेक्स में शामिल कंपनियों में से अल्ट्राटेक सीमेंट, एनटीपीसी, भारतीय स्टेट बैंक, महिंद्रा एंड महिंद्रा, इंटरग्लोब एविएशन और कोटक महिंद्रा बैंक के शेयर सबसे अधिक बढ़त में रहे।

### शेयरों की समापन कीमतें तय करने नई प्रणाली शुरू

इक्विटी नकद खंड में समापन नीलामी सत्र (सीएएस) सोमवार से चालू हो गया, जिसने कीमत निर्धारण प्रक्रिया को अधिक पारदर्शी और मजबूत बनाने के उद्देश्य से पात्र शेयरों की समापन कीमतें तय करने के लिए एक नई नीलामी आधारित प्रणाली शुरू की है।

# विमानन क्षेत्र में और प्रतिस्पर्धा की जरूरत : अकासा एयरलाइंस

नई दिल्ली




- अकासा एयर के सीईओ दुबे ने कहा, स्वामित्व के प्रस्ताव पर विचार जारी

अकासा एयर के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) विनय दुबे ने कहा है कि अगर सरकार हवाई अड्डा परिचालकों को एयरलाइन कंपनियों के स्वामित्व की अनुमति देने के प्रस्ताव पर विचार करती है तो कंपनी इसका समर्थन करेगी। उन्होंने कहा कि भारत के विमानन क्षेत्र में और प्रतिस्पर्धा की जरूरत है।

अकासा एयर के संस्थापक एवं सीईओ दुबे की यह टिप्पणी उन खबरों के बीच आई है, जिनमें कहा गया है कि सरकार हवाई अड्डा परिचालकों को विमानन कंपनियां रखने की अनुमति देने पर विचार कर रही है। दुबे ने बुधवार को कहा कि उन्हें पूरा भरोसा है कि सरकार उस स्थिति से जुड़े सभी पहलुओं पर विचार करेगी। सीईओ ने कहा, ''मुझे पूरा भरोसा है कि वे (सरकार) इस बारे में जानते हैं और सभी पहलुओं को ध्यान में रखेंगे। इसलिए मैं इस कदम का समर्थन करता हूं। देश में विमानन क्षेत्र में ''और अधिक प्रतिस्पर्धा'' की आवश्यकता पर जोर देते हुए अकासा एयर के संस्थापक ने कहा कि भारत में कई एयरलाइंस होनी चाहिए, हो सकती हैं और इसका समर्थन करना चाहिए।

### अकासा के पास 40 बोइंग 737 विमानों का बेड़ा

*अकासा एयर के पास वर्तमान में 40 बोइंग 737 विमानों का बेड़ा है और शुक्रवार को उसके परिचालन के चार साल पूरे हो जाएंगे। कंपनी ने सात अगस्त, 2022 को उड़ान सेवाएं शुरू की थीं। नागर विमानन मंत्री के. राममोहन नायडू ने तीन अगस्त को राज्यसभा में लिखित जवाब में कहा था कि सरकार मौजूदा एयरलाइन कंपनियों के विस्तार और नए परिचालकों के बाजार में प्रवेश को सुगम बनाने के लिए अनुकूल माहौल तैयार करने को प्रतिबद्ध है।*

# सोना एक माह के उच्चतम स्तर पर, चांदी में 6200 रुपए की तेजी



**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय राजधानी के सराफा बाजार में बुधवार को सोने की कीमतों में लगातार दूसरे दिन तेजी आई और यह एक महीने के सबसे ऊंचे स्तर 1.5 लाख रुपये प्रति 10 ग्राम पर पहुंच गया। ऐसा वैश्विक स्तर पर कीमती धातुओं की कीमतों में भारी उछाल के कारण हुआ। अखिल भारतीय सराफा संघ के मुताबिक, 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाले सोने की कीमत 2,500 रुपये यानी 1.7 प्रतिशत बढ़कर 1,50,000 रुपये प्रति 10 ग्राम (सभी कर सहित) हो गई। मंगलवार को यह 1,47,500 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था।

# मस्क द्वारा संचालित स्पेसएक्स को 54.1 करोड़ डॉलर का घाटा

- घाटा वॉल स्ट्रीट द्वारा लगाए गए अनुमानों से कम

न्यूयॉर्क



सार्वजनिक कंपनी के रूप में अपनी पहली तिमाही रिपोर्ट में स्पेसएक्स ने घाटा दर्ज किया है। हालांकि, यह वॉल स्ट्रीट द्वारा लगाए गए अनुमानों से कम है। साथ ही कंपनी के राजस्व में जोरदार उछाल देखने को मिला है। कंपनी ने विशेष रूप से कृत्रिम मेधा (एआई) पर अपने खर्च में काफी बढ़ोतरी की है।

एलन मस्क द्वारा संचालित इस कंपनी को जून में समाप्त तिमाही के दौरान 54.1 करोड़ डॉलर का घाटा हुआ, जो वित्तीय विश्लेषकों के अनुमान के आधे से भी कम है। कंपनी का राजस्व बढ़कर 7.8 अरब डॉलर हो गया, जो एक साल पहले की समान अवधि की तुलना में 90 प्रतिशत से अधिक है। समीक्षाधीन तिमाही में कंपनी का सबसे बड़ा नकदी स्रोत इसका ''कनेक्टिविटी'' कारोबार रहा, जिसमें राजस्व सालाना आधार पर 66 प्रतिशत बढ़ा। इसकी वजह स्टारलिंक उपग्रह संचार सेवा के ग्राहकों की संख्या का दोगुना होकर 1.2 करोड़ पहुंचना रहा।

## ओएनजीसी का मुनाफा दोगुना होकर 17,033 करोड़ रुपए पर




**नई दिल्ली।** सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनी ऑयल एंड नैचुरल गैस कॉरपोरेशन (ओएनजीसी) का शुद्ध लाभ चालू वित्त वर्ष 2026-27 की पहली तिमाही (अप्रैल-जून) में दोगुने से अधिक होकर 17,033.81 करोड़ रुपये पर पहुंच गया है। कच्चे तेल की कीमतों में आई तेजी के बल पर कंपनी के मुनाफे में उल्लेखनीय वृद्धि हुई। ओएनजीसी ने शेयर बाजारों को यह जानकारी दी। इससे पिछले वित्त वर्ष की समान तिमाही में कंपनी का शुद्ध लाभ 8,024.23 करोड़ रुपये रहा था। कंपनी का शुद्ध लाभ वित्त वर्ष 2025-26 की जनवरी-मार्च तिमाही के 6,649.97 करोड़ रुपये की तुलना में भी काफी अधिक रहा। चालू वित्त वर्ष की पहली तिमाही में कंपनी की कुल आय बढ़कर 48,321.65 करोड़ रुपये हो गई।

## आर्थिक वृद्धि को मिलेगा समर्थन : विशेषज्ञ

# आरबीआई के ब्याज दरों में स्थिरता से कारोबारी भरोसा बढ़ेगा

नई दिल्ली

- ब्याज दरों में स्थिरता से निवेश को बढ़ावा मिलेगा

भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के रेपो दर को यथावत रखने के निर्णय से ब्याज दरों में स्थिरता बनी रहेगी, जिससे कारोबारियों का भरोसा मजबूत होने की उम्मीद है। अर्थशास्त्रियों और उद्योग विशेषज्ञों ने यह बात कही।

उद्योग विशेषज्ञों का मानना है कि इससे निवेश को बढ़ावा मिलेगा और वैश्विक आर्थिक माहौल में अनिश्चितताओं के बावजूद भारत की वृद्धि गति को बनाए रखने में मदद मिलेगी। साथ ही महंगाई से जुड़े जोखिम अभी बने हुए हैं, इसलिए आगे के नीतिगत फैसले उपलब्ध आंकड़ों पर निर्भर करेंगे।

### कारोबारी भरोसा मजबूत होगा : एसोचैम

उद्योग मंडल एसोचैम के अध्यक्ष निर्मल के. मिंडा ने कहा कि रेपो दर को 5.25 प्रतिशत पर यथावत रखना भारतीय अर्थव्यवस्था की मजबूत व्यापक आर्थिक बुनियाद में केंद्रीय बैंक के भरोसे को दर्शाता है। नीतिगत दरों में स्थिरता से कारोबारी भरोसा मजबूत होगा, निवेश को प्रोत्साहन मिलेगा और वैश्विक आर्थिक अनिश्चितताओं के बीच आर्थिक वृद्धि की गति बनी रहेगी।

### अर्थव्यवस्था की वृद्धि दर मजबूत बनी हुई: राठी समूह

आनंद राठी समूह के मुख्य अर्थशास्त्री एवं कार्यकारी निदेशक सुजान हाजरा ने कहा कि आरबीआई ने फिलहाल नीतिगत दरों में बदलाव नहीं किया है, लेकिन वह पूरी तरह निश्चिंत भी नहीं है। उनके अनुसार, रेपो दर को 5.25 प्रतिशत पर बनाए रखने और तटस्थ रुख बरकरार रखने से यह संकेत मिलता है कि अर्थव्यवस्था की वृद्धि दर मजबूत बनी हुई है, जबकि दरों में और कटौती की गुंजाइश सीमित हो गई है।




### मुद्रास्फीति के आकलन में मामूली सुधार- क्रिसिल

क्रिसिल लिमिटेड के मुख्य अर्थशास्त्री धर्मकीर्ति जोशी ने कहा कि मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) का रेपो दर और नीतिगत रुख को यथावत रखने का फैसला बाजार की अपेक्षाओं के अनुरूप है। उन्होंने कहा कि जून की तुलना में वृद्धि और मुद्रास्फीति के आकलन में मामूली सुधार हुआ है। चालू वित्त वर्ष के लिए वृद्धि अनुमान 0.1 प्रतिशत बढ़ाया गया है जबकि मुद्रास्फीति का अनुमान 0.1 प्रतिशत घटाया गया है।

### कदम आर्थिक वृद्धि का बढ़ावा देने वाला: मिंडा

मिंडा ने कहा कि आरबीआई का यह कदम आर्थिक वृद्धि को बढ़ावा देने, मूल्य स्थिरता बनाए रखने और वित्तीय प्रणाली की मजबूती सुनिश्चित करने के बीच संतुलित दृष्टिकोण को दर्शाता है। यह नीति कंपनियों के लिए एक स्थिर और भरोसेमंद माहौल उपलब्ध कराएगी। इससे आने वाले महीनों में भारत की आर्थिक वृद्धि को और मजबूती मिलेगी।

### वैश्विक अनिश्चितताएं अभी बनी हुई : पीएचडी चैंबर

पीएचडी चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री के सीईओ एवं महासचिव रंजीत मेहता ने कहा, ''यह नीति अर्थव्यवस्था के सामने मौजूद उभरते जोखिमों को लेकर संतुलित दृष्टिकोण को दर्शाती है। वैश्विक अनिश्चितताएं अभी भी बनी हुई हैं, लेकिन आरबीआई का फैसला बदलती व्यापक आर्थिक परिस्थितियों के अनुरूप है।

### मोलबायो का आईपीओ 10 अगस्त को खुलेगा



**नई दिल्ली।** टेमासेक और मोतीलाल ओसवाल प्राइवेट इक्विटी समर्थित पॉइंट-ऑफ-केयर डायग्नोस्टिक्स कंपनी मोलबायो डायग्नोस्टिक्स लिमिटेड ने अपने आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) के लिए 768-807 रुपये प्रति शेयर का मूल्य दायरा तय किया है। कंपनी का आईपीओ 10 अगस्त को खुलेगा। कंपनी ने बुधवार को जारी सार्वजनिक सूचना में कहा कि आईपीओ के तहत शेयरों की बिक्री 12 अगस्त को बंद होगी, जबकि एंकर निवेशकों के लिए बोली सात अगस्त को खुलेगी।

## खबर संक्षेप




### 15 अक्टूबर से डीपी वर्ल्ड इंडिया चैंपियनशिप

**नई दिल्ली।** शुभंकर शर्मा और अनिर्बान लाहिड़ी 15 से 18 अक्टूबर तक दिल्ली गोल्फ क्लब में होने वाली डीपी वर्ल्ड इंडिया चैंपियनशिप में भारतीय चुनौती की अगुवाई करेंगे जबकि इसमें रोरी मैकलरॉय और गत चैंपियन टॉमी फ्लीटवुड जैसे दिग्गज भी भाग लेंगे। चार मिलियन डॉलर ईनामी राशि का यह टूर्नामेंट 'रेस टू दुबई' के 9 टूर्नामेंटों में आठवां है। डीपी वर्ल्ड टूर चैंपियनशिप दुबई में नवंबर में होगी। शर्मा और लाहिड़ी के साथ इसमें गत ओपन चैंपियन रियान फॉक्स, शेन लॉरी, जस्टिन रोस, यूरोपीय राइडर कप कप्तान ल्यूक डोनाल्ड और राइडर कप स्टार विक्टर होवलैंड भी नजर आएंगे।

### पीआईएफ लंदन चैंपियनशिप में भाग लेंगी 4 भारतीय



**लंदन।** दीक्षा डागर और अदिति अशोक समेत 4 भारतीय गोल्फर 20 लाख डॉलर ईनामी राशि के लेडीज यूरोपीय टूर (एलईटी) की पीआईएफ लंदन चैंपियनशिप में भाग लेंगी। दीक्षा दो बार एलईटी खिताब जीत चुकी हैं । वह लगातार शीर्ष दस में रही हैं और फिलहाल 'आर्डर आफ मेरिट' में आठवें स्थान पर है। वह 2023 में शीर्ष तीन में रही थी। पांच बार की एलईटी विजेता अदिति अभी तक एलपीजीए टूर पर जीत दर्ज नहीं कर सकी हैं। उनके अलावा अवनि प्रशांत और प्रणवी उर्स भी इस टूर्नामेंट में भाग लेंगी, जिसमें 120 खिलाड़ी नजर आएंगे।

### आज से रैकेटलॉन विश्व चैंपियनशिप



**नई दिल्ली।** विक्रमादित्य चौफला की अगुवाई में भारतीय टीम रॉटरडम में गुरुवार से शुरू हो रही रैकेटलॉन विश्व चैंपियनशिप में लगातार तीसरी बार खिताब जीतने उतरेगी। भारत की छह सदस्यीय टीम का ऐलान रैकेटलॉन भारत खेल संघ ने किया, जिसमें चौफला, प्रशांत सेन, मोनिश मशरुवाला, अक्षय गांधी, राघव जटिया और निधि तिवारी शामिल हैं। यह टीम चैलेंज कप में भाग लेगी, जिसमें भारत ने पिछले साल खिताब जीता था। रैकेटलॉन अनूठा खेल है, जो टेबल टेनिस, बैडमिंटन, स्क्वाश और टेनिस का मिश्रण है और चारों खेलों के कुल स्कोर मिलाकर विजेता का चयन होता है ।

## भारतीय टीम ने 1932 में खेला था पहला टेस्ट

# ऐतिहासिक मैच : 15 अगस्त को 600वां टेस्ट खेलेगी टीम इंडिया

गिल की कप्तानी में जुड़ेगा एक और नया अध्याय

**कोलंबो**

भारतीय टीम दो टेस्ट मैचों की सीरीज के लिए श्रीलंका पहुंच चुकी है। जब 15 अगस्त को दोनों टीमें पहले टेस्ट के लिए आमने सामने होंगी तो वो एक ऐतिहासिक मैच बन जाएगा।

दुनिया की केवल दो ही टीमें ऐसी हैं, जो अब तक 600 टेस्ट मैच खेल पाई हैं, अब उसमें भारत का नाम भी शामिल हो जाएगा। ये एक बड़ी उपलब्धि होगी, जो भारत की आजादी की वर्षगांठ के दिन मिलेगी। इस बीच टीम इंडिया श्रीलंका पहुंच चुकी है और जल्द ही तैयारी भी शुरू हो जाएगी। भारतीय टीम अब तक 599 टेस्ट मैच खेल चुकी है और श्रीलंका के खिलाफ गॉल में होने वाला मुकाबला 600वां मैच होगा।

### आजादी से पहले खेल लिया था पहला टेस्ट

भारत ने अपना पहला टेस्ट आजादी से पहले ही खेल लिया था। पहला मुकाबला 1932 में खेला गया था। तब भारत के कप्तान सीके नायडू हुआ करते थे, तब से लेकर अब तक इतना लंबा सफर तय किया गया है, जोकि अपने आप में ऐतिहासिक रहा है। इस बीच 1932 से लेकर अभी तक कई टेस्ट कप्तान रहे, लेकिन अब शुभमन गिल की कप्तानी में एक और अध्याय जुड़ने जा रहा है।



साराश जैन



आकिब जावेद

### इंग्लैंड ने खेले सबसे ज्यादा टेस्ट, दूसरे नंबर पर ऑस्ट्रेलिया

अब तक केवल दो ही टीमें ऐसी हैं, जो 600 टेस्ट का आंकड़ा पार कर चुकी हैं। सबसे ज्यादा टेस्ट तो इंग्लैंड ने ही खेले हैं। टीम अब तक 1097 टेस्ट खेल चुकी है। उसकी बराबरी करना किसी के लिए भी करीब करीब असंभव टाइप का है। इंग्लैंड ने अपना पहला टेस्ट 1877 में खेला था। इसके बाद दूसरे नंबर पर ऑस्ट्रेलिया की टीम है। ऑस्ट्रेलिया ने भी अपना पहला टेस्ट साल 1877 में ही खेला था। तब से लेकर अब तक टीम 882 टेस्ट खेल चुकी है।

### 599 टेस्ट खेल चुकी है टीम इंडिया

भारत ने अपना पहला टेस्ट साल 1932 में खेला था। तब से लेकर अब तक टीम 599 टेस्ट खेल चुकी है। इस दौरान भारत ने 186 टेस्ट मैच जीते हैं और 188 में हार का सामना करना पड़ा है। 224 मुकाबले ड्रॉ पर समाप्त हुए हैं। केवल एक ही मैच ऐसा हुआ, जो टाई पर समाप्त हुआ है। 15 अगस्त को भारत और श्रीलंका की टीमें भिड़ेंगी तो रोमांच अपने चरम पर होगा। ये सीरीज विश्व टेस्ट चैंपियनशिप के तहत खेली जाएगी।

### श्रीलंका को 2-0 से हराने से भारत को होगा फायदा

श्रीलंका के खिलाफ शुरू हो रहे टेस्ट सीरीज से पहले टीम इंडिया वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप 2025-27 की अंकतालिका में 5वें स्थान पर है। भारत ने अब तक वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप 2025-27 साइकल में कुल 9 टेस्ट खेले हैं, जिसमें उसे 4 में जीत मिली है जबकि 4 मैचों में उसे हार मिली है और एक मैच ड्रॉ रहा है साथ ही भारत की जीत प्रतिशत 48.15 है। अब भारत अगर श्रीलंका को 2 मैचों की टेस्ट सीरीज में 2-0 से हरा देता है तो टीम इंडिया की जीत प्रतिशत 57.58 हो जाएगी और वो 5वें स्थान से चौथे स्थान पर पहुंच जाएगी।

## आईसीसी रैंकिंग

# शुभमन-इशान टॉप पर, बाबर आजम को फायदा, वैभव टॉप 50 में बरकरार



**दुबई**

आईसीसी ने अपनी पुरुष क्रिकेट की ताजा रैंकिंग जारी कर दी हैं। इन दिनों दुनियाभर में जारी इंटरनेशनल क्रिकेट के मुताबिक पाकिस्तान के टेस्ट कप्तान बाबर आजम को टेस्ट बैटर्स की रैंकिंग में चार स्थान का फायदा हुआ है। जबकि टी20 बल्लेबाजों में इशान किशन और वनडे बल्लेबाजों में शुभमन गिल टॉप पर हैं। वहीं टी20 बल्लेबाजों की रैंकिंग में 15 साल के वैभव सूर्यवंशी 48वें स्थान पर टॉप 50 में बने हुए हैं।

### नीदरलैंड्स के एडवर्ड्स ने लगाई चार स्थान की छलांग

जारी ताजा रैंकिंग में नीदरलैंड्स के विकेटकीपर बल्लेबाज और कप्तान स्कॉट एडवर्ड्स ने वनडे के बल्लेबाजों की रैंकिंग में चार स्थान की छलांग से 38वें से 34वें स्थान पर जगह बनाई है। जबकि टेस्ट के बल्लेबाजों की रैंकिंग में बाबर आजम 19वें से 15वें स्थान पर आ गए हैं। दुनिया में इस वक्त टी20 इंटरनेशनल हो नहीं रहा है, इसी कारण उसमें बदलाव नहीं हुए हैं। इशान किशन नंबर 1 बल्लेबाज हैं और राशिद खान गेंदबाजों में नंबर 1 पर काबिज हैं।

### ऑलराउंडर्स की रैंकिंग में भारतीय अव्वल

वनडे गेंदबाजों की रैंकिंग में नीदरलैंड्स के ही रुलोफ वान डर मर्व 11 स्थान की छलांग के साथ 74वें से 63वें स्थान पर आ गए हैं। जबकि टेस्ट गेंदबाजों की रैंकिंग में जसप्रीत बुमराह टॉप पर हैं। वहीं कुलदीप यादव, मोहम्मद सिराज और रविंद्र जडेजा (14वें, 15वें, 16वें क्रमशः) को श्रीलंका सीरीज से पहले एक-एक स्थान का फायदा हुआ है। पाकिस्तान के मोहम्मद अब्बास 9 स्थान की छलांग के साथ 17वें स्थान पर आ गए हैं। टेस्ट ऑलराउंडर्स की रैंकिंग में रविंद्र जडेजा टॉप पर हैं। अक्षर पटेल को दो स्थान का नुकसान हुआ और वह 10वें से 12वें पर खिसक गए।

## द हंड्रेड

# बीच टूर्नामेंट में मार्करम ने छोड़ा एमएसजी का साथ

बटलर बने कप्तान




**मैनचेस्टर**

'द हंड्रेड' के मौजूदा सीजन के बीच मैनचेस्टर सुपर जायंट्स (एमएसजी) को एक झटका लगा है। टीम के कप्तान एडेन मार्करम निजी कारणों से टूर्नामेंट को बीच में ही छोड़कर घर लौट गए हैं। उनके स्थान पर माइकल ब्रेसवेल को टीम में शामिल किया गया, जबकि कप्तानी का जिम्मा जोस बटलर को मिला है।

रिपोर्ट के अनुसार, एडेन मार्करम 'द हंड्रेड 2026' के शेष मैच नहीं खेल सकेंगे। मार्करम निजी कारणों के चलते इंग्लैंड में जारी टूर्नामेंट के बीच में ही साउथ अफ्रीका लौट गए हैं। फ्रेंचाइजी ने सोशल मीडिया पोस्ट में कहा, मैनचेस्टर सुपर जायंट्स पुष्टि कर सकती है कि पुरुष टीम के कप्तान एडेन मार्करम निजी कारणों से साउथ अफ्रीका लौट गए हैं। एडेन मार्करम इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल), एसए20 और द हंड्रेड में सुपर जायंट्स फ्रेंचाइजी की तीनों टीमों का हिस्सा हैं। मार्करम ने द हंड्रेड में अब तक कुल 5 मैच खेले हैं, जिसमें 23.40 की औसत के साथ 117 रन बनाए।

### बटलर शानदार फॉर्म में

दूसरी ओर, बटलर मौजूदा सीजन में शानदार फॉर्म में दिख रहे हैं। विकेटकीपर-बल्लेबाज ने सिर्फ पांच मुकाबलों में 112 की शानदार औसत से 226 रन बनाए हैं। चैंपियंस ट्रॉफी 2025 के बाद पहली बार कप्तानी की भूमिका संभालते हुए वह अपनी लय को बरकरार रखना चाहेंगे। एमएसजी को 'द हंड्रेड 2026' में लगातार अच्छा प्रदर्शन करने में संघर्ष करना पड़ रहा है। उन्होंने अब तक अपने शुरुआती पांच मुकाबलों में से सिर्फ दो जीते हैं। तीन मुकाबलों में इस टीम को हार का सामना करना पड़ा है। यह टीम फिलहाल प्वाइंट्स टेबल में छठे पायदान पर है, जिसे नॉकआउट में जगह बनाने की उम्मीद कायम रखने के लिए शेष मुकाबलों में जोरदार वापसी करनी होगी।

# सिनसिनाटी ओपन नहीं खेलेंगे अल्काराज

**सिनसिनाटी।** दुनिया के दूसरे नंबर के टेनिस खिलाड़ी कार्लोस अल्काराज दाईं कलाई की चोट के कारण सिनसिनाटी ओपन से हट गए। यह चोट उन्हें अप्रैल से परेशान कर रही है। स्पेन के अल्काराज इस हार्ड कोर्ट टूर्नामेंट में अपने खिताब का बचाव करने की तैयारी कर रहे थे। यह प्रतियोगिता यूएस ओपन से पहले महत्वपूर्ण अभ्यास टूर्नामेंट मानी जाती है। टूर्नामेंट निदेशक बॉब मोरान ने कहा, 'हम जानते हैं कि कार्लोस जल्द से जल्द कोर्ट पर लौटने के लिए हरसंभव प्रयास कर रहे हैं। हम उनके जल्द स्वस्थ होने की कामना करते हैं और भविष्य में सिनसिनाटी में उनका स्वागत करने की उम्मीद करते हैं। अल्काराज का पिछला टूर्नामेंट बार्सिलोना ओपन था। इसके बाद वह इस सत्र से बाहर चल रहे हैं। हाल की तस्वीरों और वीडियो में उन्हें अभ्यास करते हुए देखा गया था, जिससे उम्मीद थी कि वह 11 अगस्त से शुरू होने वाले सिनसिनाटी ओपन में वापसी कर लेंगे। यूएस ओपन में उनकी वापसी की उम्मीदें हालांकि बरकरार है।



# एसए20 : सनराइजर्स से जुड़े मार्श, सुपर जाइंट्स में कुरेन

**जोहानिसबर्ग**

आस्ट्रेलिया के टी20 कप्तान मिचेल मार्श एसए20 में पदार्पण करके तीन बार की चैंपियन सनराइजर्स ईस्टर्न केप से जुड़ेंगे जबकि इंग्लैंड के हरफनमौला सैम कुरेन अब मुंबई इंडियंस केपटाउन की जगह डरबन सुपर जाइंट्स के लिए खेलेंगे।

सनराइजर्स ईस्टर्न केप के पास क्विंटोन डिकॉक, मैथ्यू ब्रीज्के, जोर्डन हरमान और कप्तान ट्रिस्टन स्टब्स जैसे बल्लेबाज हैं। वहीं कुरेन इंग्लैंड के अपने साथी जोस बटलर के साथ सुपर जाइंट्स टीम का हिस्सा होंगे। पिछली उपविजेता प्रिटोरिया कैपिटल्स को शीर्षक्रम में फिल साल्ट और आस्ट्रेलिया के मैट शॉर्ट जैसे बल्लेबाज मिल गए हैं। उनके पास डेवाल्ड ब्रेविस, शेरफान रदरफोर्ड, आंद्रे रसेल और कोनोर ईस्टरहुइजेन जैसे आक्रामक बल्लेबाज भी हैं।



### विल जैक्स अब एमआई केपटाउन टीम में

इंग्लैंड के हरफनमौला विल जैक्स अब कैपिटल्स की जगह एमआई केपटाउन टीम में होंगे। वह आईपीएल में मुंबई इंडियंस के लिए खेल चुके हैं और द हंड्रेड में एमआई लंदन टीम का हिस्सा हैं। डरबन सुपर जाइंट्स और पार्ल रॉयल्स ने नीलामी से पहले अपने 19 खिलाड़ियों की टीम पूरी कर ली है। बाकी चार टीमों के लिए 19 स्थान उपलब्ध हैं।

## सेंट लुइस रैपिड एवं ब्लिट्ज शतरंज : रैपिड मुकाबलों में चली सटीक चालें

# शीर्ष पर प्रज्ञानानंदा, हासिल किए 18 में से 12 अंक

**सेंट लुइस**

ग्रैंडमास्टर आर. प्रज्ञानानंदा ने सेंट लुइस रैपिड एवं ब्लिट्ज शतरंज प्रतियोगिता के रैपिड वर्ग में शानदार प्रदर्शन करते हुए 18 में से 12 अंक हासिल कर शीर्ष स्थान प्राप्त किया। उन्होंने इसके साथ ही वर्ष के अंत में होने वाले 'ग्रैंड शतरंज टूर (जीसीटी)' फाइनल में जगह बनाने की अपनी उम्मीदें भी कायम रखी हैं।

**प्रज्ञानानंदा ने सिंदारोव को छोड़ा पीछे**

विश्व चैंपियनशिप 2026 की दौड़ से बाहर हो चुके प्रज्ञानानंदा ने 9 दौर के रैपिड मुकाबलों में बेहतरीन तकनीक, सटीक चालों और जीत के जज्बे का परिचय दिया। उन्हें हालांकि के नौवें और अंतिम दौर में नीदरलैंड के ग्रैंडमास्टर जॉर्डन वान फोरेस्ट से हार का सामना करना पड़ा, फिर भी वह एक अंक की बढ़त के साथ शीर्ष पर बने रहे। उन्होंने उजबेकिस्तान के जावोखिर सिंदारोव (11 अंक) को पीछे छोड़ा, जो इस वर्ष विश्व चैंपियनशिप मुकाबले में डी. गुकेश को चुनौती देंगे।



### पुरस्कार राशि 2 लाख अमेरिकी डॉलर

प्रतियोगिता का परिणाम केवल रैपिड वर्ग से तय नहीं होगा। अब 18 ब्लिट्ज मुकाबले खेले जाएंगे, जिनके बाद कुल विजेता का फैसला होगा। प्रतियोगिता की कुल पुरस्कार राशि दो लाख अमेरिकी डॉलर है, जिसमें विजेता को 50 हजार अमेरिकी डॉलर मिलेंगे। प्रज्ञानानंदा ने रैपिड वर्ग में चार जीत (प्रत्येक जीत पर दो अंक), चार ड्रॉ और एक हार के साथ कुल 12 अंक जुटाए। अब उनका पूरा ध्यान 18 दौर के ब्लिट्ज मुकाबलों पर होगा, जहां प्रत्येक जीत के लिए एक अंक मिलेगा।

### सिंदारोव 11 अंकों के साथ दूसरे स्थान पर

सिंदारोव 11 अंकों के साथ दूसरे स्थान पर हैं, जबकि अमेरिका के वेस्ली सो 10 अंकों के साथ तीसरे स्थान पर हैं। इनके बाद अमेरिका के लेवोन अरोनियन, नीदरलैंड के अनीश गिरी, क्यूबा मूल के अमेरिकी लेनियर डोमिंगेज पेरेज और जर्मनी के विन्सेंट कीमर नौ-नौ अंकों के साथ संयुक्त रूप से अगले स्थान पर हैं। दस खिलाड़ियों की राउंड-रॉबिन प्रतियोगिता के बाद प्रतिष्ठित सिंकफील्ड कप खेला जाएगा, जो क्लासिकल प्रारुप में आयोजित होगा।

# भारत में प्रैक्टिस मैच नहीं खेलेगी ऑस्ट्रेलिया

## 21 जनवरी से नागपुर में शुरू होगी सीरीज

**मेलबर्न**

ऑस्ट्रेलिया टीम के मुख्य कोच एंड्रयू मैकडोनाल्ड ने कहा है कि उनकी टीम अगले वर्ष भारत के खिलाफ होने वाली बहुचर्चित बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी टेस्ट श्रृंखला से पहले कोई अभ्यास मैच नहीं खेलेगी। उनका मानना है कि उपमहाद्वीप जैसी परिस्थितियों में छोटा तैयारी शिविर टीम के लिए अधिक उपयोगी साबित होगा। पांच टेस्ट मैचों की यह बहुप्रतीक्षित श्रृंखला 21 जनवरी से नागपुर में शुरू होगी। ऑस्ट्रेलिया ने भारत में पिछली बार 2004-05 सत्र में टेस्ट श्रृंखला जीती थी। इसके बाद से वह भारतीय सरजमीं पर कोई टेस्ट श्रृंखला अपने नाम नहीं कर सका है।

**कुहनेमैन मर्फी संभावित खिलाड़ियों में शामिल**



रिपोर्ट के अनुसार मैथ्यू कुहनेमैन, टॉड मर्फी, कूपर कोनोली, पीटर हैंड्सकॉम्ब और मैथ्यू रेनशॉ भारत दौरे के लिए संभावित खिलाड़ियों में शामिल हैं। मैकडोनाल्ड ने कहा कि न्यूजीलैंड के खिलाफ टेस्ट श्रृंखला के बाद खिलाड़ियों के प्रदर्शन का आकलन किया जाएगा। भारत की परिस्थितियों के अनुरूप कुछ अलग कौशल वाले खिलाड़ियों को भी टीम में शामिल किया जा सकता है। इसलिए जरूरी नहीं कि न्यूजीलैंड के खिलाफ श्रृंखला में शामिल टीम ही भारत दौरे पर जाए। उन्होंने कहा कि कुछ खिलाड़ियों को अतिरिक्त तैयारी की आवश्यकता होगी और इसकी शुरुआत ऑस्ट्रेलिया में ही कर दी जाएगी।

### हम कोई अभ्यास मैच नहीं खेलेंगे : मैकडोनाल्ड

मैकडोनाल्ड ने कहा, 'हमें लगता है कि परिस्थितियों के अनुरूप खुद को ढालने के लिए पर्याप्त समय मिलेगा। इसलिए हम कोई अभ्यास मैच नहीं खेलेंगे। हमारा पूरा ध्यान ऐसी जगह तैयारी करने पर होगा, जहां भारत जैसी परिस्थितियां मिल सकें। उन्होंने बताया, ' टीम के सामने दो विकल्प हैं। ऑस्ट्रेलिया पहले संयुक्त अरब अमीरात में भी तैयारी कर चुका है और 2023 के भारत दौरे से पहले बेंगलुरु में शिविर लगाया था। फिलहाल टीम प्रबंधन इस बात पर विचार कर रहा है कि खिलाड़ियों की तैयारी के लिए कौन-सा विकल्प सबसे उपयुक्त रहेगा।'

# विश्वकप 2027: क्वालीफायर की तारीखें आई सामने

**नई दिल्ली**

आईसीसी ने अगले साल होने वाले वनडे वर्ल्ड कप की तैयारी शुरू कर दी है। क्वालिफाइंग टूर्नामेंट की तारीखों का ऐलान कर दिया गया है। आईसीसी ने ये मैच फरवरी और मार्च के बीच कराने का शेड्यूल बनाया है। टूर्नामेंट का फॉर्मेट पहले ही बताया जा चुका है और इसके रोमांचक होने की उम्मीद है, लेकिन क्वालिफायर के वेन्यू (जगहें) अभी तय नहीं हुए हैं। 2027 वनडे वर्ल्ड कप की तैयारी जोरों पर है। यह पक्का हो गया है कि क्वालिफाइंग मैच लगभग एक महीने तक, 22 फरवरी से 23 मार्च के बीच खेले जाएंगे। इन मैचों से तय होगा कि कौन सी टीमें वर्ल्ड कप के लिए क्वालिफाई करेंगी। हालांकि वर्ल्ड कप की सही तारीखों का अभी आधिकारिक तौर पर ऐलान नहीं हुआ है, लेकिन उम्मीद है कि टूर्नामेंट 4 अक्टूबर से 11 नवंबर के बीच होगा। इस टूर्नामेंट की मेजबानी साउथ अफ्रीका, जिम्बाब्वे और नामीबिया मिलकर करेंगे और इन देशों के 12 स्टेडियम में मैच खेले जाएंगे।




### ऐसा होगा क्वालिफाइंग फॉर्मेट

क्वालिफाइंग फॉर्मेट की बात करें तो इसमें कुल 10 टीमें हिस्सा लेंगी। जीतने वाली टीमों को वनडे वर्ल्ड कप में सीधे एंट्री मिलेगी, जिसमें 14 देश हिस्सा लेंगे। दूसरे, तीसरे और चौथे स्थान पर रहने वाली टीमें सबसे पहले 'सुपर सीरीज' में हिस्सा लेंगी। इस सीरीज में सबसे अच्छा प्रदर्शन करने वाली टीम 12 टीमों की लाइनअप में शामिल होगी और वर्ल्ड कप के लिए आगे बढ़ेगी। असल में, सुपर सीरीज को ही वर्ल्ड कप इवेंट का हिस्सा माना जाएगा।

### रैंकिंग में टॉप 8 में रहने वाली टीमों को फायदा

आईसीसी ने तय किया है कि 30 सितंबर 2026 तक आईसीसी वनडे रैंकिंग में टॉप 8 में रहने वाली टीमें सीधे क्वालिफाई करेंगी। सबसे कम रैंकिंग वाली दो टीमों को क्वालिफायर खेलना होगा। मेजबान के तौर पर साउथ अफ्रीका और जिम्बाब्वे ने पहले ही अपनी जगह पक्की कर ली है। इसका मतलब है कि कुल 10 टीमें मुकाबला करेंगी। सबसे कम रैंकिंग वाली दो टीमें, क्रिकेट वर्ल्ड कप लीग 2 स्टैंडिंग की टॉप चार टीमें और वर्ल्ड कप क्वालिफायर प्ले-ऑफ से चार टीमें।

# हिरोशिमा परमाणु हमले की 81वीं बरसी पर मेयर काजुमी मात्सुई ने परमाणु हथियारों की होड़ की निंदा की

एजेंसी

**हिराशिमा।** जापान के हिरोशिमा शहर में अमेरिका द्वारा किए गए परमाणु बम हमले की बृहस्पतिवार को 81वीं बरसी मनाई गई। इस अवसर पर शहर के महापौर काजुमी मात्सुई ने प्रमुख शक्तियों द्वारा युद्ध का सहारा लेने की आलोचना की और परमाणु हथियारों को प्रतिरोधक क्षमता के साधन के रूप में उचित ठहराने की प्रवृत्ति समाप्त करने का आह्वान किया। हिरोशिमा शांति स्मारक पार्क में आयोजित समारोह में अपने शांति संदेश में मात्सुई ने कहा कि परमाणु हथियारों की अमानवीयता को कम करके आंकना और अपनी समृद्धि के लिए बल प्रयोग को स्वीकार करना हिंसक




प्रतिशोध के ऐसे चक्र को जन्म दे सकता है, जिसका अंत एक और हिरोशिमा या नागासाकी जैसी त्रासदी में हो सकता है।

उन्होंने कहा कि आज भी अनेक राजनीतिक नेता परमाणु प्रतिरोधक क्षमता को व्यावहारिक नीति मानते हैं और हिंसा को वैध ठहराते हैं। उनके अनुसार, इससे परमाणु हथियारों से मुक्त विश्व का लक्ष्य और दूर होता जा रहा है। उन्होंने लोगों से अतीत से सीख लेकर शांति के लिए सक्रिय भूमिका निभाने की अपील भी की। समारोह में अमेरिका और ईरान सहित लगभग 120 देशों और क्षेत्रों के प्रतिनिधियों समेत करीब 50,000 लोगों ने भाग लिया। सुबह 8 बजकर 15 मिनट पर, जब वर्ष 1945 में अमेरिकी बी-29 बमवर्षक विमान ने हिरोशिमा पर परमाणु बम गिराया था, उसी समय घंटी बजाई गई और दो मिनट का मौन रखा गया। प्रधानमंत्री बनने के बाद सानाए ताकाइची ने पहली बार इस स्मृति समारोह में भाग लिया। उन्होंने कहा कि परमाणु हथियारों के प्रसार को रोकने संबंधी संयुक्त राष्ट्र की संधि के ढांचे के भीतर वह ऐसे विश्व के निर्माण के लिए व्यावहारिक दृष्टिकोण अपनाएंगी.

# होर्मुज पर होगा ईरान का कब्जा, कमर्शियल जहाजों से वसूलेगा 7% तक टोल!

एजेंसी

**तेहरान।** मध्य पूर्व में जारी तनाव के बीच अंतरराष्ट्रीय समुद्री मार्ग को लेकर एक बड़ा भू-राजनीतिक घटनाक्रम सामने आया है। रिपोर्ट्स के मुताबिक, ईरान और ओमान के बीच एक ऐसी डील को लेकर चर्चा चल रही है, जिसके तहत खाड़ी क्षेत्र में आने-जाने वाले जहाजों पर ईरान का नियंत्रण काफी हद तक बढ़ जाएगा। इस प्रस्तावित व्यवस्था के अंतर्गत, स्ट्रेट ऑफ होर्मुज से गुजरने वाले कमर्शियल जहाजों पर करीब 7 प्रतिशत तक का शिपिंग चार्ज या टोल टैक्स लगाया जा सकता है। ईरान के उप विदेश मंत्री काजेम गरीबाबादी ने भी इस बात के संकेत दिए हैं कि दोनों दिशाओं में आवाजाही करने वाले जहाज ईरानी क्षेत्रीय जलक्षेत्र से होकर गुजरेंगे, जिससे ईरान को विधिवत शुल्क वसूलने का कानूनी अधिकार मिल सकता है।



### हर साल 100 अरब डॉलर से अधिक की कमाई का अनुमान, स्वेज नहर का रिकॉर्ड भी पीछे छूटेगा

आर्थिक विश्लेषकों और अनुमानों के अनुसार, यदि ईरान होर्मुज जलडमरूमध्य से गुजरने वाले सभी कमर्शियल यातायात पर 7% टोल लगाने में सफल हो जाता है, तो वह हर दिन लगभग 385 मिलियन डॉलर यानी सालाना 100 अरब डॉलर से अधिक की भारी-भरकम राशि अर्जित कर सकता है। खास बात यह है कि यह आय दुनिया की कई दिग्गज टेक और ऊर्जा कंपनियों की शुद्ध आय के बराबर होगी और यह स्वेज नहर के अब तक के सबसे ज्यादा वार्षिक टोल राजस्व को भी पीछे छोड़ देगी। चूंकि वैश्विक तेल आपूर्ति का लगभग 20% हिस्सा इसी संकरे मार्ग से होकर गुजरता है, इसलिए इस प्रकार के किसी भी बदलाव का सीधा असर वैश्विक ऊर्जा बाजारों, बीमा कंपनियों और शिपिंग सेक्टर पर पड़ना तय है।

### अंतरराष्ट्रीय कूटनीति और भू-राजनीतिक तनाव पर असर

विभिन्न रिपोर्ट्स में यह भी सामने आया है कि जहां ईरान इस डील के तहत 5% से 7% तक शुल्क लगाने पर जोर दे रहा है, वहीं ओमान की तरफ से कथित तौर पर 3% का कम शुल्क प्रस्तावित किया गया है। हालांकि अभी तक इस पर कोई अंतिम समझौता नहीं हुआ है, लेकिन ग्लोबल एनर्जी ट्रेड में होर्मुज की रणनीतिक भूमिका ने इस प्रस्ताव पर पूरी दुनिया की निगाहें टिकारी हैं। जानकारों का मानना है कि यदि यह डील अमलीजामा पहनती है, तो इससे अमेरिका और ईरान के रिश्तों के साथ-साथ क्षेत्र में भू-राजनीतिक तनाव में और अधिक इजाफा हो सकता है।

# 'फॉरेन कंट्रीब्यूशन (रेगुलेशन) अमेंडमेंट बिल, 2026' पर संसद में गतिरोध जारी, विपक्ष ने बताया कठोर बिल, दबाव में सरकार!

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** सरकारी सूत्रों के मुताबिक, गुरुवार को संसद में 'फॉरेन कंट्रीब्यूशन (रेगुलेशन) अमेंडमेंट बिल, 2026' पेश किए जाने की संभावना कम है, क्योंकि केंद्र और विपक्ष के बीच कोई सहमति नहीं बन पाई है। विपक्ष अपनी इस मांग पर अड़ा हुआ है कि केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह दिल्ली में नीट प्रदर्शनकारियों पर की गई कार्रवाई के मुद्दे पर लोकसभा में बयान दें। सूत्रों के मुताबिक, सरकार लोकसभा में बिल तभी पेश करना चाहती है जब सदन के सामने सभी तथ्य रखे जाएं और उस पर ठीक से बहस हो। सरकार का मकसद हंगामे और विरोध के बजाय सभी के सहयोग से बिल को पास कराना है। बुधवार को केंद्रीय संसदीय कार्य



मंत्री किरेन रिजिजू ने लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी से भी संपर्क किया। उन्होंने संसद के मॉनसून सत्र (जो 13 अगस्त को खत्म होगा) को सुचारू रूप से चलाने के लिए विपक्ष का सहयोग मांगा। पिछले 10 दिनों में यह दूसरी बार था जब रिजिजू ने गांधी से मुलाकात की। हालांकि, गांधी ने रिजिजू को कोई भरोसा नहीं दिया। कांग्रेस नेताओं ने इस बिल को 'कठोर' बताया है और कहा है कि वे इसे मौजूदा रूप में पास नहीं होने देंगे। एफसीआरए एक्ट यह बताता है कि भारतीय नागरिक, गैर-सरकारी संगठन, ट्रस्ट, एसोसिएशन और कंपनियां भारत के बाहर से भेजे गए पैसे, सिक्योरिटी या सामान कैसे ले सकती हैं और उनका इस्तेमाल कैसे कर सकती हैं। यह विदेशी फंडिंग वाली कुछ खास गतिविधियों पर रोक लगाता है जो भारत की संप्रभुता, सुरक्षा या सार्वजनिक व्यवस्था पर असर डाल सकती हैं। सरकार ने एक बयान में कहा कि संशोधन में रजिस्ट्रेशन खत्म होने या रद्द होने पर विदेशी फंडिंग से बनी संपत्तियों की सुरक्षा के लिए एक तय अथॉरिटी बनाने का प्रस्ताव है। नोटिफाई किए गए एफसीआरए संशोधन नियमों में रजिस्ट्रेशन को खास उद्देश्यों और मंजूरी प्राप्त राज्यों/केंद्र शासित प्रदेशों से जोड़ा गया है, और धर्म परिवर्तन को मंजूरी प्राप्त धार्मिक गतिविधियों से बाहर रखा गया है।

हालांकि, विपक्ष के नेताओं का तर्क है कि प्रस्तावित संशोधन से NGOs की कीमत पर सरकार की शक्तियां बढ़ सकती हैं, जिससे उसे उनकी संपत्ति जब्त करने या उसका निपटान करने का अधिकार मिल सकता है। उनका कहना है कि इस संशोधन से NGOs और ऐसी अन्य संस्थाएं सरकार के सामने कमजोर पड़ सकती हैं और इसका असर उन शैक्षणिक, धर्मार्थ और धार्मिक संस्थानों पर भी बहुत ज्यादा पड़ सकता है जो विदेशी चंदे पर निर्भर हैं।

### अमित शाह के बयान की मांग पर अड़ा विपक्ष, राम मंदिर चोरी पर संसद में बवाल

मानसून सत्र के 14वें दिन, अयोध्या में राम मंदिर में दान की कथित चोरी समेत कई मुद्दों पर विपक्ष की नारेबाजी के कारण लोकसभा ने बिना किसी बहस के 'टैक्सेशन एंड अदर लॉज (अमेंडमेंट) बिल' पास कर दिया। इस बिल के जरिए सरकार ने 'पेमेंट एंड सेटलमेंट सिस्टम्स एक्ट, 2007' में भी संशोधन किया। इसके बाद सदन की कार्यवाही दिन भर के लिए स्थगित कर दी गई। राज्यसभा ने विनियोग (संख्या 3) विधेयक, 2026 को मंजूरी दे दी है। इस विधेयक का मकसद भारत की संचित निधि से पैसे निकालने की मंजूरी देना है, ताकि 31 मार्च, 2023 को खत्म हुए वित्तीय वर्ष के दौरान कुछ सेवाओं पर मंजूर की गई राशि से ज्यादा खर्च हुई रकम का भुगतान किया जा सके। राज्यसभा के सभापति सीपी राधाकृष्णन ने बृहस्पतिवार को संसदीय कार्य मंत्री किरेन रीजीजू से कहा कि वह सदन में गृह मंत्री अमित शाह की मौजूदगी की मांग कर रहे विपक्ष की भावनाओं से गृह मंत्री को अवगत कराएं। यह बात सभापति ने उस समय कही, जब दोपहर 12 बजे सदन की कार्यवाही शुरू होने के तुरंत बाद प्रश्नकाल के दौरान हंगामा हो रहा था। विपक्षी सदस्य अयोध्या में राम मंदिर के चढ़ावे की चोरी और प्रदर्शनकारी छात्रों पर पुलिस की कार्रवाई के बारे में गृह मंत्री अमित शाह के बयान की मांग कर रहे थे और सत्ता पक्ष के सदस्य उनका विरोध कर रहे थे।

# झारखंड छात्र आंदोलन पर खरगे बोले- छात्रों के मुद्दे जहां होंगे, कांग्रेस उनकी आवाज उठाएगी

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** कांग्रेस के बड़े नेता और राज्यसभा में नेता प्रतिपक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने झारखंड छात्र प्रदर्शन पर पहली बार बयान दिया है. न्यूज एजेंसी एएनआई की रिपोर्ट के अनुसार, उन्होंने पत्रकारों से बातचीत के दौरान बताया कि छात्रों से संबंधित मुद्दे जहां भी होंगे, कांग्रेस उसकी आवाज उठाती रहेगी. उन्होंने बताया कि उन्होंने आंदोलन को लेकर अपने गठबंधन के सहयोगियों (जेएमएम) से भी बात की है. हालांकि उन्होंने जेएमएम का नाम नहीं लिया.

### देवेंद्रनाथ महतो 5 दिनों से अनिश्चितकालीन भूख हड़ताल पर

झारखंड में हजारों की संख्या में छात्र बीते 11 दिनों से रांची स्थित जयपाल सिंह मुंडा स्टेडियम में प्रदर्शन कर रहे हैं. वहीं छात्रों की मांगों को लेकर छात्र नेता देवेंद्रनाथ महतो अनिश्चितकालीन भूख हड़ताल पर



बैठे हुए हैं. सोनम वांगचुक के फोन पर आग्रह के बाद उन्होंने नमक पानी पीना शुरू किया है. इससे पहले उन्होंने अन्न-जल दोनों का त्याग कर दिया था. आज उनकी भूख हड़ताल का पांचवां दिन है. हालांकि उनकी सेहत में गिरावट बताई गई है. वहीं राज्य सरकार की एक मेडिकल की टीम प्रदर्शन स्थल पर तैनात कर दी गई है, जो निरंतर अनशन पर बैठे देवेंद्रनाथ महतो सहित अन्य छात्रों की जांच कर रही है.

### क्या हैं छात्रों की मांगें?

छात्रों की मांगें हैं कि 14वीं जेपीएससी की परीक्षा रद्द की जाए, टीडीपीएल कंपनी को परीक्षा कंडक्ट कराने के लिए टेंडर दिया गया है उसे हटाया जाए. उत्तर प्रदेश और जम्मू-कस्मीर जैसे राज्यों में ये कंपनी पहले ही ब्लैकलिस्ट की जा चुकी है. इसके अलावा छात्रों की मांग है कि परीक्षा में अनियमितताओं की जांच का जिम्मा सीआईडी को दिया गया है, इसे सीबीआई के हाथ सौंपा जाए.

### आज विधानसभा मार्च करेंगे छात्र

प्रदर्शनकारी छात्रों का अगला महत्वपूर्ण कदम है- विधानसभा मार्च. झारखंड विधानसभा सत्र 6 अगस्त 2026 से शुरू हुआ है, इसके ठीक अगले दिन यानी 7 अगस्त को प्रदर्शनकारी विधानसभा मार्च करने वाले हैं. अब तक यह आंदोलन पूरी तरह से शांतिपूर्ण चलता आ रहा है. बीते कुछ दिनों से कुछ बड़े मीडिया संस्थान भी इस प्रदर्शन को कवरेज प्रदान कर रहे हैं. साथ ही देश के अलग-अलग हिस्सों से आंदोलन को समर्थन भी मिलता नजर आ रहा है.

एसआईआर पर सवाल उठाने वालों पर मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार ने कहा-

# चाहे जहां से सूरज उगा लो कोई फर्क नहीं पड़ता

एजेंसी

**आगरा।** मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार ने एसआईआर पर सवाल उठाने वालों को करारा जवाब दिया है. आगरा में आयोजित नेशनल चैंबर ऑफ इंडस्ट्रीज एंड कॉमर्स के कार्यक्रम में उन्होंने कहा कि, कौन क्या कहता है कोई फर्क नहीं पड़ता, हर काम संविधान के मुताबिक हो रहा है. ज्ञानेश कुमार ने कहा कि, भारत विश्व का सबसे बड़ा लोकतंत्र है. देश ही दुनिया की निर्वाचन आयोग सबसे बड़ी चुनाव प्रबंधन संस्था है. जनता से अपील है कि जागरुक मतदाता बनें. मतदान जरूर करें. मुख्य चुनाव आयुक्त ने एसआईआर को लेकर एक कहानी सुनाई. उन्होंने कहा कि सूरज कहां उगता है. सूरज यदि पूरब में उगता है तो ये कोई खबर नहीं है. सूरज यदि पश्चिम में उगे तो न्यूज बनेगी.

### मतदाता हैं प्राथमिकता

मुख्य चुनाव आयुक्त ने कहा कि चुनाव प्रक्रिया को लेकर समय-




समय पर अनेक प्रकार के नैरेटिव सामने आते हैं. लेकिन लोकतंत्र की मजबूती का आधार सही जानकारी, संवैधानिक व्यवस्था और तथ्यात्मक समझ है. उन्होंने नागरिकों से अपील की कि वे चुनाव प्रक्रिया को समझें. मतदान अवश्य करें. केवल प्रमाणिक एवं तथ्यपरक जानकारी पर ही विश्वास करें. लोकतंत्र की सबसे बड़ी शक्ति जागरूक मतदाता होता है. प्रत्येक पात्र नागरिक का मतदान केवल उसका अधिकार ही नहीं, बल्कि राष्ट्र के प्रति उसका महत्वपूर्ण दायित्व भी है.

### एसआईआर के बारे में समझाया

मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार ने कहा कि मतदान प्रतिशत किसी भी लोकतंत्र में जनता के विश्वास का महत्वपूर्ण संकेतक होता है. विभिन्न राज्यों में हुए उच्च मतदान प्रतिशत का उल्लेख किया. कहा कि भारतीय मतदाता लोकतांत्रिक प्रक्रिया में सक्रिय भागीदारी निभा रहे हैं. इसके साथ ही उन्होंने विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के बारे में जानकारी दी. कहा कि इसका उद्देश्य मतदाता सूची को अधिक शुद्ध बनाना है. इस प्रक्रिया में अनुपस्थित, स्थानांतरित, मृत, नकली और विदेशी व्यक्तियों के नामों की पहचान करके मतदाता सूची को ठीक किया जाता है. ताकि सभी पात्र भारतीय नागरिकों के नाम सूची में सुनिश्चित किए जा सकें.

# 1-2 वर्ष में मजबूत होगी बंगाल की अर्थव्यवस्था, पुरुलिया में लगेगा 4000 करोड़ का स्टील प्लांट : शुभेंदु अधिकारी

एजेंसी

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल के मुख्यमंत्री शुभेंदु अधिकारी ने बृहस्पतिवार को राज्य के आर्थिक परिदृश्य को लेकर बड़ा दावा किया. उन्होंने कहा कि पश्चिम बंगाल की अर्थव्यवस्था अगले एक से दो वर्षों में पूरी तरह से मजबूत हो जायेगी हर क्षेत्र में प्रदेश तेजी से तरक्की करेगा. कोलकाता के पूर्वी हिस्से में स्थित मिलन मेला मैदान में टेक्सटाइल एक्सपो का उद्घाटन करते हुए बंगाल के चीफ मिनिस्टर ने ये बातें कहीं.

### पुरुलिया में 4,000 करोड़ के स्टील प्लांट का शिलान्यास

मुख्यमंत्री शुभेंदु अधिकारीने एक बताया कि वे 17 अगस्त को पुरुलिया जिले में 4,000 करोड़ रुपए की लागत से बनने वाले इस्पात संयंत्र (स्टील प्लांट) की आधारशिला रखेंगे. उन्होंने कहा कि पश्चिम बंगाल में औद्योगिक विकास को गति देने के लिए हर महीने नयी फैक्टरियों के शिलान्यास समारोह आयोजित किये जा रहे हैं.

### मुख्यमंत्री शुभेंदु के भाषण की खास बातें



- 17 अगस्त को पुरुलिया में 4,000 करोड़ रुपए के इस्पात संयंत्र की आधारशिला रखेंगे शुभेंदु अधिकारी.
- राज्य सरकार 1 महीने के भीतर कम से कम 25 नये उद्योगों को इकाइयां लगाने के लिए जमीन देगी.
- बंगाल में नये उद्योग और फैक्टरियां लगाने को बढ़ावा देने के लिए नयी जमीन अधिग्रहण नीति लागू हुई.
- निर्मला सीतारमण बंगाल के चाय और टेक्सटाइल सेक्टर के विकास के लिए 24 से 28 अगस्त के बीच प्रदेश का दौरा करेंगी.

### 1 महीने में 25 उद्योगों को मिलेगी जमीन

राज्य में औद्योगिक निवेश को बढ़ावा देने का रोडमैप साझा करते हुए शुभेंदु अधिकारी ने कहा- अगले एक-दो साल में बंगाल आर्थिक रूप से बेहद मजबूत हो जायेगा. हम एक महीने के भीतर कम से कम 25 उद्योगों को नयी इकाइयां स्थापित करने के लिए जमीन सौंपने जा रहे हैं. उन्होंने यह भी बताया कि उनकी सरकार ने नये उद्योग लगाने की प्रक्रिया को आसान बनाने के लिए नयी जमीन अधिग्रहण नीति शुरू की है.

### केंद्रीय वित्त मंत्री करेंगी पश्चिम बंगाल का दौरा

मुख्यमंत्री ने केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण के साथ हुई बैठक का जिक्र करते हुए कहा कि केंद्र सरकार राज्य के चाय और कपड़ा (वस्त्र) उद्योग को विकसित करने के लिए विशेष रुचि ले रही है. उन्होंने बताया कि राज्य विधानसभा चुनावों के दौरान उन्होंने नदिया और पूर्व बर्द्धमान जिलों के टेक्सटाइल क्लस्टर्स का व्यापक दौरा किया था और वहां की समृद्ध विविधता को देखा था.

## ग्वालियर एयरफोर्स स्टेशन पर पेट्रोल बम फेंकने का आरोप, हिरासत में असिस्टेंट प्रोफेसर, इंटेलिजेंस एक्टिव

**ग्वालियर।** ग्वालियर एयरफोर्स स्टेशन गेट पर एक युवक ने पेट्रोल बम फेंक दिया, घटना से अचानक गेट पर अफरातफरी मच गई. आतंकी हमले की आशंका में गेट पर मौजूद सुरक्षा कर्मियों ने अलर्ट होते ही युवक को घेर कर पकड़ लिया. लेकिन अति संवेदनशील इलाके में हुई इस घटना से आसपास के लोग दहशत में आ गए. शुरूआती पूछताछ में युवक मानसिक रूप से बीमार लग रहा है. दरअसल, ग्वालियर के महाराजपुरा थाना इलाके में स्थित भारतीय वायु सेना के एयरफोर्स स्टेशन के महाराजपुरा स्थित चंबल गेट पर एक सिरफिरे युवक ने जमकर उत्पात मचाया. युवक ने बीयर की खाली बोतल में पेट्रोल भर कर पेट्रोल बम बनाया और आग लगाकर एयरफोर्स स्टेशन गेट पर फेंक दिया. अचानक पेट्रोल बम गिरने से गेट पर मौजूद वायुसेना के जवान अलर्ट हो गए और तुरंत बाहर मौजूद सिरफिरे युवक को धर दबोचा. इस घटना से जहां आस-पास के इलाके में भी दहशत हो गई वहीं घटना के बाद इंटेलिजेंस ब्यूरो, डिफेंड इंटेलिजेंस सहित खुफिया एजेंसिया भी अलर्ट मोड पर आ गई. वायुसेना के जवानों ने घटना की पुलिस को सूचना दी जिसके बाद महाराजपुरा पुलिस मौके पर पहुंची और आरोपी को हिरासत में ले लिया. पुलिस द्वारा की गई पूछताछ में युवक ने अपना नाम राकेश कुमार (बदला हुआ नाम) बताया है जो उत्तर प्रदेश के वाराणसी का रहने वाला है.

# अतीक अहमद के सबसे छोटे बेटे आबान की सड़क हादसे में मौत, जेल में बंद भाई से जा रहा था मिलने

एजेंसी

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के झांसी में गुरुवार को हुए एक सड़क हादसे में माफिया से नेता बने दिवंगत अतीक अहमद के सबसे छोटे बेटे आबान की मौत हो गई। पुलिस के मुताबिक, आबान इस समय प्रयागराज से झांसी की ओर जा रहा था, जहां उसे जेल में बंद अपने भाई से मुलाकात करनी थी। अधिकारियों के अनुसार, आबान जिस सफेद रंग की हुंडई क्रेटा कार में सवार था, वह अचानक अनियंत्रित होकर सड़क के डिवाइडर से जा टकराई। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि आबान और उसके दोस्त सोनू, दोनों की मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस का कहना है कि हादसे के वक्त वाहन काफी तेज रफ्तार में था, जिसके चलते चालक कार पर से नियंत्रण खो बैठा।

### पुलिस ने दी घटना की पूरी जानकारी


पुलिस के मुताबिक, हादसे के समय कार में पांच लोग सवार थे। अधिकारियों ने बताया कि अचानक



गाड़ी के सामने एक जानवर आ गया, जिससे बचने के लिए ड्राइवर ने गाड़ी मोड़ी। बताया जा रहा है कि गाड़ी बेकाबू हो गई और सड़क के डिवाइडर से टकरा गई। टक्कर इतनी जोरदार थी कि रवश का अगला हिस्सा बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। राहगीर और पुलिसकर्मी तुरंत मौके पर पहुंचे और गाड़ी में सवार सभी लोगों को पास के अस्पताल पहुंचाया। अस्पताल पहुंचने पर डॉक्टरों ने अबान अहमद और उनके दोस्त सोनू को मृत घोषित कर दिया। गाड़ी में सवार अन्य तीन लोगों - उमर अहमद, मोहम्मद जैद और असलम - को चोटें आईं और उनका इलाज चल रहा है। पुलिस ने शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और हादसे की असल वजह का पता लगाने के लिए जांच शुरू कर दी है।

## संक्षिप्त खबर

### यौन उत्पीड़न केस : तहलका के पूर्व संपादक तरुण तेजपाल दोषी करार, बॉम्बे हाईकोर्ट ने बरी करने का फैसला पलटा



**मुंबई।** तहलका के पूर्व संपादक तरुण तेजपाल को बॉम्बे हाईकोर्ट की गोवा बेंच ने 2013 के यौन उत्पीड़न मामले में दोषी ठहराया है. अदालत ने गोवा की ट्रायल कोर्ट के 2021 के उस फैसले को पलट दिया, जिसमें उन्हें बरी किया गया था. जस्टिस डॉक्टर नीला गोखले और जस्टिस अमित जमसंडेकर की डिवीजन बेंच ने गोवा सरकार की अपील मंजूर करते हुए तेजपाल को दोषी ठहराया है. वहीं तेजपाल की सजा पर दोपहर में आदेश सुनाने की बात कही. इससे पहले सुनवाई के दौरान तेजपाल के वकील ने सजा में नरमी बरतने की अपील करते हुए अदालत में दलील दी थी कि उनके मुवक्किल राजनीतिक प्रतिशोध का शिकार हैं और दो बेटियों के पिता हैं. वहीं, गोवा सरकार की ओर से पेश सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने कड़ी सजा की मांग की, ताकि यह कड़ा संदेश दिया जा सके कि स्ना का मतलब ना ही होता है. बॉम्बे हाईकोर्ट के फैसले पर तेजपाल ने कहा कि वह हाईकोर्ट के आदेश के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट जाएंगे. दरअसल यह मामला नवंबर 2013 का है. तहलका की एक पूर्व महिला सहयोगी ने आरोप लगाया था कि गोवा के पांच सितारा होटल में आयोजित कार्यक्रम के दौरान तरुण तेजपाल ने लिफ्ट में उनके साथ यौन उत्पीड़न किया था.

### सीजेपी की कोर टीम की बैठक, संस्थापक अभिजीत दीपके ने बेरोजगारी के खिलाफ देशव्यापी अभियान का किया ऐलान

**छत्रपति संभाजीनगर।** महाराष्ट्र के छत्रपति संभाजीनगर में सीजेपी की कोर टीम की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई, जिसके बाद संगठन के संस्थापक अभिजीत दीपके ने देश में बढ़ती बेरोजगारी के खिलाफ मोर्चा खोलते हुए इसे एक देशव्यापी मुद्दा बनाने का बड़ा ऐलान किया है। उन्होंने जोर देकर कहा कि जंतर-मंतर पर हुए विरोध प्रदर्शन में छात्रों के साथ-साथ जिस बड़ी संख्या में बेरोजगार युवाओं ने हिस्सा लिया, उसने इस समस्या की गंभीरता को पूरी तरह उजागर कर दिया है। दीपके के अनुसार, देश में विकराल रूप लेती बेरोजगारी अब किसी एक व्यक्ति की निजी समस्या नहीं रही, बल्कि यह पूरे राष्ट्र के लिए गंभीर चिंता का विषय बन चुकी है। अभिजीत दीपके ने स्पष्ट किया कि हाल ही में जंतर-मंतर पर हुए प्रदर्शन ने यह संदेश दे दिया है कि रोजगार की मांग केवल छात्रों तक सीमित नहीं है, बल्कि यह समाज के हर वर्ग के युवा को प्रभावित कर रही है। इसी को ध्यान में रखते हुए उखढ ने इस मुद्दे को देश के हर राज्य और हर जिले तक पहुंचाने का फैसला किया है। इस उद्देश्य की पूर्ति के लिए संगठन की ओर से विभिन्न स्थानों पर बैठकें, जनसंवाद, युवा सम्मेलन और जनजागरण अभियान चलाए जाएंगे। उनका मानना है कि जब तक इस ज्वलंत मुद्दे पर सरकार के खिलाफ व्यापक जनदबाव नहीं बनाया जाएगा, तब तक इसका ठोस समाधान निकलना बहुत कठिन होगा। देश के युवाओं से आह्वान करते हुए अभिजीत दीपके ने कहा कि उन्हें अपने अधिकारों और रोजगार के हक के लिए शांतिपूर्ण व लोकतांत्रिक तरीके से एकजुट होना होगा। उन्होंने कहा कि राष्ट्र निर्माण और देश के विकास में युवा रीढ़ की हड्डी समान हैं, इसलिए उन्हें रोजगार के अवसर उपलब्ध कराना सरकार की सबसे पहली और मुख्य जिम्मेदारी होनी चाहिए। उन्होंने पूरा विश्वास जताया कि यदि देश का युवा वर्ग संगठित होकर अपनी आवाज बुलंद करेगा, तो सरकार को विवश होकर बेरोजगारी को राष्ट्रीय नीति निर्माण के केंद्र में लाना ही होगा।

### आतंकवादी मो0 लतीफ भट के खिलाफ कश्मीर में लगाये गये पोस्टर, एलजी बोले- पूरे आतंकी नेटवर्क को करेंगे ध्वस्त




**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर में आतंकवाद के खिलाफ सुरक्षा एजेंसियों का अभियान लगातार और अधिक आक्रामक होता जा रहा है। एक ओर अनंतनाग में पुलिसकर्मी की हत्या के मुख्य आरोपी लश्कर-ए-तैयबा के आतंकवादी मोहम्मद लतीफ भट पर 15 लाख रुपये का इनाम घोषित किया गया है, वहीं दूसरी ओर आतंकियों के मददगारों पर भी शिकंजा कसते हुए बारामूला और पुलवामा में दो ओवरग्राउंड वर्कर्स को गिरफ्तार किया गया है। इसी बीच उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने स्पष्ट संदेश दिया है कि जम्मू-कश्मीर प्रशासन आतंकवादी नेटवर्क को पूरी तरह ध्वस्त करने और उसके हर मददगार को कानून के दायरे में लाने के लिए प्रतिबद्ध है। हम आपको बता दें कि जम्मू-कश्मीर पुलिस ने अनंतनाग जिले में 22 जुलाई को हेड कांस्टेबल आशिक हुसैन की दिनदहाड़े हत्या के आरोपी 22 वर्षीय मोहम्मद लतीफ भट की गिरफ्तारी में मदद करने वाली सूचना देने वाले के लिए 15 लाख रुपये के इनाम की घोषणा की है। कुलगाम निवासी भट पर आरोप है कि उसने अनंतनाग के लाल चौक स्थित भीड़भाड़ वाले बाजार में बेहद नजदीक से पुलिसकर्मी को गोली मार दी थी। इस सनसनीखेज वारदात के बाद सुरक्षा एजेंसियों ने सीसीटीवी फुटेज से उसकी तस्वीरें जारी कर पूरे कश्मीर में प्रमुख स्थानों पर पोस्टर लगाए हैं और लोगों से विश्वसनीय सूचना देने की अपील की है। यह घटना ऐसे समय हुई है जब घाटी में आतंकियों द्वारा नागरिकों और सुरक्षा बलों को निशाना बनाने की घटनाओं पर सुरक्षा एजेंसियां लगातार कड़ी कार्रवाई कर रही हैं। हाल ही में कुलगाम जिले में आतंकवादियों ने छत्तीसगढ़ के दो प्रवासी मजदूरों की भी गोली मारकर हत्या कर दी थी, जिसके बाद आतंकियों और उनके नेटवर्क के खिलाफ अभियान और तेज कर दिया गया।

### आसाराम को नहीं मिली जमानत, सुप्रीम कोर्ट ने ट्रेंड केयरटेकर रखने की इजाजत दी

**नयी दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को स्वयंभू बाबा आसाराम को अंतरिम जमानत देने से इनकार कर दिया. 2013 में एक नाबालिग लड़की के यौन उत्पीड़न के मामले में आसाराम आजीवन कारावास की सजा काट रहा है. हालांकि, कोर्ट ने उसे 24 घंटे मदद के लिए अपनी पसंद का एक ट्रेंड केयरटेकर रखने की इजाजत दे दी है. जस्टिस एमएम सुंदरेश और जस्टिस पीबी वराले की पीठ ने आसाराम की याचिका, जिसमें स्वास्थ्य के आधार पर अंतरिम जमानत मांगी गई थी, को लंबित रखा और तबीयत बिगड़ने पर मामले का उल्लेख करने की छूट दी. सुनवाई के दौरान सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने कहा कि आसाराम ने कोर्ट से यह बात छिपाई कि उसके वकील ने पैरोल के लिए अर्जी दी है. आसाराम के वकील ने कहा कि पैरोल अर्जी बहुत पहले दी गई थी और स्वास्थ्य कारणों से इसे मंजूर नहीं किया गया था. अगस्त महीने की शुरूआत में, अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान ने सुप्रीम कोर्ट को सूचित किया कि आसाराम को बीमारियों के लिए अस्पताल में भर्ती होने की आवश्यकता नहीं है, हालांकि उसे चौबीसों घंटे मदद की आवश्यकता है. पीठ ने रिपोर्ट देखने के बाद कहा था कि वह 6 अगस्त को आसाराम की मेडिकल आधार पर जमानत याचिका पर सुनवाई करेगी.



# आज ज़ी सिनेमा पर 'मावीरन' का वर्ल्ड टेलीविजन प्रीमियर...

**मुंबई।** ज़ी सिनेमा पर अभिनेता शिवकार्तिकेयन अभिनीत सुपरहिट एक्शन-फैंटेसी फिल्म मावीरन का वल्र्ड टेलीविजन प्रीमियर आज 12 जुलाई को रात आठ बजे होगा। निर्माताओं ने बताया कि निर्देशक मैडोना अश्विन की फिल्म मावीरन एक्शन, कॉमेडी, फैंटेसी और भावनाओं का अनूठा संगम है। फिल्म की कहानी सत्या नामक एक कार्टूनिस्ट के इर्द-गिर्द घूमती है, जो टकराव से बचने वाला साधारण युवक है। एक हादसे के बाद उसे एक रहस्यमयी आवाज़ सुनाई देने लगती है, जो उसके जीवन की दिशा बदल देती है। इसके बाद वह अपने भीतर छिपे साहस को पहचानते हुए एक भ्रष्ट नेता के खिलाफ बेबस लोगों के लिए न्याय की लड़ाई लड़ता है।

लाइफ Style

# प्रियंका

## 'द साइकिल ऑफ लव' का ट्रेलर जारी

प्रियंका चोपड़ा ने अपनी डॉक्यूमेंट्री फिल्म 'द साइकिल ऑफ लव' का ट्रेलर जारी किया है। वह फिल्म से बतौर कार्यकारी निर्माता जुड़ी हैं, जबकि इसका निर्देशन ऑरलैंडो वॉन आइन्सीडेल ने किया है।

प्रियंका चोपड़ा ने अपनी डॉक्यूमेंट्री फिल्म 'द साइकिल ऑफ लव' का ट्रेलर जारी किया है। वह फिल्म से बतौर कार्यकारी निर्माता जुड़ी हैं, जबकि इसका निर्देशन ऑरलैंडो वॉन आइन्सीडेल ने किया है। इसकी कहानी 1970 के दशक में घटित दिल्ली के रहने वाले 23 वर्षीय कलाकार पीके महानंदिया पर आधारित है, जो सच्चे प्यार की तलाश में भारत से स्वीडन तक 6,000 मील की यात्रा पर साइकिल से निकले थे। ये सेकंड-हैंड साइकिल उन्होंने अपनी पेंटिंग्स बेचकर खरीदी थी। प्रियंका ने लिखा, 'जब मैंने पहली बार उस यात्रा की कहानी सुनी पीके महालंदिया प्यार के लिए महाद्वीपों की साइकिल यात्रा की कहानी सुनकर मैं दंग रह गई। ये उन दुर्लभ, अविश्वसनीय सच्ची कहानियों में से एक है जो लंबे समय तक आपके मन में रहती है।' उन्होंने निर्देशक का आभार जताते हुए लिखा, 'ये फिल्म आशा और अपने दिल की बात मानने के साहस की एक गहरी मानवीय कहानी है। मुझे आपके साथ ट्रेलर साझा करके खुशी हो रही है।' अभिनेत्री ने आगे लिखा, 'फिल्म 28 अगस्त को अमेरिका और 18 सितंबर को ब्रिटेन में रिलीज होगी। जल्द अन्य अंतरराष्ट्रीय रिलीज तारीखों की घोषणा होगी।




हॉलीवुड मसाला



# शादी के बाद पहली बार दिखे

**लॉस एंजिल्स।** कैलिफोर्निया में जुजू स्मिथ-शस्टर की शादी हुई, जहां टेलर स्विफ्ट और ट्रैविस केल्सी शादी के बाद पहली बार पति-पत्नी के रूप में एक साथ किसी बड़े कार्यक्रम में शामिल हुए। इस दौरान टेलर स्विफ्ट गुलाबी फूलों वाले एक बेहद खूबसूरत बॉल गाउन में नजर आईं, जिसने सबका ध्यान खींचा। वहां टेलर स्विफ्ट ने अपनी शादी की अंगूठी भी दिखाई, वहीं ट्रैविस केल्सी क्लासिक ग्रे सूट में काफी हैंडसम लग रहे थे। इसी महीने की शुरुआत में शादी के बंधन में बंधने के बाद ये इस नई शादीशुदा जोड़ी की पहली बड़ी सार्वजनिक उपस्थिति थी।




# 'ड्यूनः पार्ट 3' का धमाकेदार ट्रेलर जारी

**लॉस एंजिल्स।** हॉलीवुड की बहुप्रतीक्षित फिल्म 'ड्यूनः पार्ट 3' इस साल बॉक्स ऑफिस पर तबाही मचाने के लिए तैयार है। डेनिस विलेन्यूव द्वारा निर्देशित फिल्म से टिमोथी चालमेट, जेंडाया और रॉबर्ट पैटिनसन की पहली आधिकारिक झलक पहले ही जारी हो चुकी थी। अब निर्माताओं ने फिल्म का धमाकेदार ट्रेलर जारी कर दिया है, जो ब्रह्मांड के सबसे खूंखार युद्ध का संकेत देता है। साइंस-फिक्शन से भरपूर यह इस फ्रैंचाइजी की तीसरी और आखिरी कड़ी है, जिसमें दमदार वीएफएक्स शामिल है। 'ड्यूनः पार्ट 3' की कहानी 17 साल आगे से शुरू होती है। इस बार पॉल एट्रीडेस (टिमोथी) के सामने रूप बदलने वाला खलनायक स्काइटेल (रॉबर्ट) खड़ा है। वह उसके साम्राज्य ध्वस्त करना चाहता है। उधर, पॉल और चानी (जेंडाया) के रिश्ते में दूरियां आ चुकी हैं।



# 'गोलमाल 5' में धमाल मचाएंगी प्रियामणि

**मुंबई।** रोहित शेट्टी एक बार फिर 'गोलमाल' फ्रैंचाइजी की दुनिया में कदम रख चुके हैं। इस सुपरहिट फिल्म की 5वीं किस्त के साथ अजय देवगन और उनकी पूरी पलटन लौटने के लिए तैयार है। काफी समय से चर्चा थी कि इस बार निर्माता फिल्म में महिला अभिनेत्री को शामिल नहीं करेंगे और यह पूरी तरह से पुरुष प्रधान फिल्म होगी। अब फिल्म पर आई हालिया जानकारी पिछले दावे से पूरी तरह उलट है, क्योंकि एक अभिनेत्री इसमें शामिल हो गई हैं। रिपोर्ट के अनुसार, 'गोलमाल 5' से अभिनेत्री प्रियामणि का नाम जुड़ चुका है। 'फैमिली मैन' और 'आर्टिकल 370' जैसी फिल्मों व सीरीज से चर्चा बटोरने वालीं अभिनेत्री फिल्म में एक नकारात्मक किरदार निभाती हुई दिखाई देंगी।



# रामायण का ट्रेलर 24 को होगा रिलीज

**मुंबई।** निर्माता नमित मल्होत्रा की बहुप्रतीक्षित फिल्म रामायणम का ट्रेलर 24 जुलाई को दुनिया भर में रिलीज किया जाएगा। मेकर्स ने सोशल मीडिया के माध्यम से इसकी आधिकारिक घोषणा करते हुए कहा कि फिल्म का ट्रेलर वैश्विक स्तर पर एक साथ प्रीमियर होगा। फिल्म का निर्देशन नितेश तिवारी ने किया है। इसमें रणबीर कपूर भगवान राम, साई पल्लवी सीता, यश रावण, सनी देओल हनुमान और रवि दुबे लक्ष्मण की भूमिका में नजर आएंगे। इसका पहला भाग दिवाली 2026 और दूसरा भाग दिवाली, 2027 में सिनेमाघरों में प्रदर्शित किया जाएगा। मेकर्स के अनुसार, दो भागों में बनाई जा रही इस महागाथा का उद्देश्य भारत के सबसे प्रतिष्ठित महाकाव्यों में से एक रामायण को भव्य सिनेमाई प्रस्तुति, भावनात्मक गहराई और अत्याधुनिक विजुअल इफेक्ट्स के साथ वैश्विक दर्शकों तक पहुंचाना है।

टीवी मसाला

# जेब खर्च के खातिर किया छोटा-मोटा काम, 'स्प्लिट्सविला' ने चमका दी किस्मत

**नई दिल्ली।** एक्टर पारस छाबड़ा ने टीवी की दुनिया में अपनी एक अलग पहचान बनाई है। आज भले ही वे बड़ा नाम बन चुके हैं, लेकिन उनकी किस्मत का सितारा चमका था साल 2012 में आए शो 'स्प्लिट्सविला 5' से।



शो ने दिल्ली के लड़के को देखते ही देखते घर-घर में मशहूर कर दिया। पारस छाबड़ा ने न सिर्फ शो में अपना जलवा बिखेरा, बल्कि आकांक्षा पोपली के साथ मिलकर सीजन की ट्रॉफी भी अपने नाम की थी। एक जीत ने उनके लिए ग्लैमर वर्ल्ड के सारे दरवाजे हमेशा के लिए खोल दिए। पारस का बचपन सामान्य नहीं था। उन्होंने बहुत छोटी उम्र में ही अपने पिता को खो दिया था। उनकी मां रूबी छाबड़ा ने अकेले ही बेहद मुश्किल हालातों में उनकी परवरिश की। मां के इसी स्ट्रगल को देखकर पारस के अंदर भी कुछ बड़ा करने की जिद पैदा हुई।

# राजकुमार राव की कई फिल्में बॉक्स ऑफिस पर धमाल मचाने तैयार...

**मुंबई।** अभिनेता राजकुमार राव के अभिनेय के लोग दीवाने हैं। अब वह एक बार फिर कई बड़े प्रोजेक्ट्स के साथ बड़े पर्दे पर धमाल मचाने के लिए तैयार हैं। उनकी करीब 6 आगामी फिल्में चर्चा में हैं, जिनमें से 2 इसी साल रिलीज होंगी, जबकि 4 फिल्में 2027 में सिनेमाघरों में दस्तक देंगी। फैंस के बीच उनकी आने वाली फिल्मों को लेकर जबरदस्त उत्साह है। ऐसे में आइए देखते हैं राजकुमार की आने वाली फिल्मों की पूरी सूची।

***'प्रहार- द उज्ज्वल निकम स्टोरी' और 'रफ्तार'***: कोर्टरूम ड्रामा फिल्म 'प्रहार- द उज्ज्वल निकम स्टोरी' इस साल 7 अगस्त को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। इस फिल्म में राजकुमार के साथ-साथ वमिका गब्बी, जयदीप अहलावत और सिकंदर खेर भी मुख्य किरदार में हैं। राजकुमार की थ्रिलर फिल्म 'रफ्तार' इसी साल 16 अक्टूबर को रिलीज होगी। इस फिल्म में राजकुमार के साथ कीर्ति सुरेश, अनुराग ठाकुर, रोहन वर्मा, तान्या मानिकतला और रजत कपूर मुख्य भूमिका में हैं।



***'दादा- द सौरव गांगुली स्टोरी' और 'भेड़िया 2'*** : भारतीय क्रिकेटर सौरव गांगुली की बायोपिक फिल्म 'दादा- द सौरव गांगुली स्टोरी' 14 मई, 2027 में रिलीज होगी। विक्रमादित्य मोटवानी के निर्देशन में बनी इस फिल्म में राजकुमार मुख्य किरदार में दिखाई देंगे। मैडॉक हॉरर कॉमेडी यूनिवर्स की फिल्म 'भेड़िया 2' साल 2027 तक रिलीज हो सकती है। इस फिल्म में वरुण धवन मुख्य किरदार में नजर आएंगे। वहीं राजकुमार एक कैमियो भूमिका में दिखाई देंगे।

***'स्त्री 3' और 'छोटी स्त्री'*** : हॉरर-कॉमेडी फिल्म 'स्त्री' के दोनों पार्ट के हिट होने के बाद अब निर्माता इसका तीसरा पार्ट बनाने जा रहे हैं। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, यह फिल्म 2027 में रिलीज होने वाली है। इस फिल्म में राजकुमार और श्रद्धा कपूर साथ नजर आएंगे। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, एनिमेटेड स्पिन-ऑफ फिल्म 'छोटी स्त्री' आने वाली है। इस फिल्म में राजुकार और श्रद्धा नजर आ सकते हैं। हालांकि, मेकर्स ने इसका इसकी रिलीज की तारीख और कास्ट का खुलासा नहीं किया है।

# सनी देओल की इन फिल्मों ने की थी खूब कमाई, जीत लिए थे सबके दिल

***मुंबई।** बॉलीवुड के दिग्गज अभिनेता सनी देओल अपनी दमदार अदाकारी और एक्शन फिल्मों के लिए मशहूर हैं। उनकी लीगल कोर्टरूम ड्रामा 'इक्का' अब नेटफ्लिक्स पर स्ट्रीम हो रही है। अगर आप इस फिल्म को देखने की योजना बना रहे हैं, तो उससे पहले सनी की उन सुपरहिट फिल्मों पर भी नजर डालिए, जिन्होंने बॉक्स ऑफिस पर शानदार प्रदर्शन किया और करोड़ों की कमाई कर दर्शकों का दिल जीत लिया था।*

## 'गदर 2' और 'गदरः एक प्रेम कथा'

सनी की सबसे कमाऊ फिल्मों की सूची में सबसे पहला नाम 'गदर 2' का है, जो 2023 में रिलीज हुई थी। इस फिल्म ने 686 करोड़ रुपये की जबरदस्त कमाई की थी। इस फिल्म में सनी के साथ-साथ अमीषा पटेल भी मुख्य भूमिका में थीं। 'गदरः एक प्रेम कथा' का नाम इस सूची में दूसरे नंबर पर है। ये साल 2001 में रिलीज हुई थी। इसने उस समय दुनियाभर में 132.6 करोड़ रुपये की कमाई की थी।




## 'जाट' और 'यमला पगला दीवाना'

एक्शन-ड्रामा फिल्म 'जाट' साल 2025 में रिलीज हुई थी। इस फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर कुल 126 करोड़ की कमाई की थी। फिल्म में सनी के अलावा रणदीप हुड्डा भी मुख्य भूमिका में थे। कॉमेडी फिल्म 'यमला पगला दीवाना' 2011 में रिलीज हुई थी। इस फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर 88.55 करोड़ रुपये की कमाई की थी। इस फिल्म में सनी के साथ-साथ उनके दिवंगत पिता धर्मेंद्र और बॉबी देओल भी थे।

## 'बॉर्डर'

निर्देशक जेपी दत्ता के निर्देशन में बनी फिल्म 'बॉर्डर' (1997) भारतीय सिनेमा की सबसे बेहतरीन और ऐतिहासिक देशभक्ति फिल्मों में से एक है। यह फिल्म 1971 के भारत-पाकिस्तान युद्ध के दौरान हुई 'लोंगेवाला की लड़ाई' पर आधारित है। फिल्म में सनी देओल ने मेजर कुलदीप सिंह चांदपुरी का यादगार और दमदार किरदार निभाया था। उनके साथ सुनील शेट्टी, जैकी श्रॉफ और अक्षय खन्ना जैसे कलाकारों ने भी शानदार अभिनय किया। इसने 64.98 करोड़ रुपये की रिकॉर्डतोड़ कमाई की थी।




हिंदी दैनिक झारखण्ड उजाला के लिए प्रकाशक एवं स्वामित्व सचिन कुमार सिंह द्वारा मकान संख्या 01, सिंह मेंशन, शांति नगर, नियर हटिया टोंको ब्रिज, ओबरिया रोड, पोस्ट : हटिया, थाना : जगन्नाथपुर, जिला : रांची, झारखण्ड, पिन : 834003. से प्रकाशित एवं सचिन कुमार सिंह द्वारा शिवासाई पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, पता : काठीटांड, नियर टेंडर बगीचा, पोस्ट- रातू, थाना - रातू, जिला : रांची, झारखण्ड, पिन : 835222 से मुद्रित, संस्थापक : रत्नेश नारायण सिंह, संपादक : सचिन कुमार सिंह *(पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार), epaper.jharkhandujala.com, E-mail -jharkhandujala@gmail.com / hr.jharkhandujala@gmail.com / desk.jharkhandujala@gmail.com (M) +91 9431360101, (O) 0651-2290101, (fax) 0651-2290101.